


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 109 | सोमवार, 01 जून 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया




## एक नजर



### भूस्खलन के चलते लगी केदारनाथ यात्रा पर रोक

**केदारनाथ।** उत्तराखंड में पिछले कुछ दिनों से मौसम के बदले मिजाज ने चारधाम यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। लगातार हो रही भारी बारिश और जगह-जगह भूस्खलन के कारण प्रशासन को केदारनाथ यात्रा को अस्थायी रूप से रोकने का बड़ा फैसला लेना पड़ा है। मौसम विभाग ने राज्य में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसके बाद श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। रुद्रप्रयाग पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए केदारनाथ धाम की यात्रा को फिलहाल होल्ड पर रख दिया है। पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए लिखा कि "जनपद रुद्रप्रयाग में भारी बारिश के ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु केदारनाथ यात्रा को अस्थायी तौर पर रोका गया है। सभी यात्रियों से अपील है कि वे जहां हैं, वहीं सुरक्षित रहें और मौसम साफ होने का इंतजार करें।

### जून में पूरे 11 दिन बंद रहेंगे बैंक

**लखनऊ।** जून 2026 में 11 दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा। इन छुट्टियों में चार रविवार, दूसरा व चौथा शनिवार और विभिन्न राज्यों के स्थानीय त्योहार शामिल हैं। हालांकि, बैंकों की शाखाएं बंद रहने के बावजूद ऑनलाइन डिजिटल बैंकिंग, गूगल पे, फोन पे, नेट बैंकिंग और एटीएम सेवाएं चौबीसों घंटे चालू रहेंगी। चूंकि कई छुट्टियां केवल विशेष राज्यों या शहरों तक ही सीमित होती हैं, इसलिए अपने शहर के अनुसार ही बैंक जाने की योजना बनाएं। किसी भी तरह की असुविधा से बचने के लिए पैसों का लेन-देन मोबाइल बैंकिंग या नेट बैंकिंग के जरिए घर बैठे आसानी से कर सकते हैं।

## 'भाजपा मारती तो नामोनिशान नहीं मिलता', अभिषेक बनर्जी के आरोपों पर दिलीप घोष का पलटवार

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में अभिषेक बनर्जी पर हुए कथित हमले को लेकर सियासत तेज हो गई है। अभिषेक बनर्जी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए, जिसके जवाब में भाजपा नेता दिलीप घोष ने तीखा बयान दिया। उन्होंने टीएमसी पर हिंसा की राजनीति करने का आरोप लगाया। वहीं कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। पश्चिम बंगाल की राजनीति में हिंसा और आरोप-प्रत्यारोप का दौर फिर तेज हो गया है।



तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी पर हुए कथित हमले को लेकर सियासी बयानबाजी चरम पर पहुंच गई। अभिषेक बनर्जी का आरोप है कि ये हमला भाजपा ने करवाया है। इस बीच भाजपा नेता दिलीप घोष ने अभिषेक बनर्जी के आरोपों पर बेहद आक्रामक प्रतिक्रिया दी है। दिलीप घोष ने कहा कि अभिषेक बनर्जी भाजरा पर हमला करवाने और उन्हें खत्म करने का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन अगर भाजपा वास्तव में ऐसा करना चाहती तो 15 दिन नहीं लगते। टीएमसी का नामोनिशान नहीं मिलता। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी सत्ता में आने के बाद भी कानून व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कर रही है और पार्टी किसी को कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं देगी। दिलीप घोष ने अपने बयान में टीएमसी पर राजनीतिक हिंसा का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 15 वर्षों में राज्य में 40 हजार लोगों की हत्या हुई है। उन्होंने दावा किया कि जनता ने टीएमसी शासन के दौरान हिंसा झेली है। अब लोग जवाब चाहते हैं।

## उपराष्ट्रपति ने किया आगाह: 'सकारात्मक खबरों को नजरअंदाज किया गया तो कॉकरोच का अनुसरण कर सकते हैं युवा'

एजेंसी

**कोट्टयम (केरल)।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि अगर मीडिया में सकारात्मक खबरों को पर्याप्त जगह नहीं मिलेगी, तो युवा 'कॉकरोच' का अनुसरण कर सकते हैं। उनका इशारा कॉकरोच जनता पार्टी की ओर था, जो एक व्यंग्य प्लेटफॉर्म है। उन्होंने रचनात्मक पत्रकारिता को समाज और युवाओं को सही दिशा देने के लिए जरूरी बताया।

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि अगर समाज में सकारात्मक खबरें और उपलब्धियों को ठीक से नहीं दिखाया गया, तो युवा 'कॉकरोच' जैसे तत्वों का



अनुसरण करने लगेंगे। यह टिप्पणी उन्होंने एक व्यंग्यात्मक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'कॉकरोच जनता पार्टी' के संदर्भ में अप्रत्यक्ष रूप से कही।

उन्होंने कहा, रचनात्मक पत्रकारिता समाज को सही दिशा देने और लोगों का भरोसा मजबूत करने के लिए जरूरी है। उपराष्ट्रपति एक मलयालम अखबार के 140 साल पूरे होने के समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, सकारात्मक घटनाओं को मीडिया में ज्यादा जगह मिलनी चाहिए, ताकि युवाओं को सही जानकारी और अच्छे रोल मॉडल मिल सकें।

उन्होंने कहा, सकारात्मक गतिविधियों को अच्छे तरीके से दिखाना चाहिए। तभी युवाओं को सही जानकारी मिलेगी। नहीं तो वे रुचि खो देंगे और 'कॉकरोच' जैसे तत्वों के पीछे चल पड़ेंगे। उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि वह अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ नहीं हैं। हालांकि उन्होंने इस बात पर सवाल उठाया कि कई बार ऐसे मुद्दों को ज्यादा अहमियत दी जाती है, जो लंबे समय तक प्रासंगिक भी नहीं रहते।

# होर्मुज में ईरानी जहाज पर यूएस नेवी का हमला, दागी मिसाइल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी सेना ने खाड़ी क्षेत्र में तनाव के बीच एक बड़ा कदम उठाया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENTCOM) ने जानकारी दी कि उसने ईरान के बंदरगाह की तरफ बढ़ रहे गाम्बिया के ध्वज वाले एक मालवाहक जहाज पर मिसाइल हमला कर डिसेबल कर दिया है। यह कार्रवाई तब की गई जब जहाज के चालक दल ने अमेरिकी सेना की कई चेतावनियों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया।



अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, यह घटना 29 मई को हुई। 'एम/वी लियान स्टार' नाम के इस जहाजी बेड़े को रोकने के लिए अमेरिकी वायुसेना के एक लड़ाकू विमान ने सीधे उसके इंजन रूम को निशाना बनाकर 'हेलफायर मिसाइल' दागी। इस हमले के बाद जहाज बीच समुद्र में ही ठप पड़ गया और आगे बढ़ने के काबिल नहीं रहा। CENTCOM ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि 'एम/वी लियान स्टार' को रोकने के लिए एक के बाद एक 20 से अधिक मौखिक और रेडियो चेतावनियां दी गई थीं। जब जहाज के चालक दल ने अमेरिकी सेना के निर्देशों का पालन करने से साफ इनकार कर दिया, तब जाकर बल प्रयोग का फैसला लिया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने अपने बयान में कहा, "लियान स्टार के चालक दल की ओर से नियमों का पालन न करने के बाद, एक अमेरिकी विमान ने जहाज के इंजन रूम में हेलफायर मिसाइल दागकर उसे ठप कर दिया। अब यह जहाज ईरान की ओर नहीं बढ़ रहा है।" हालांकि, इस मिसाइल हमले में जहाज पर सवार चालक दल का कोई सदस्य घायल हुआ है या नहीं, CENTCOM ने अपने बयान में इसकी कोई जानकारी नहीं दी है। यह कोई अकेली घटना नहीं है, बल्कि अमेरिका की ओर से ईरान पर लगाए गए कड़े प्रतिबंधों और नाकेबंदी को लागू करने का हिस्सा है। ईरान के साथ मौजूदा संघर्ष विराम के बीच नियमों को कड़ाई से लागू किया जा रहा है। अमेरिकी सेना इस क्षेत्र से गुजरने वाले हर संदिग्ध जहाज पर पैनी नजर रख रही है। CENTCOM के आंकड़ों के मुताबिक, इस पूरी नाकेबंदी को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अमेरिकी सेना ने अब तक कुल 5 कमर्शियल जहाजों को इसी तरह डिसेबल कर चुके हैं। इसके अलावा, 116 अन्य जहाजों को रोककर उनका रास्ता बदलने पर मजबूर किया गया है ताकि वे ईरानी बंदरगाहों तक न पहुंच सकें।

## तीस्ता नदी विवाद: भारत के साथ संबंधों की परीक्षा चीन के पाले में जाने की तैयारी में बांग्लादेश

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान चीन का दौरा करने वाले हैं। यह बतौर प्रधानमंत्री उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। ऐसे में तीस्ता नदी विवाद एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। बांग्लादेश लंबे समय से इस नदी परियोजना पर भारत से मदद मांगता रहा है, लेकिन अब अचानक अपना रुख चीन की ओर किया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने कुछ दिनों पहले अपनी बीजिंग यात्रा के दौरान तीस्ता नदी परियोजना में चीन से मदद मांगी थी। अब बांग्लादेश ने औपचारिक रूप से चीन से तीस्ता नदी बहाली परियोजना में मदद करने का अनुरोध किया है। आशंका जताई जा रही है कि बांग्लादेश के इस कदम से भारत के साथ संबंधों में तनाव बढ़ सकता है।




बांग्लादेश की तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन और पुनर्स्थापना परियोजना (TRCMRP) एक प्रमुख ढांचागत और वाटर मैनेजमेंट पहल है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य बाढ़ नियंत्रण, सूखे के दौरान पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना और तीस्ता बेसिन का मैनेजमेंट करना है। इस परियोजना की लागत 1 अरब डॉलर आंकी गई है। परियोजना के अंतर्गत 102 किलोमीटर लंबी नदी की खुदाई की जाएगी जिससे पानी के बहाव को सुनिश्चित होगा। तीस्ता नदी सिक्किम में हिमालय से निकलती है, पश्चिम बंगाल से होकर गुजरती है और बांग्लादेश में ब्रह्मपुत्र (जमुना) नदी में मिल जाती है। दरअसल, भारत और बांग्लादेश में तीस्ता नदी के सूखे मौसम में पानी के बंटवारे को लेकर दशकों पुराना विवाद है। बांग्लादेश शुष्क मौसम में तीस्ता के पानी का 50% हिस्सा मांगता है। 2011 के एक मसौदे के अनुसार भारत द्वारा 42.5% और बांग्लादेश को 37.5% पानी देने का प्रस्ताव था। भारतीय संविधान के अनुसार, जल संसाधन राज्य का विषय है। इस कारण पश्चिम बंगाल सरकार अपने किसानों की सिंचाई की जरूरतों का हवाला देकर तीस्ता जल संधि का विरोध करती रही है। हालांकि, अब पश्चिम बंगाल में सरकार बदल चुकी है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि तीस्ता नदी पर भारत और बांग्लादेश में समझौता हो सकता है।

## दिल्ली में साकेत मेट्रो स्टेशन के पास ढही तीन मंजिला इमारत, चार लोगों की मौत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में साकेत मेट्रो स्टेशन के पास तीन मंजिला व्यावसायिक इमारत ढहने की घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। यह जानकारी रविवार को एक अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि घटना में कई अन्य लोगों को बचाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सैदुलजाब क्षेत्र के वेस्टर्न मार्ग पर स्थित यह इमारत शनिवार शाम ढह गई थी। इस भवन में एक कोचिंग संस्थान, कैफे और कार्यालय संचालित हो रहे थे। घटना के समय इसकी ऊपरी मंजिल पर निर्माण कार्य किया जा रहा था।

दक्षिणी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अनंत मित्तल ने एक न्यूज एजेंसी से कहा, "इस घटना में कुल चार लोगों की मौत हुई है। बचाव अभियान जारी है।" पुलिस के अनुसार, इमारत पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गई और इसका मलबा पास स्थित टीन शेड वाली एक



कैंटीन पर भी गिरा, जहां मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अक्सर आते-जाते थे। सभी घायलों को उपचार के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया।

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस), दिल्ली जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए), दिल्ली पुलिस और स्थानीय स्वयंसेवकों की संयुक्त टीमों ने पूरी रात बचाव अभियान चलाया। मलबे में फंसे लोगों की तलाश के लिए बचाव दल ने भारी मशीनों, हाइड्रोलिक कटर, पीड़ितों का पता लगाने वाले कैमरों और खोजी कुत्तों की मदद ली। अधिकारियों ने बताया कि सभी फंसे हुए लोगों का पता लगाए जाने के बाद बचाव अभियान समाप्त कर दिया गया। इमारत ढहने के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। घटना की जांच के लिए अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है।

## केरल की दहलीज पर मानसून अगले 3-4 दिनों में होगी एंट्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देशभर में भीषण गर्मी के बीच दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है और अब केरल तट के बेहद करीब पहुंच चुका है। भारतीय मौसम विभाग के ताजा अपडेट के अनुसार अगले 3-4 दिनों के दौरान मानसून के दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व अरब सागर के और हिस्सों, लक्षद्वीप, केरल और तमिलनाडु के कुछ क्षेत्रों, साथ ही बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम, पश्चिम-मध्य, पूर्व-मध्य और उत्तर-पूर्वी हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून की उत्तरी सीमा फिलहाल अरब सागर से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक फैली हुई है, जो इसके लगातार आगे बढ़ने का संकेत है। केरल के दक्षिणी और मध्य इलाकों में मानसून पूर्व गतिविधियां तेज हो गई हैं। कई स्थानों पर बारिश, गरज-चमक और तेज हवाएं दर्ज की जा



रही हैं, जिससे मानसून की औपचारिक एंट्री की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। हालांकि, मानसून के आगमन को लेकर एक मिश्रित तस्वीर भी सामने आई है। तिरुवनंतपुरम में आईएमडी की निदेशक नीथा के. गोपाल के अनुसार इस बार जून महीने में केरल समेत देश के कई हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। अनुमान है कि मानसून की शुरुआत के बाद 10 जून के आसपास अच्छी बारिश हो सकती है, लेकिन उसके बाद बारिश की गतिविधियां कमजोर पड़ सकती हैं। ऐसे में जून का कुल वर्षा स्तर सामान्य से नीचे रहने की आशंका जताई गई है।

## सूर्या का 'कातिल' असद मुठभेड़ में ढेर

एजेंसी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में ईद उल अजहा पर युवक को चाकू से गोदकर हत्या करने का आरोपी रविवार की सुबह पुलिस मुठभेड़ में ढेर हो गया। पुलिस ने शव मेडिकल परीक्षण को भेज दिया है। डीसीपी ट्रांस हिंडन धवल जायसवाल ने बताया कि थाना खोड़ा इलाके में 28 मई को सूर्या चौहान नाम के युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। परिजनों की तहरीर के आधार पर पांच आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि मुख्य हत्यारोपी वंचित था और उसकी गिरफ्तारी पर कमिश्नरेट पुलिस ने 50 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था।

पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि असद अपने कुछ साथियों से मिलने थाना खोड़ा क्षेत्र में आने वाला है। उनसे कुछ पैसे लेकर वह बाहर भागने की फिराक में था। पुलिस पूरे क्षेत्र में लगातार कॉम्बिंग



एवं बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान वसुंधरा क्षेत्र में असद अपने एक साथी के साथ बाइक से आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया। असद ने पुलिस टीम को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में बाइक सवार असद पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने असद को मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ में थाना खोड़ा में तैनात एक सिपाही भी गोली लगने से घायल हो गया है। मुठभेड़ के दौरान असद का दूसरा साथी भागने में कामयाब रहा। असद से एक पिस्टल बरामद की गई है। सूर्या का मुख्य आरोपी से बाइक चलाने को लेकर झगड़ा हुआ था। पुलिस के अनुसार, झगड़ा बकरीद के दिन सुबह के समय ही हुआ था। पुलिस की शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, चाकू सूर्या के शरीर में करीब चार इंच तक घुसा था। पुलिस ने मामले को हत्या की धारा में तरमीम करते हुए मुख्यारोपी के पिता नबाव, उसके साथी आतिफ व फरहान को गिरफ्तार किया है। दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## खत्म हुआ इंतजार ! यूपी को मिला नया स्थायी डीजीपी

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने रविवार को राजीव कृष्ण को पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया, जो पिछले साल 31 मई से कार्यवाहक डीजीपी थे। उत्तर प्रदेश में चार साल के बाद पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति से जुड़ा आदेश गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद ने जारी किया।

मई 2022 में मुकुल गोयल को हटाए जाने के बाद से उत्तर प्रदेश में कोई पूर्णकालिक डीजीपी नहीं था। गोयल के बाद राज्य में कई कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक रहे जिनमें डी. एस. चौहान, आर. के. विश्वकर्मा, विजय कुमार, प्रशांत कुमार और कृष्ण शामिल हैं। वर्ष 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी गौतम बुद्ध नगर जिले के मूल निवासी हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम में स्नातक स्तर तक की पढ़ाई कर चुके कृष्ण ने अपने पेशेवर करियर की शुरुआत



राज्य पुलिस में प्रयागराज में एक प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी के तौर पर की थी, और बाद में उन्होंने बरेली, कानपुर और अलीगढ़ में अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवा दी। सूत्रों के मुताबिक कृष्ण ने फिरोजाबाद, आगरा, लखनऊ और मथुरा समेत विभिन्न जिलों में पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पदों पर भी काम किया है। उन्होंने बताया कि कृष्ण जून 2029 में सेवानिवृत्त होंगे।

प्रोत्साहन | ईशा फाउंडेशन का है विशेष योगदान

## पेड़ आधारित खेती से बढ़ रही किसानों की आय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ईशा फाउंडेशन ने नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में 'कावेरी कॉलिंग' अभियान की उपलब्धियों पर चर्चा हुई। अभियान किसानों को पेड़ आधारित खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, जिससे उनकी आय बढ़ रही है। वक्ताओं ने बताया कि यह पहल मिट्टी, जल और पर्यावरण संरक्षण में भी अहम योगदान दे रही है।

नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए जा रहे ईशा फाउंडेशन के कावेरी कॉलिंग अभियान की उपलब्धियों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर तमिलनाडु के सफल किसान वल्लुवन और अभियान के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आनंद एथिराजालु ने अपने अनुभव और विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि पेड़ आधारित खेती न केवल किसानों की आय बढ़ा रही



है, बल्कि मिट्टी, पानी और पर्यावरण के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। 'कावेरी कॉलिंग' एक अभूतपूर्व पर्यावरण-पुनर्स्थापन परियोजना है और दुनिया की सबसे बड़ी किसान-संचालित पारिस्थितिक पहल है, जिसमें कृषि क्षेत्रों के लिए एक 'गेम-चेंजर' (बड़ा बदलाव लाने वाला) साबित होने की अपार क्षमता है। 'कावेरी कॉलिंग' कर्नाटक और तमिलनाडु के किसानों को उनके निजी खेतों पर वृक्ष-आधारित कृषि (पेड़ों की खेती) अपनाने में मदद कर रहा है, जिससे उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। तमिलनाडु के कुड्डालोर में स्थित ईशा नर्सरी, सालाना उत्पादन क्षमता (8.5 मिलियन पौधे) और उगाई जाने वाली प्रजातियों की विविधता (54 प्रजातियां) के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी सिंगल-साइट नर्सरियों में से एक है।

### खेती में हो रहा है बदलाव

तमिलनाडु के किसान वल्लुवन ने बताया कि पहले वे केवल नारियल की खेती करते थे। इस एकल खेती प्रणाली में उन्हें कई बार आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा। मौसम की मार, उत्पादन में उतार-चढ़ाव और बढ़ती लागत के कारण खेती से पर्याप्त लाभ नहीं मिल रहा था। इसके बाद उन्होंने पेड़ आधारित और बहुफसली खेती को अपनाया, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव आया। उन्होंने बताया कि अब उनकी आय पहले की तुलना में लगभग छह गुना बढ़ चुकी है। खेती के इस नए मॉडल ने उन्हें स्थायी और नियमित आय का स्रोत उपलब्ध कराया है। इसी उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

## अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर सीएम योगी ने किया नमन

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 'लोकमाता' अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि उनके द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्य आज भी हमें सुशासन और लोकहित के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करते हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा, ''देशभर में मंदिरों, घाटों और धर्मस्थलों के पुनर्निर्माण तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से एक आदर्श शासन व्यवस्था का उदाहरण प्रस्तुत करने वाली 'लोकमाता' अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर कोटिश: नमन। उन्होंने कहा, ''प्रजा के हित को सर्वोपरि रखते हुए विकास, धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए उनके द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्य आज भी हमें सुशासन और लोकहित के मार्ग पर आगे बढ़ने की



प्रेरणा प्रदान करते हैं। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अहिल्याबाई को श्रद्धांजलि देते हुए 'एक्स' पर अपने एक पोस्ट में कहा, ''देश में न्यायप्रिय, धर्मनिरपेक्ष एवं लोक कल्याणकारी महान शासक के रूप में प्रसिद्ध अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर शत्-शत् नमन एवं अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित।

उन्होंने कहा, ''भारतीय इतिहास की महान शासक अहिल्याबाई होल्कर जी ने अपने आदर्शों, सेवा-भाव और जनहितकारी कार्यों से समाज को नयी दिशा प्रदान की।



## सच्ची और निष्पक्ष पत्रकारिता से मजबूत होता है लोकतंत्र: सागर

**बिल्सी।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शनिवार की शाम नगर पालिका परिषद सभागार में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष ज्ञानदेवी सागर एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश सागर ने नगर के पत्रकारों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की।

पालिकाध्यक्ष ज्ञानदेवी सागर ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है। उसका दायित्व केवल समाचारों का प्रसारण करना नहीं, बल्कि समाज और व्यवस्था की कमियों को उजागर कर आमजन की समस्याओं को जन-जन तक पहुंचाना भी है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, सटीक और सत्य जानकारी उपलब्ध कराना पत्रकारिता का मूल उद्देश्य है।

पूर्व पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश सागर ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, जो जनता और सरकार के बीच सेतु का कार्य करती है। पत्रकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रहरी हैं और नागरिकों को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## बायोमेट्रिक के शिकंजे में शुरू हुई बीएड प्रवेश परीक्षा

- 13 केंद्रों पर 5561 अभ्यर्थियों की अग्निपरीक्षा, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2026 रविवार को जिले में सख्त सुरक्षा घेरे और हाईटेक निगरानी के बीच शुरू हुई। परीक्षा केंद्रों के बाहर सुबह से ही अभ्यर्थियों की लंबी कतारें नजर आईं। बायोमेट्रिक सत्यापन, पहचान पत्रों की जांच और कड़ी तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्षों में प्रवेश दिया गया। प्रशासन ने साफ कर दिया कि इस बार नकल या फर्जीवाड़े की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सुबह आठ बजे से पहले ही शहर और देहात के परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की भीड़ जुटने लगी थी। रामभरोसे इंटर कॉलेज समेत कई केंद्रों पर लंबी कतारें देखने को मिलीं। हाथों में प्रवेश पत्र और पहचान पत्र लिए अभ्यर्थी अपनी बारी का इंतजार करते रहे। सुरक्षा जांच में समय लगने की आशंका को देखते हुए अधिकांश छात्र-छात्राएं निर्धारित समय से काफी पहले केंद्रों पर पहुंच गए।परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थियों की एंट्री रोकने के लिए हर केंद्र पर बायोमेट्रिक सत्यापन की व्यवस्था की गई थी। अंगूठे और पहचान के मिलान के बाद ही परीक्षार्थियों को अंदर जाने दिया गया। इसके अलावा प्रवेश द्वार पर सघन तलाशी अभियान भी चलाया गया। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, स्मार्ट वॉच और अन्य प्रतिबंधित सामग्री लेकर आने वालों पर विशेष नजर रखी गई। बीएड प्रवेश परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जा रही है। पहला प्रश्नपत्र सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरा प्रश्नपत्र दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिले के 13 केंद्रों पर कुल 5561 अभ्यर्थी परीक्षा दे रहे हैं। इनमें महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में छह, शहर क्षेत्र में तीन और फरीदपुर में चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

**करियर की जंग में झोंकी पूरी ताकत**

बीएड में प्रवेश का सपना लेकर पहुंचे अभ्यर्थियों के चेहरों पर उत्साह और तनाव दोनों दिखाई दिए। कई छात्र-छात्राएं परीक्षा शुरू होने से काफी पहले अपनी सीटों पर पहुंच गए। केंद्रों के बाहर अभिभावकों की भी भीड़ रही, जो परीक्षा समाप्त होने तक इंतजार करते नजर आए। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर विशेष निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। अधिकारियों की टीमें लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर रही हैं। प्रशासन का दावा है कि परीक्षा को पूरी तरह नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए इस बार सुरक्षा व्यवस्था पहले से कहीं अधिक मजबूत रखी गई है, ताकि मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों के साथ किसी प्रकार का अन्याय न हो सके।

# कैंसर के इलाज को दिल्ली गए, चोर 4 घंटे में 45 लाख का माल समेटकर फरार

### वारदात का पता चलते ही इलाके में फैली सनसनी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** एक तरफ पत्नी कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही थी, दूसरी तरफ परिवार इलाज की उम्मीद लेकर दिल्ली रवाना हुआ था। लेकिन पीछे से चोरों ने ऐसा वार किया कि पूरा परिवार सदमे में आ गया। इज्जतनगर थाना क्षेत्र की वैष्णो कुंज कॉलोनी में रविवार को दिनदहाड़े बदमाशों ने बंद पड़े मकान का पिछला दरवाजा तोड़कर करीब 45 लाख रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। वारदात का पता चलते ही इलाके में सनसनी फैल गई।

वैष्णो कुंज कॉलोनी निवासी व्यापारी प्रदीप कुमार सक्सेना रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे अपनी पत्नी मधु सक्सेना को कैंसर के इलाज के लिए दिल्ली लेकर गए थे। परिवार का पूरा ध्यान इलाज और अस्पताल की भागदौड़ पर था। बड़े बेटे अमन सेठ उन्हें सेटेलाइट बस अड्डे तक छोड़ने गए थे। इसी दौरान चोरों ने घर को अपना निशाना बना लिया। दोपहर करीब दो बजे जब अमन सेठ घर वापस लौटे तो मकान का पिछला दरवाजा टूटा देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। घर के अंदर का नजारा और भी चौंकाने वाला था। कमरों की अलमारियां खुली पड़ी थीं, सामान बिखरा हुआ था और जेवरात के खाली डिब्बे फर्श पर पड़े थे। चोर घर की सेफ और अलमारियों में रखे कीमती आभूषण व नकदी समेटकर फरार हो चुके थे।

#### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस, खुलासे का दावा

घटना की सूचना मिलते ही डायल-112, इज्जतनगर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि चोरों की पहचान के लिए कई बिंदुओं पर जांच चल रही है और जल्द ही वारदात का खुलासा किया जाएगा। दिनदहाड़े हुई इस दुस्साहसिक चोरी ने एक बार फिर शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिवार इलाज की जंग लड़ रहा था, लेकिन अब उसे इंसाफ की लड़ाई भी लड़नी पड़ रही है।

**चार घंटे में साफ कर दिया लाखों का खजाना**

परिवार के अनुसार चोर करीब 45 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर और नकदी लेकर फरार हुए हैं। जिस समय परिवार इलाज के लिए घर से बाहर था, उसी दौरान बदमाशों ने पूरी वारदात को अंजाम दिया। इससे यह आशंका भी जताई जा रही है कि चोरों को परिवार की गतिविधियों की पहले से जानकारी थी। परिवार पहले से ही मधु सक्सेना के कैंसर उपचार को लेकर मानसिक और आर्थिक दबाव में था। ऐसे समय में लाखों की चोरी ने उनकी मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। अमन सेठ असम के नवोदय विद्यालय में फिजिकल एजुकेशन शिक्षक हैं और इन दिनों छुट्टी पर घर आए हुए थे, जबकि छोटे बेटे अखंड सक्सेना ग्रेटर नोएडा में इंजीनियर हैं।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस
## पत्रकारिता की भूमिका पर हुई चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय




कार्यक्रम में बोलते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

**बहेड़ी।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर एपजा प्रेस क्लब की ओर से मोहल्ला शाहगढ़ में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के पत्रकारों, व्यापारियों, समाजसेवियों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान हिंदी पत्रकारिता के महत्व और समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारियों पर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहेड़ी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा रहे उन्होंने ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ हैं। निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता समाज को सही दिशा देने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की मेहनत और सजगता से आम जनता की समस्याएं प्रशासन तक पहुंचती हैं और उनका समाधान संभव हो पाता है।

वक्ताओं ने हिंदी पत्रकारिता के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारिता केवल समाचारों का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता और सकारात्मक बदलाव का सशक्त साधन है। उन्होंने पत्रकारों से सत्य और निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में मौजूद पत्रकारों, व्यापारियों और गणमान्य लोगों ने एक-दूसरे को हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं दीं। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया इस मौके पर, मोहम्मद शोएब, अब्दुल वाजिद, मुमताज अली, अयाज़ खान, मोहम्मद वसीम, फजलउर रहमान, रोशन लाल अरोरा,हेमंत ढंग, विशाल खान , शाहिद अंसारी, राजेश कश्यपअनोज गंगवार, सुरजीत गंगवार, शादाब मुनीम, सलीम रहवर, नदीम फैंसी, नवल किशोर, शादाब एसके, आदि मौजूद रहे।

## सिद्धि विनायक अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत पर बवाल

- बेटे की किलकारी के साथ बुझ गई मां की सांसें, डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** घर में पांच साल बाद बेटे के जन्म की खुशियां मनाने की तैयारी चल रही थी। दो बेटियों के बाद परिवार को जिस बेटे का इंतजार था, उसकी किलकारी गूंजते ही घर में जश्न का माहौल बन गया था। लेकिन कुछ ही घंटों बाद अस्पताल से आई दो खबरों ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया। पहले नवजात की मौत हुई और फिर मां ने भी दम तोड़ दिया। चौकी चौराहा स्थित सिद्धि विनायक अस्पताल में हुई इस घटना के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा हुआ।

सुभाषनगर के अनुपम नगर निवासी शिवम कश्यप ने बताया कि उनकी 24 वर्षीय पत्नी शशि को शुक्रवार को प्रसव पीड़ा होने पर सिद्धि विनायक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में शशि ने एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन कुछ ही देर बाद नवजात की हालत बिगड़ने लगी। आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को नजरअंदाज किया और समय रहते उचित इलाज नहीं दिया।

#### पांच साल की शादी, दो बेटियां, अब उजड़ गया परिवार

शिवम ने बताया कि उसका विवाह पांच वर्ष पहले बदायूं जिले के उझानी निवासी शशि से हुआ था। दंपती की दो छोटी बेटियां हैं, जिनकी उम्र महज दो वर्ष और एक वर्ष है। परिवार को बेटे के जन्म का इंतजार था, लेकिन अब दोनों बेटियों के सिर से मां का साया भी उठ गया और भाई भी दुनिया में आते ही चला गया। जच्चा-बच्चा की मौत की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में परिजन और स्थानीय लोग अस्पताल पहुंच गए। गुस्साए लोगों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। परिजनों का आरोप है कि यदि समय पर इलाज और निगरानी की जाती तो मां और बेटे दोनों की जान बच सकती थी। घटना के बाद अस्पताल में तनाव का माहौल बना रहा। वहीं, परिजन पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

**पहले बेटे की मौत, फिर मां ने भी तोड़ा दम**

परिजनों का कहना है कि शनिवार देर रात नवजात बेटे की मौत हो गई। परिवार इस सदमे से उबर भी नहीं पाया था कि रविवार सुबह शशि ने भी दम तोड़ दिया। एक ही परिवार पर कुछ घंटों के भीतर दो मौतों का ऐसा पहाड़ टूटा कि घर में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिवम का कहना है कि अस्पताल प्रशासन ने पहले इलाज और अन्य मदों का पूरा बिल जमा कराया। इसके बाद उन्हें पत्नी की मौत की जानकारी दी गई। यह सुनते ही परिवार के लोगों के होश उड़ गए। आरोप है कि डॉक्टरों ने लगातार स्थिति को छिपाए रखा और मरीज की हालत को लेकर सही जानकारी नहीं दी।

## अंबियापुर वॉरियर को पांच विकेट से हराकर चैंपियन बना रॉयल किंग्स

- वसीम को चुना गया मैन ऑफ द मैच, संपन्न हुआ एपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिल्सी। अंबियापुर ब्लॉक परिसर मैदान पर चल रहे एपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में रॉयल किंग्स ने अंबियापुर वॉरियर को पांच विकेट से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। मैच में रॉयल किंग्स के गेंदबाजों ने पहले अंबियापुर वॉरियर की बल्लेबाजी को पूरी तरह से बिखेर दिया और इसके बाद बल्लेबाजों ने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर टीम को जीत दिलाई।

टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी अंबियापुर वॉरियर की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम के बल्लेबाज रॉयल किंग्स के गेंदबाजों के सामने खुलकर बल्लेबाजी नहीं कर सके और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। पूरी टीम 8.5 ओवर में मात्र 60 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से कृष ने 13 गेंदों में 15 रन बनाकर संघर्ष किया। दीपक ने 17 गेंदों में 13 रन बनाए, जबकि अभिषेक ठाकुर ने तेज बल्लेबाजी करते हुए पांच गेंदों में नौ रन का योगदान दिया। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में सफल नहीं हो सका। रॉयल किंग्स की ओर से गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन किया। मोज्जम ने घातक गेंदबाजी करते हुए तीन महत्वपूर्ण विकेट अपने नाम किए। फर्दीन और समीर ने भी दो-दो विकेट लेकर अंबियापुर वॉरियर की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी।

61 रन के आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल किंग्स की टीम ने शुरुआत से ही सकारात्मक बल्लेबाजी की। हालांकि टीम ने दो विकेट जल्दी गंवाए, लेकिन इसके बाद वसीम और मुदित ने पारी को संभालते हुए विपक्षी गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। दोनों बल्लेबाजों ने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन मिश्रण दिखाते हुए टीम को जीत की मंजिल तक पहुंचाया।

वसीम ने 21 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 32 रन बनाए और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं मुदित ने केवल 10 गेंदों में नाबाद 19 रन की तेजतर्रार पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों के बीच हुई अविजित साझेदारी ने अंबियापुर वॉरियर की वापसी की उम्मीदों को समाप्त कर दिया। रॉयल किंग्स ने 6.3 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 64 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबला पांच विकेट से अपने नाम कर लिया। अंबियापुर वॉरियर की ओर से जानी को एकमात्र विकेट मिला।

## गुधनी यज्ञ महोत्सव की पूर्णाहुति में उमड़ा जनसैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के यज्ञ तीर्थ गुधनी में आयोजित आर्य समाज के 112वें वार्षिक उत्सव एवं यज्ञ महोत्सव का रविवार को पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। पूर्णाहुति कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर राष्ट्र, समाज और विश्व कल्याण की कामना की। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्तियों, राजनेताओं एवं धर्मगुरुओं की उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने यज्ञ में आहुति अर्पित कर राष्ट्र के कल्याण की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि यज्ञ परिवार, समाज और राष्ट्र को जोड़ने का कार्य करता है तथा पर्यावरण संरक्षण में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि आचार्य संजीव रूप इस महायज्ञ के माध्यम से समाज निर्माण का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव ने आर्य समाज की डेढ़ सौ वर्षों से चली आ रही राष्ट्रसेवा की सराहना की।

यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य आनंद पुरुषार्थी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन भगवान का धन्यवाद, यज्ञ, माता-पिता की सेवा, विद्वानों का सम्मान और प्राणी मात्र से प्रेम करना चाहिए। पूर्व राज्य मंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल ने यज्ञ तीर्थ गुधनी को संस्कारों की पवित्र भूमि बताया। ललितेश्वरानंद महाराज ने कहा कि यज्ञ हमारी सनातन संस्कृति का प्राण है।

यज्ञ महोत्सव के निर्देशक आचार्य संजीव रूप ने श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए सामाजिक बुराइयों को त्यागने का संकल्प दिलाया। महोत्सव में कलकत्ता, पटना, दिल्ली, एटा, हाथरस, तिलहर, वजीरगंज, बदायूं, कासगंज, संभल, बहजोई, इस्लामनगर, बिल्सी, बेहटा गोसाई, बुलंदशहर और अलीगढ़ सहित विभिन्न स्थानों से आए 500 से अधिक श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से बदला मौसम का मिजाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिल्सी।** पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस के बाद शनिवार की शाम मौसम ने अचानक करवट ले ली। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दिलाई, वहीं नगर का जनजीवन कुछ समय के लिए अस्त-व्यस्त हो गया। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों ने राहत की सांस ली और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।

रविवार शाम अचानक आसमान में काले बादल छा गए। इसके बाद तेज हवाएं चलने लगीं और कुछ ही देर में बारिश शुरू हो गई। बारिश और ठंडी हवाओं के चलते मौसम पूरी तरह बदल गया। पिछले कई दिनों से झुलसाने वाली गर्मी और उमस से परेशान लोगों को काफी राहत मिली। घरों से बाहर निकले लोगों ने भी मौसम का आनंद लिया।

हालांकि तेज बारिश के कारण बाजारों और सड़कों पर आवाजाही प्रभावित रही। बारिश शुरू होते ही लोग दुकानों और घरों में शरण लेने को मजबूर हो गए। नगर की प्रमुख सड़कों पर कुछ समय के लिए सन्नाटा छा गया और सामान्य जनजीवन प्रभावित हो गया। कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

आंधी बारिश से किसानों के निजी नलकूपों पर टूटे हुए खंबों से बिजली व्यवस्था ठप, ठेकेदार द्वारा टेंडर के बावजूद किसानों को खुद करानी पड़ रही मरम्मत

सालारपुर। बीते दिन पहले आई तेज आंधी-बारिश से किसानों के निजी नलकूपों पर टूटे हुए खंबों से बिजली व्यवस्था ठप पड़ी हुई हैं। जहां बिजली विभाग ने ठेकेदार द्वारा टेंडर के बावजूद किसानों को खुद करानी पड़ रही मरम्मत।जो किसानों के ट्रांसफार्मर, तार और खंबें क्षतिग्रस्त हैं। निजी नलकूपों के किसानों ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया है।की फसलों की सिंचाई नहीं हो रही है। सदर तहसील क्षेत्र के गांवों का मामला सामने आया है। कुंडरा निवासी देशराज सिंह, और औरामई के किसान शेर सिंह पुत्र ज्वाला प्रसाद, एवं युसूफ नगर के किसान सुभाष चौहान, इन किसानों के निजी नलकूपों के बीते दिन पहले हाल में आई तेज आंधी और तूफान ने क्षेत्र के किसानों की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है।

विदाई | छह माह का प्रशिक्षण पूरा, एसएसपी ने किया सम्मानित

## सीख, सेवा की मिसाल बनीं आईपीएस अंजना दहिया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जनपदीय व्यवहारिक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी अंजना दहिया को रविवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित एक गरिमामय समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। एसएसपी अनुराग आर्य ने उन्हें बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और प्रशिक्षण अवधि के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों और अन्य पुलिसकर्मियों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं।

वर्ष 2024 बैच की आईपीएस अधिकारी अंजना दहिया को दिसंबर 2025 में बरेली में



सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) के रूप में तैनाती मिली थी। यह उनकी पहली फील्ड पोस्टिंग रही। प्रशिक्षण अवधि के दौरान उन्होंने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझते हुए कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। अधिकारियों ने उनके अनुशासन, व्यवहार और कार्य के प्रति समर्पण की सराहना की।

#### हरियाणा के रोहतक की रहने वाली हैं अंजना

मूल रूप से हरियाणा के रोहतक की रहने वाली अंजना dहिया ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण कर भारतीय पुलिस सेवा में स्थान प्राप्त किया। बरेली में प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने प्रशासनिक और फील्ड स्तर की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया और वरिष्ठ अधिकारियों का विश्वास हासिल किया। विदाई समारोह में एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा, एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा, एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान सहित जिले के सभी क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने अंजना दहिया को उनके आगामी दायित्वों के लिए शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**मीरगंज और प्रेमनगर में छोड़ी दमदार पुलिसिंग की छाप**

प्रशिक्षण अवधि के दौरान अंजना दहिया ने मीरगंज और बाद में प्रेमनगर थाना प्रभारी के रूप में भी जिम्मेदारी संभाली, वह वर्तमान में प्रेमनगर थाना प्रभारी के पद पर तैनात हैं। दोनों थाना क्षेत्रों में उन्होंने कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया। जनता के साथ संवाद बढ़ाने और पुलिस-जन सहयोग को मजबूत करने के लिए किए गए उनके प्रयासों की काफी सराहना हुई। संवेदनशील मामलों के प्रभावी निस्तारण और सक्रिय पुलिसिंग के कारण उन्होंने कम समय में ही एक सक्षम अधिकारी के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई।

**एसएसपी ने की कार्यों की सराहना**

विदाई समारोह को संबोधित करते हुए एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि अंजना दहिया ने प्रशिक्षण अवधि के दौरान पूरी लगन और प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया। उन्होंने पुलिसिंग के विभिन्न पहलुओं को गंभीरता से समझा और अपने कर्तव्यों का प्रभावी ढंग से निर्वहन किया। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी वह अपनी कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता के बल पर पुलिस सेवा में नई उपलब्धियां हासिल करेंगी।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर- 7906815587, 9758444242


# आजम खां और अब्दुल्ला से हटेगा प्रतिबंध, लड़ेंगे चुनाव:आसिम राजा

- **अलग प्लेटफार्म बनाकर चलने वाले पार्टी के हितैषी नहीं**

जागरण मोर्चा, कार्यालय



सपा कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में बोलते नगराध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

**रामपुर**। सपा के नगराध्यक्ष आसिम राजा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और महासचिव आजम खां द्वारा बनाए गएजिलाध्यक्ष और सपा संगठन के खिलाफ गलत बयानबाजी करने वाले और अलग प्लेट फार्म बनाकर चलने वाले पार्टी के हितैषी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमें न्यायालय पर पूरा भरोसा है कि आजम खां, अब्दुल्ला आजम पर लगा प्रतिबंध हटेगा। तथा वह खुद चुनाव लड़ेंगे।

शहर के मोहल्ला घेर मीर बाज खां टंकी नंबर 5 स्थित सपा कार्यालय पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए नगराध्यक्ष आसिम खां राजा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट है। एकजुट होकर चुनाव लड़ाएंगे। पार्टी विरोधी गतिविधियां करने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनको अनुशासनहीनता की कार्रवाई की चेतावनी देते हुए कहा कि संगठन के सारे फैसले सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और महासचिव आजम खां के फैसले को ही माना जाएगा। जल्द ही आजम खां से मिलने के लिए अखिलेश यादव रामपुर आएंगे। हमें न्यायपालिका पर भरोसा है कि आजम खां, अब्दुल्ला आजम पर लगा प्रतिबंध हटेगा। चुनाव आजम खां खुद ही लड़ेंगे। आसिम राजा ने कहा कि आजम खां के मात्र दो बेटे हैं कोई बेटी नहीं है। देश-प्रदेश की हर बेटी उनके बेटी के समान है। आजम खां का 50 साल का सियासी सफर है। उन्होंने पूरे जनपद में विकास कार्य कराएं है जोकि किसी से छिपा नहीं हैं। अंत में कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में 5 सीटों पर सपा का ही कब्जा होगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजय सागर, जिला महासचिव, जिला पंचायत सदस्य हरज्ञान सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मारपीट करने के मामले में तीन पर केस दर्ज

**शाहबाद**। थाना क्षेत्र के अंतर्गत खन्देली गांव में शराब के नशे में धुत दबंगों द्वारा एक परिवार के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पीड़ित अमरपाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। अमरपाल का आरोप है कि बीती 29 मई रात 9 बजे विवेक, शिव कुमार और पवन, निवासीगण खन्देली ने उनके घर आकर बिना वजह गंदी गालियाँ देनी शुरू कर दीं। विरोध करने पर आरोपियों ने अमरपाल, उनकी बहन रीनू और पिता रामकिशन के साथ लाठी-डंडों और लात-घूंसों से जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं, दबंगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### अनियंत्रित होकर बाइक फिसलने से युवक जख्मी

**शाहबाद**। रविवार को शाहबाद थाना क्षेत्र में बाइक फिसलने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मीरापुर निवासी सत्यपाल किसी कार्य से बाइक द्वारा जा रहा था, इसी दौरान रास्ते में उसकी बाइक फिसल गई और वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

# 1361 परीक्षार्थियों ने छोड़ी बीएड की परीक्षा

## पहली पाली सुबह 9 से 12 तक दूसरी पाली दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक हुई आरंम्भ



कॉलेज परिसर में खड़े परीक्षार्थी। -जागरण मोर्चा



परीक्षा देकर जाती युवतियां। -जागरण मोर्चा



परीक्षा शुरू होने से पहले महिला डिग्री कॉलेज के गेट पर खड़े परीक्षार्थी।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा से 1361 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुई। सुबह 9 से 12 बजे तक पहली पाली तो दूसरी पाली दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक आरंभ रही। केंद्रों पर अच्छी तरह से परीक्षार्थियों की तलाशी भी ली गई।परीक्षा के दौरान डीएम समेत जिले के प्रशासनिक,पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारी निरीक्षण करते रहे।

जनपद में बीएड परीक्षा की तैयारियां कई दिनों से आरंभ थी। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने विकास भवन में बैठक लेकर निर्देशित किया था। रविवार को जनपद में केंद्रों पर बीएड की परीक्षा दो पालियों में हुई। पहली पाली में 1745 पंजीकृत के सापेक्ष 565 ने परीक्षा दी।1180 गैरहाजिर, दूसरी पाली में 1745 पंजीकरण के सापेक्ष 1564 ने परीक्षा दी। 181 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की कोई दिक्कत न हो, इसके लिए मजिस्ट्रेट अपने केंद्रों पर तैनात रहे। साथ ही परीक्षा कक्षों में निरीक्षण करते रहे। वहीं परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सीटिंग प्लान चस्पा किया था ताकि परीक्षा देने वालों को दिक्कत न हों।

### स्क्रीन पर भी देखते रहे परीक्षार्थियों की गतिविधियां

बीएड प्रवेश परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों द्वारा जब पेपर दिया जा रहा था तब कक्ष शिक्षकों के अलावा सीसीटीवी कैमरों से भी उन पर नजर रखी जा रही थी ताकि आने परीक्षार्थी की ओर से परीक्षा के दौरान किसी अनुचित चीज का उपयोग किया जाए तो उसे आसानी से पकड़ा जा सके। हालांकि जिले में एक भी परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए नहीं पकड़ा गया।

### डीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

डीएम अजय कुमार द्विवेदी, नोडल डॉ .जागृति मदान ने रजा डिग्री कालेज, रजा महिला डिग्री कालेज, रजा इंटर कॉलेज, जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज, जुल्फिकार इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरे के व्यू चेक किए। साथ ही पेयजल से लेकर शौचालय तक की स्थिति का जायजा लिया।

### इन पांच केंद्रों पर हुई परीक्षा

जनपद में रविवार को बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा रजा डिग्री कालेज, रजा महिला डिग्री कालेज, रजा इंटर कॉलेज, जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज, जुल्फिकार इंटर कॉलेज में परीक्षा हुई।

### बंद रहीं फोटो स्टेट की दुकानें

जिला प्रशासन के निर्देशों के बाद में पुलिस ने परीक्षा केंद्रों के पास में 200 मीटर की परिधि में सभी फोटो स्टेट की दुकानों को बंद करवा दिया। साथ ही कॉलेज के आसपास भीड़ एकत्र नहीं होने दी। केवल जरूरी काम से आने जाने वाले लोगों को कॉलेज की ओर से निकलने दिया गया।

### मारपीट और जान से मारने की धमकी देने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाहबाद**। 26 अप्रैल को थाना शाहबाद पर बीएनएस के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जमीन व प्लॉट विवाद को लेकर अभियुक्तगण द्वारा वादी के घर में घुसकर गाली-गलौच करते हुए वादी की भाभी व भतीजी के साथ लाठी-डंडों व रॉड से मारपीट तथा जान से मारने की धमकी दी गई। विवेचना के दौरान मुकदमे में धाराएं बढ़ाई गई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी शाहबाद के नेतृत्व में रविवार को शाहबाद पुलिस ने मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी मोहम्मद अली पुत्र हैदर खां, निवासी ग्राम पस्तौर थाना शाहबाद को उनके मकान से गिरफ्तार कर कार्यवाही की। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल प्रदीप कुमार,उपनिरीक्षक कपिल कुमार,उपनिरीक्षक बालकिशोर, हेड कांस्टेबल नरदेव, आयुष मलिक रहे।



पुलिस गिरफ्त में फरार चल रहा आरोपी।

# सड़क किनारे पड़ा मिला ग्रामीण का शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा

- **पुलिस के अनुसार अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई अधेड़ की मौत, जांच जारी**

जागरण मोर्चा कार्यालय



फाइल फोटो मृतक भगीरथ।

**शाहबाद**। रविवार सुबह थाना क्षेत्र के धुरयाई गांव के मोड़ के पास सड़क किनारे अधेड़ का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव की शिनाख्त कराई। शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सड़क किनारे पड़े मिले शव की शिनाख्त धुरयाई गांव निवासी भागीरथ (45) पुत्र खुलाशी प्रसाद के रूप में हुई। भगीरथ शनिवार शाम काम से लौटकर घर नहीं पहुंचे, तो परिजनों को चिंता हुई और परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। पूरी रात रिश्तेदारों में खोजबीन करने के बावजूद भागीरथ का कोई सुराग नहीं मिल सका। रविवार सुबह ग्रामीण को सूचना मिली कि बिलारी-शाहबाद स्टेट पर धुरयाई गांव जाने वाली सड़क के किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा है। पुलिस और परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। शव की शिनाख्त की गई।भागीरथ का शव देख परिवार में कोहराम मच गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन ने भी घटनास्थल का मुआयना किया।पीड़ित परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया लग रहा है कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से ग्रामीण की मौत हुई है, जांच की जा रही है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उसके बाद हो मौत का कारण साफ हो पाएगा।

# शादी का झांसा देकर युवती से एक साल तक युवक ने बनाए शारीरिक संबंध

- **युवती ने जब शादी के लिए कहा,तो युवक मुकरा**

जागरण मोर्चा कार्यालय



**सैदनगर**। गंज थाना क्षेत्र से सनसनीखेज मामला सामने आया है। न्याय की गुहार लगाते हुए पीड़ित युवती आरोपी युवक के घर जा पहुंची।वहां जमकर हंगामा किया। यह पूरा मामला गंज थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, गंज थाना क्षेत्र का रहने वाला एक युवक दिल्ली में रह रही युवती के संपर्क में आया था। आरोप है कि युवक ने युवती को अपनी मीठी-मीठी बातों के जाल में फंसाया।शादी का झांसा देकर पिछले एक साल से उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। इस दौरान जब भी युवती ने शादी का दबाव बनाया, तो युवक टालमटोल करता रहा। शादी से मुकरा तो घर पहुंची युवती हाल ही में जब युवती ने दोबारा शादी की बात की, तो युवक ने साफ तौर पर मना कर दिया और उससे दूरी बना ली। खुद को ठगा सा महसूस कर पीड़ित युवती दिल्ली से सीधे रामपुर स्थित युवक के घर पहुंच गई। युवक के परिजनों के सामने उसने अपनी आपबीती सुनाई, लेकिन जब वहां भी बात नहीं बनी तो युवती ने घर के बाहर हंगामा शुरूकर दिया। आगे की कार्रवाई और हंगामे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया। गंज थाना पुलिस फिलहाल दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है और युवती की तहरीर के आधार पर कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

# नाबालिग को भगाने वाला पकड़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय




पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। -जागरण मोर्चा

**सैदनगर**। अजीमनगर थाना क्षेत्र में किशोरी को भगाने वाला आरोपी पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा हुआ था। 10 दिन पहले गांव निवासी एक किशोरी को शहजाद नगर थाना क्षेत्र का एक युवक भगाकर ले गया था।परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। रविवार सुबह पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

इस दौरान पुलिस ने किशोरी को भी बरामद कर लिया। पूछताछ करने पर मालूम हुआ आरोपी बहला फुसलाकर किशोरी को अपने साथ ले गया था। पकड़ा गया आरोपी अजय पुत्र रामौतार निवासी ग्राम जादौपुर थाना शहजादनगर का रहने वाला है। आरोपी पर कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से किशोरी को भी बरामद किया है। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया किशोरी को मेडिकल चेकअप के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई कर कोर्ट में पेश कर दिया है। जहां आरोपी को न्यायालय ने जेल भेज दिया है। मालूम हो कि नाबालिग को भगाकर ले जाने के मामले में घरवालों ने पुलिस को तहरीर दी थी। इसी के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।






**आयोजन** निदेशक ने फीता काटकर किया प्रदर्शनी का उदघाटन

# कबीर जयंती पर रजा लाइब्रेरी में लगी प्रदर्शनी

जागरण मोर्चा, कार्यालय



रजा लाइब्रेरी में लगी प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन करते निदेशक। -जागरण मोर्चा

**रामपुर**। रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय द्वारा कबीर जयंती के अवसर पर एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने किया इस अवसर पर प्रदर्शनी में संत कबीर के जीवन, दर्शन, काव्य, लोकचेतना तथा भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में उनके अमूल्य योगदान से संबंधित दुर्लभ सामग्री का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य संत कबीर के विचारों को जनसामान्य, शोधार्थियों एवं युवा पीढ़ी तक पहुंचाना और उनकी शिक्षाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि संत कबीर भारतीय समाज में समरसता, मानवीय मूल्यों तथा आध्यात्मिक चेतना के अद्वितीय प्रतीक हैं। उनके विचार आज भी सामाजिक सद्भाव, समानता और मानवता का संदेश देते हैं। रामपुर रज़ा पुस्तकालय एवं संग्रहालय का सतत प्रयास है कि ऐसी प्रदर्शनियों और आयोजनों के माध्यम से देश की समृद्ध सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विरासत को व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुंचाया जाए। कहा कि कबीर की वाणी समय और समाज की सीमाओं से परे जाकर आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी उनके जीवनकाल में थी। उनकी शिक्षाएं समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि संत कबीरदास के विषय में बोलना अत्यंत कठिन माना गया है, क्योंकि कबीर जितने सहज हैं, उतने ही गहन और जटिल भी हैं। कबीर को समझने के लिए भारतीय चिंतन की दो प्रमुख धाराओं, सगुण और निर्गुण को समझना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि उपनिषदों ने ब्रह्म को नेति-नेति कहकर उसकी अनंतता और अनिर्वचनीयता को स्वीकार किया है। कार्यक्रम का संचालन आस्था भारती झा ने किया।

# जिला अस्पताल में नहीं थम रही कमीशनखोरी

## मरीजों के तीमारदारों को चिकित्सक लिखकर दे रहे हैं बाहर की दवाएं

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। जिला अस्पताल में कमीशन खोरी का सिलसिला नहीं थम रहा है। मरीजों के तीमारदारों को इमरजेंसी वार्ड के चिकित्सक बाहर की दवाएं लिख रहे हैं। यहां पर मरीजों और तीमारदारों से लूट खसौट की जा रही है। जिससे रोगी परेशान है।

कोठी खास बाग निवासी तौसीफ जोकि लीची के बाग की रखवाली करते है। कुछ लोग गंधक पटास से भरी हथौड़ी के जरिए फायर कर रहे थे। अचानक बारूद का एक हिस्सा तौसीफ के पैर पर आ गिरा। जिससे पैर झुलस गया।

आनन-फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इमरजेंसी वार्ड में तैनात एंटीबायोटिक इंजेक्शन अस्पताल से उपलब्ध कराने के बजाए बाहर से मेडिकल स्टोर से खरीदने के लिए लिख दिया गया। ऐसे में अस्पताल प्रशासन लाख दावे कर रहा हूं लेकिन इसके बाद भी दवाएं लिखने का सिलसिला नहीं थम रहा है।



जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में तैनात चिकित्सक ने तीमारदार को लिखी बाहर की दवा।

### दूसरे अस्पताल में शिफ्ट कराने के नाम पर भी होता खेल

दवाओं के अलावा रोगियों को दूसरे अस्पताल में भर्ती कराने और बेहतर उपचार दिलाने के नाम पर खेल हो रहा है। ऐसा एक मामला 18 नंवबर 2025 को हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.लखवीर सिंह की पकड़ में आ चुका है। जिसमें दो वार्ड ब्वॉय मरीजों को बरेली के निजी अस्पताल में भेजने के नाम पर मोटी कमीशनखोरी कर रहे थे। राउंड पर डॉ. लखवीर सिंह ने जब इमरजेंसी में कागज चेक किए, जिससे पता चला कि मरीजों को दोनों वार्ड बॉय ने डिस्चार्ज कर दिया है और एक निजी एंबुलेंस के जरिये बरेली के निजी अस्पताल में ले गए हैं।

मामले की जांच कराई जा रही, जांच मिलने के बाद संबंधित डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कई बार चिकित्सकों को निर्देशित किया जा चुका है कि बाहर से दवाएं न मंगाई जाए। -**डॉ.बीसी सक्सेना, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक।**

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना

जागरण मोर्चा कार्यक्रम

**टांडा**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को टांडा ग्रामीण मण्डल के शक्ति केंद्र गजरौला के बूथ संख्या 220 पर भाजपा नेता राजकुमार चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से देखा और सुना।

राजकुमार चौहान जिला उपाध्यक्ष सिचाई बंधु रामपुर द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में सभी वर्गों को एक समान लाभ मिला और आज देश के विकास में भारत के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। वैश्विक स्तर पर भारत को प्रधान मंत्री ने चमकाने का काम किया तथा प्रदेश में भाजपा सरकार के मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ ने महिला सशक्तिकरण,किसान कल्याण योजना, आत्मनिर्भर कृषि आत्मनिर्भर योजना लागू करके किसानों को मजवूत किया।कार्यक्रम में निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष रोहताश सिंह,विक्की ठाकुर,सुरेंद्र ठाकुर, फईम,आबिद मास्टर सहित महिलाएं भी उपस्थित रहीं।



मन की बात कार्यक्रम को सुनते भाजपाई। -जागरण मोर्चा

# सैफनी में ज्येष्ठ पूर्णिमा पर लगाई आस्था की डुबकी



सैफनी राम गंगा तट पर स्नान करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यक्रम

**सैफनी**। रविवार को ज्येष्ठ पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस मौके कस्बे समेत आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने कस्बे के पास बह रही राम गंगा में स्नान कर पुष्प लाभ कमाया। श्रद्धालुओं ने गंगा की जलधार में फल,फूल व प्रसाद आदि चढ़ाकर मनौतिया मांगी । गंगा स्नान तड़के से शुरू होकर दोपहर तक चला रहा। वहीं गंगा घाट पर भंडारे का भी आयोजन किया गया । भीषण गर्मी के चलते गंगा मां के भक्तों ने ठंडा शरबत वितरण किया।

# मौसम ने बदली करवट, बारिश की चेतावनी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। रविवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। भीषण गर्मी और उमस के बाद आसमान में काले बादल छा गए।ठंडी हवाएं चलने लगी जिससे लोगों को राहत मिली। इसी बीच सचेत ऐप के माध्यम से जनपद को जिले अगले तीन घंटों का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी कि कुछ स्थानों पर बिजली कड़कने के साथ मध्यम दर्जे का तूफान आ सकता है। हवा की गति 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है, जो कुछ स्थानों पर 70 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। इसके साथ ही मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना जताई गई है। आरेंज अलर्ट को देखते हुए जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने एडवाइजरी जारी की है।उन्होंने लोगों से सतर्क रहने, मोबाइल फोन और सोशल मीडिया पर प्रस्तारित मौसम चेतावनियों को गंभीरता से लेने से अपील की। जिलाधिकारी ने खराब मौसम के दौरान अनवाश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलने, पेड़ों और कमजोर निर्माणों से दूर रहने, सुरक्षित स्थान पर रूककर मौसम सामान्य होने के इंतजार करने का निर्देश दिए हैं।शाम होते-होते आसमान में काली घटाए, घनी हो गई जिससे जिले में बारिश की संभावना बढ़ गई। फिलहाल ठंडी हवाओं ने लोगों को तपती गर्मी से बड़ी राहत दी है।प्रशासन संभावित आंधी और बारिश को लेकर पूरी तरह सतर्क हैं।



मौसम के बदलने से आसमान पर काले बादल। -जागरण मोर्चा

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की मनाई जयंती

**चन्दौसी**। बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव गुमथल में होली चौक पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती समारोह पूर्वक मनाई।कार्यक्रम का शुभारंभ अहिल्याबाई होल्कर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान नंदकिशोर दिवाकर ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की महान विभूति थीं। उन्होंने अपने न्यायप्रिय शासन, जनकल्याण कारी कार्यों तथा धार्मिक स्थलों के संरक्षण के माध्यम से देश को नई दिशा प्रदान की।कहा कि अहिल्याबाई ने न केवल मालवा राज्य को समृद्ध बनाया बल्कि काशी विश्वनाथ मंदिर सहित देश के अनेक प्रमुख तीर्थस्थलों का पुनर्निर्माण कर भारतीय संस्कृति और विरासत को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# भाजपा नेता ने सुनी मन की बात



मन की बात कार्यक्रम सुनते भाजपा नेता। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यक्रम

**मसवासी**। भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 134 वां एपिसोड लाइव देखा। इस मौके पर काफी संख्या में लोगों के साथ लाइव एपिसोड देखा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश युवा एथलीट से बात करके विस्तार से चर्चा की।तथा देश की प्रतिभा को निखारने के लिए उनके कार्यों को सराहा। भीषण गर्मी से बचाव के बारे में भी कहा तथा सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करने के लिए भी जानकारी दी।प्रत्येक राज्य के गर्मी के पेय पदार्थों के बारे में भी बताया।इस मौके पर जावित्री मौर्य,मदनलाल मौर्य, दीपक मौर्य, सुभाष मौर्य ,मयंक मौर्य, पुलकित मौर्य आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# वार्ड नंबर 4 में साफ-सफाई चौपट, उठ रही दुर्गंध



नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 4 में पडी गंदगी। -जागरण मोर्चा

- **सफाई के नाम पर हो रही सिर्फ औपचारिकता, नहीं हो रही सुनवाई**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 4 में साफ-सफाई पूरी तरह से चौपट है स्थिति यह है कि जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए है, लोग मुंह पर कपड़ा लगाकर गुजर रहे हैं। साफ-सफाई के लिए कई बार के पालिका के अधिकारियों को बताया जा चुका है लेकिन उसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा हैं।

मजे की बात यह है कि यह क्षेत्र भाजपा विधायक का है क्योंकि वार्ड नंबर 4 कृष्णा विहार के अधीन है। कृष्णा विहार निवासी आशीष सागर ने बताया कि वार्ड में कई दिनों से साफ-सफाई नहीं हो रही है जिससे मोहल्लेवासियों को जीना दुश्वार हो गया है। स्थिति यह है कि जगह-जगह कूडे के ढेर लगे हुए है साथ ही कूड़ेदान पूर्ण रूप से भर गए है इससे वार्ड और आसपास क्षेत्र में दुर्गंध उठ रही है जगह-जगह फैले कूडे.में कुत्ते मुंह मार रहे हैं। गली की साफ-सफाई के लिए कई बार बताया गया है जिम्मेदारों की लापरवाही का आलम यह है कि कानों पर झाड़ दे रहे हैं।

# एक क्विंटल मांगुर मछली नष्ट, तालाब स्वामी को चेतावनी

- **मत्स्य विभाग ने संयुक्त रूप से की छापेमारी**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। प्रतिबंधित मांगुर मछली के पालन और बिक्री के खिलाफ मत्स्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला मत्स्य अधिकारी ने थाना अजीमनगर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम के साथ तहसील सदर क्षेत्र के हकीमगंज गांव स्थित एक तालाब पर छापामार कार्रवाई की। विभाग को सूचना मिली कि तालाब में प्रतिबंधित मांगुर मछली का पालन किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद विभागीय टीम मौके पर पहुंची। तालाब की जांच शुरू की। कार्रवाई के दौरान जाल की मदद से तालाब से करीब एक कुंतल मांगुर मछली बाहर निकाली गई। इसके बाद तालाब के किनारे जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदवाया गया और बरामद मछलियों पर नमक डालकर उनका विनष्टीकरण कराया गया। जिला मत्स्य अधिकारी प्रशांत गंगवार ने बताया कि मांगुर मछली का पालन, परिवहन और बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित है। यह मछली अत्यधिक मांसाहारी होती है और तालाबों व जलाशयों में मौजूद अन्य जलीय जीवों को भी अपना शिकार बना लेती है, जिससे जलीय पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। बताया कि स्वास्थ्य और पर्यावरणीय कारणों को देखते हुए सरकार ने इस प्रजाति पर प्रतिबंध लगाया हुआ है।



गांव हकीमगंज में मांगुर पकड़ने के लिए तालाब में जाल बिछाते कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

# 'दलित समाज, कमजोर वर्ग पहचाने वोट की ताकत'

- **विधानसभा मिलक- शाहबाद में किया जनसंपर्क**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। विधानसभा मिलक शाहबाद क्षेत्र भ्रमण के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव, पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्र सिंह सागर ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने कमजोर वर्ग को वोट का अधिकार देकर बहुत बड़ा सम्मान दिया था। यह कहा था कि ये वोट एक ऐसा अधिकार है जो हर व्यक्ति को तरक्की के रास्ते पर ले जा सकता है ज्यादातर कमजोर लोग दूसरों के बहकावे में आकर वोट देने काम करते है। यही कारण है कि उनकी तरक्की नहीं हो पाती है वोट का इस्तेमाल हमें सोच समझकर करना चाहिए।रविवार को ग्राम बैरुआ जटपुरा मझरा घाट भजनपुर गांव में भ्रमण किया। पार्टी को मजबूत करने की अपील की जब पार्टी मजबूत होगी तभी प्रदेश में सत्ता परिवर्तन संभव है। इस अवसर पर अनुसूचित मोर्चे के राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र बाबू एडवोकेट, मुकेश कुमार सागर, वीरपाल, रामपाल सागर, प्रताप सागर, राम सागर, समीर जाटव, सूरज पाल, हर पाल सिंह, अनिल, ऋषि शेर सिंह, मोहम्मद समीर, उत्तम वीर, राम किशोर, शिवम सिंह, कुलवंत ,महिपाल सिंह, विपिन सिंह,पुष्पेंद्र ,सोनू कुमार आदि मौजूद रहे।



गांव बैरुआ में ग्रामीणों से बातचीत करते पूर्व राज्यमंत्री। -जागरण मोर्चा

# मंडी समिति के पास बाइक ट्रॉली से टकराई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा**। सामने से आ रहे डंपर से बचाने के प्रयास में बाइक लकड़ी से लदी ट्राली के पिछले हिस्से में घुस गई। जिससे बाइक सवार मोहम्मद हुजैफा (15) पुत्र अब्दुल सलाम निवासी मोहल्ला मस्जिद कोहना टांडा व पीछे बैठे बकर (20) पुत्र अब्दुल बासित निवासी मोहल्ला रांड टांडा गंभीर रूप घायल हो गए। हुजैफा के सीने,आंख और टांग पर चोट है।बकर की कोहनी और टांग में चोट है।घायल हुजैफा को प्राथमिक उपचार के बाद परिजन बेहतर उपचार के लिए मुरादाबाद ले गए। बकर को रेफर कर दिया गया।घटना शनिवार देर रात करीब 12 बजे की है।दोनों युवक बाइक से नगर की मंडी समिति के पास स्थित एक होटल पर चाय पीने जा रहे थे। सामने से आ रहे डंपर से बाइक को बचाने के प्रयास में बाइक लकड़ी से लदी ट्राली के पिछले हिस्से में घुस गई। जिससे बाइक सवार मोहम्मद हुजैफा व पीछे बैठे बकर गंभीर रूप घायल हो गए।आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। दोनों घायलों को स्थानीय सीएचसी पहुंचाया। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# महिलाओं को कानून का पाठ पढ़ाया



महिला को कानून का पाठ पढ़ाती महिला पुलिस कर्मी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रविवार को सभी थानों से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन ,112 आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया के बारे में बताया।मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं, बालिकाओ को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की गई। ताकि वे अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों को आसानी से समझ सकें।

# तेज आंधी व बारिश से हुआ पेड़ सड़कों पर गिरने से मार्ग हुआ अवरुद्ध

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़**। निवार की रात व रविवार की शाम 4 बजे मौसम में काले बादल छाने के साथ तेज आंधी के साथ बारिश आरंभ हो गई। बारिश होने से लोगों ने भीषण गर्मी से काफी राहत महसूस की। शनिवार की रात हुई बारिश व तेज आंधी से जगह-जगह सड़कों किनारे लग रहे विशाल पेड़ों की डालियों धराशाही होकर नीचे गिर गए। जिससे मार्ग अवरुद्ध हो उठा। जिसे रात को ही आसपास के लोगों ने सड़कों से हटाया। इसके बाद ही आगवामन सुचारू हो सका। रविवार की शाम 4 बजे शुरू हुई तेज हवाओं के साथ बारिश ने फिर से लोगों गर्मी से राहत दिलाई। वहीं तेज हवा से जगह-जगह पेड़ गिर गए। वहीं तेज आंधी से विद्युत तार टूटने से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई।

कथा | श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ कथा का आनंद लिया

# भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक**। ग्राम पिपला शिवनगर स्थित दुर्गा देवी मंदिर में किशोरी नंद गोपाल आश्रम वृंदावन धाम एवं श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास आचार्य शास्त्री श्याम ब्रज बिहारी उर्फ अन्य त्यागी श्याम बाबा ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और उनकी बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया।

कथाव्यास ने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान का अवतरण केवल दुष्टों के विनाश के लिए नहीं, बल्कि भक्तों के कल्याण और धर्म की रक्षा के लिए भी होता है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोरी, पूतना वध और अन्य बाल लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण की लीलाएं मानव जीवन को प्रेम, भक्ति और सदाचार का संदेश देती हैं। कथा के बीच-बीच में भजनों की प्रस्तुति से माहौल भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ कथा का आनंद लिया। इस दौरान संजय तिवारी,अनिल शुक्ला, अनुराग पाठक, ब्रह्मानंद मिश्रा,श्याम सुंदर पाठक,भोजराज मौर्य,तुलसीराम गंगवार,राजमोहन तिवारी, अजय दुबे,श्याम सिंह पासी,महेंद्र पाल कोरी, विपिन तिवारी, रामसिंह पाल, संजीव गंगवार, वेदराम, कुमार सेन आदि उपस्थित रहे।



किशोरी नंद गोपाल आश्रम वृंदावन धाम की कथा में मौजूद भक्त। -जागरण मोर्चा



मिलक में कथा सुनाते वाचक।

# रसकथा महोत्सव : चप्पा-चप्पा बोल रहा श्रीनाथ जी का जयकारा

- **केवल श्रीनाथ जी के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** अधिक मास के पावन अवसर पर श्रीनाथ रसकथा महोत्सव के निमंत्रण के लिए निकाली जा रही प्रभात फेरियों ने नगर के वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया है। नगर की गलियों, मोहल्लों और कॉलोनियों में इन दिनों चारों ओर केवल श्रीनाथ जी के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है। ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो नगर का चप्पा-चप्पा श्रीनाथ जी के नाम का उद्घोष कर रहा हो।

31 मई को प्रातः 6:30 बजे माई के थान मंदिर से प्रारंभ हुई निमंत्रण प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।फेरी विभिन्न मार्गों से होकर निकली।घर-घर जाकर श्रद्धालुओं को आगामी 18 से 21 जुलाई तक उत्सव पैलेस, कोसी मार्ग में आयोजित होने वाले श्रीनाथ रसकथा महोत्सव का निमंत्रण दिया गया। यात्रा के दौरान भक्तों ने जय श्रीनाथ, जय जगन्नाथ और हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से पूरे क्षेत्र को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। प्रभात फेरी का जहां-जहां से भी गुजरना हुआ, वहां लोगों ने अपने घरों के बाहर आकर हाथ जोड़कर स्वागत किया। अनेक श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर इसआध्यात्मिक यात्रा का अभिनंदन किया। बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सनातन संस्कृति के प्रति अपनी आस्था का परिचय दिया।आयोजकों ने बताया कि प्रभात फेरी का उद्देश्य केवल कथा महोत्सव का निमंत्रण देना ही नहीं, बल्कि समाज में धार्मिक जागृति, पारस्परिक प्रेम और सनातन संस्कृति के प्रति श्रद्धा का भाव जागृत करना भी है। प्रभात फेरी लोगों को अपने व्यस्त जीवन से कुछ समय निकालकर ईश्वर स्मरण, भजन-कीर्तन और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दे रही है।नगरवासियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं। प्रभात फेरियों के माध्यम से जिस प्रकार घर-घर तक श्रीनाथ जी का संदेश पहुंच रहा है, उससे नगर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया है। यही कारण है कि आज नगर का चप्पा-चप्पा श्रीनाथ जी के जयकारों से गुंजायमान दिखाई दे रहा है।


प्रभात फेरी में भजन गाते भक्त। -जागरण मोर्चा

# 15 दिन में 3 नौनिहालों को झोलाछापों ने सुलाया मौत की नींद, हड़कंप

## एक के बाद एक लगातार आ रहे हैं मौत के मामले सामने



**जागरण मोर्चा, कार्यालय**

**रामपुर।** स्वास्थ्य विभाग की मिली खुली छूट ने झोलाछाप 15 दिन के भीतर 3 नौनिहालों को मौत के नींद सुला चुके हैं। जिम्मेदार सिर्फ मौके पर पहुंचकर गुस्साए परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराकर सील की प्रक्रिया को पूरा करके चंद दिनों बाद मामले को रफा-दफा कर देते हैं। इन क्लीनिक, नर्सिंग होम और जच्चा-बच्चा सेंटर पर अनट्रेंड स्टाफ तैनात है। यहीं जच्चा-बच्चा को मौत के मुंह में धकेलने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

पिछले 15 दिनों के आंकड़ों पर नजर डाले तो इन दिनों में 3 मासूमों की मौत हो चुकी हैं। थाना पटवाई क्षेत्र के मेट्रो अस्पताल में नवजात की मौत, उसके बाद थाना गंज स्थित कचरी वाले कारखाना स्थित किलकारी जच्चा-बच्चा केंद्र, वहीं दूसरी ओर थाना टांडा के एमके क्लीनिक पर नवजात की मौत हुई। इन सभी को देखते हुए अंदाजा लगाया जा सकता है। जनपद में किस कदर झोलाछापों को मकड़जाल फैला हुआ है।

### जिम्मेदारों, झोलाछापों का गठजोड़

स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों का इन झोलाछापों से आपसी तालमेल अच्छा है। इसी वजह से हर गली-मोहल्लों में कुकरमुत्ते की तरह नए-नए नर्सिंग होम का धड़ल्ले से संचालन हो रहा है। कई बार तो जिम्मेदारों और झोलाछाप की हाथापाई हो चुकी है।

### पंजीकृत 160, अपंजीकृतों की भरमार

जनपद में स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार 160 पैथोलॉजी, नर्सिंग होम, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड सेंटर समेत 80 क्लीनिक, नर्सिंग होम, जच्चा-बच्चा सेंटर संचालित है। यह आंकड़े पोर्टल बंद होने से पहले के हैं। पिछले दिनों पोर्टल में तकनीकी में खराबी आ जाने के कारण बंद था। लेकिन अब पोर्टल संचालित हैं।

> जनपद में कहीं भी कोई बिना पंजीकरण और पूरे अभिलेख न होने पर अस्पताल, नर्सिंग होम का संचालन नहीं होगा। इसके लिए टीमों का गठन किया गया है जोकि मौके पर जाकर रजिस्ट्रेशन से संबंधित कागजों और मानकों को चेक करेंगे। पूरे नहीं होने पर कार्रवाई अवश्य होगी।
> **-डॉ.दीपा सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी।**

# सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने लगाया जनता दरबार, सुनीं समस्याएं

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने कैंप कार्यालय पर जनता दरबार का आयोजन कर क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुनीं।इस दौरान जनपद के विभिन्न गांवों,कस्बों और नगर क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने सड़क, बिजली, पानी, राजस्व, पेंशन, आवास, चिकित्सा और अन्य जनहित से जुड़े मामलों को सांसद के समक्ष रखा। सांसद ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनता दरबार में कई ऐसे मामले भी सामने आए जिनका समाधान मौके पर ही करा दिया।

जिससे लोगों को तत्काल राहत मिली। सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है।जनप्रतिनिधि होने के नाते आम नागरिकों की परेशानियों को दूर करना उनका दायित्व है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।इसके सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने शहर में अतीक की नई इत्र शॉप का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया।


सांसद का स्वागत करते लोग।

इस दौरान पूर्व मंत्री सुरेंद्र सागर, वरिष्ठ सपा नेता तेजिंदर सिंह विर्क, अथर खान, राम बहादुर सागर, डॉ. मकतूब, मुन्ना, गुरजीत सिंह चीमा, बदन सिंह यादव, धीरेंद्र यादव एडवोकेट, प्रेम किशोर दिवाकर, सांसद मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा, हाफिज नूरी, उवैद एडवोकेट, अरशद अली एडवोकेट, नासिर शेख, जमील सैफी, जुबैर, युवा सपा नेता सैफ, अब्दुल्ला तुर्की, कल्वे अली, रियाज अहमद सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम की जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा द्वारा दी।

# तेज हवा में उड़कर युवक पर गिरा सोलर पैनल, गंभीर घायल

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**टांडा।** शनिवार शाम तेज हवाओं के बीच एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब दढ़ियाल मार्ग स्थित मदरसा दारुल उलूम के सामने लगा सोलर पैनल उखड़कर सड़क से गुजर रहे एक युवक के ऊपर आ गिरा। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कसियाकुंडा निवासी निक्की, जो मोहल्ला टंडोला के एक चिकित्सक के यहां कंपाउंडर के रूप में कार्य करता है, शनिवार शाम प्रति माह निकलने वाली कमेटी की रकम की उगाही के लिए निकला था। इसी दौरान दढ़ियाल मार्ग पर मदरसा दारुल उलूम के सामने तेज हवा के झोंकों से एक सोलर पैनल अपने स्थान से उखड़ गया और उड़ते हुए सीधे निक्की के ऊपर आ गिरा।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है।


घायल हुए युवक को ले जाते लोग।

चिकित्सकों के अनुसार युवक को गंभीर चोटें आई हैं और उसकी हालत पर निगरानी रखी जा रही है।घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए सोलर पैनलों एवं अन्य संरचनाओं की सुरक्षा व्यवस्था की जांच कराए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार के हादसों से बचा जा सके।

# संस्था के पदाधिकारियों ने राहगीरों को बांटा शरबत


राहगीरों को शरबत बांटते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

रामपुर। मदद एक आस फ़ाउंडेशन के द्वारा सिविल लाइन स्थित स्टार चौराहे पर गर्मी को देखते हुए शरबत एवं जलजीरा वितरण किया। जिसमें राहगीरों ने शरबत एवं जलजीरा को पीकर सुकुन की राहत ली। हजारों राहगीरों ने शरबत पीकर फ़ाउंडेशन को आशीर्वाद प्रदान किया। इस मानवता की सेवा में सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।शरवत वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन करके फ़ाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतीक शर्मा और जिला अध्यक्ष संचित कपूर ने किया। इस मौक़े पर कोषाध्यक्ष शलिनी रस्तोगी, ममता, सोनी, रेनू सक्सेना, दिनेश प्रजापति, सीमा अग्रवाल, रितिक रस्तोगी, अंकुर राजपूत, मीना खण्डेलवाल, गोपाल शर्मा, मनोज शर्मा, कोमल शर्मा, कमल चावला, मोहित सैनी,संजय कपूर, चेतन शर्मा,दीपक शर्मा, प्रतिभा अग्रवाल, नेहा रस्तोगी, आशीष सक्सेना, विक्रम, अखिल अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# तंबाकू दिवस पर रोपे गए पेड़-पौधे

- **सीएमओ कार्यालय में हुआ पौधरोपण का आयोजन**

**जागरण मोर्चा, कार्यालय**

**रामपुर।** सीएमओ ऑफिस में पौधारोपण कर विश्व तंबाकू निषेध कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीएमओ डॉ.दीपा सिंह ने कहा कि तंबाकू के कारण भारतवर्ष में प्रतिवर्ष करीब 13 लाख लोगों की असमय मृत्यु होती है एवं तंबाकू जनित विभिन्न रोगों से लोग पीड़ित होते हैं तंबाकू से न केवल स्वास्थ्य की अत्यधिक हानि होती है बल्कि तंबाकू बनाने एवं इसको सूखने एवं इसके संवर्धन में लकड़ी का बहुत अधिक उपयोग होता है।


कार्यालय परिसर पेड़ लगातीं सीएमओ व अन्य। -जागरण मोर्चा

इसके कारण हमारे वन हमारे जंगल कम होते जा रहे हैं जिससे आम जनमानस को एवं पर्यावरण को अत्यधिक हानि होती है इसलिए सांकेतिक तौर पर पौधारोपण कर न सिर्फ हमें अपना स्वास्थ्य बचाना है। तंबाकू को छोड़कर अपने पर्यावरण को भी बचाना है। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश तोमर, तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान आदि मौजूद रहे।

# रामगंगा घाट पर पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी


शाहबाद के रामगंगा घाट पर स्नान करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहबाद।** रविवार को पूर्णिमा के अवसर पर शाहबाद के रामगंगा घाट पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने रामगंगा में आस्था की डुबकी लगाईं।घाट पर हर हर महादेव के जयकारों की गूंज थी। सुरक्षा की दृष्टि से सीओ देवकीनंदन और कोतवाल प्रदीप कुमार मौजूद रहे। पुलिस ने श्रद्धालुओं के लिए घाट किनारे टेंट की व्यवस्था भी कराई। पूर्णिमा के मौके पर सुबह से ही रामगंगा घाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटना शुरू हो गई। श्रद्धालुओं ने अन्न, वस्त्र और धन का दान किया। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने स्नान कर पुण्य लाभ कमाया। इस दौरान घाट पर महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी भी लगी रही।

# दुकान में सेंध लगाकर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। -जागरण मोर्चा

- **चोरी का माल बरामद**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**मिलक।** मिलक पुलिस ने दुकान में सेंध लगाकर नकदी और सामान चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का इन्वर्टर, बैटरी और नकदी बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली मिलक पुलिस ने रविवार दोपहर को रौरा कट यात्री शेड के पास से पंकज पुत्र रघुवंशी मणी दीक्षित, 36 वर्ष, निवासी मोहल्ला नसीराबाद कस्बा मिलक और अज्जू गोस्वामी पुत्र पूरनलाल, 35 वर्ष, निवासी असदुल्लापुर, थाना मिलक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक बैटरी, एक इनवर्टर और 1400 रुपये नकद बरामद किए। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

**बैठक** राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शहर के कई लोगों को बनाया प्रभारी

# नगर पालिका प्रशासन मुख्यमंत्री के आदेश का नहीं कर रहा पालन: संदीप

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के तिलक कालोनी स्थित कार्यालय पर बैठक हुई। जिसमें व्यापारी समाज को मजबूत करने के लिए हुई। व्यापारी समाज को मजबूत करने के क्रम में शहर के बाजार में शहर प्रभारी के रूप में आसिफ खान नगर प्रभारी, शाहबाद गेट से चौकी चौक थाना टीन आलिम खां,शाहबाद गेट से राहे मुर्तजा रोड प्रभारी शादाब खान को बनाया गया है।

सिविल लाइन प्रभारी गोपाल शर्मा, ज्वाला नगर प्रभारी संदीप शर्मा, सराय गेट से बापू मॉल से प्रभारी नासिर लाला, बापू माल से हामिद गेट सईद खुसरो को मनोनीत किया गया। साथ ही इस पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि हाउस टैक्स व वाटर टैक्स की समस्या को प्रमुखता से उठाया जा रहा है और यह कहा कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने वाटर टैक्स की बड़ी दरों पर रोक लगाई है,लेकिन इस पर नगर पालिका परिषद मुख्यमंत्री के आदेश को कोई मानने को तैयार नहीं है।लगातार अनुरोध के बावजूद हाउस टैक्स व वाटर टैक्स पर रोक लगाने को तैयार नहीं है। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राज बहादुर यादव,जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा ,युवा नगर अध्यक्ष पुलकित अग्रवाल, नगर अध्यक्ष महफूज हुसैन, नगर प्रभारी आसिफ खान, शाहिद खुसरो, नसीर लाला ,संदीप शर्मा, गोपाल शर्मा ,अब्दुल कादिर, योगेश अग्रवाल, साजिद खान, मेराज हुसैन, सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी व व्यापारी उपस्थित रहे।


बैठक को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

# दीनबन्धु सेवा दल ने राहगीरों को बांटा शरबत


राहगीरों को शरबत बांटते हुए सेवा दल के सदस्य। -जागरण मोर्चा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** चिलचिलाती धूप में राहगीरों को गरमी से राहत पहुंचाने के लिए दीनबन्धु सेवा दल के पदाधिकारियों द्वारा शरबत की सेवा की गई।पिछले कई वर्षों से शहर में समाज सेवा में लगे शिक्षकों के समूह दीनबन्धु सेवा दल द्वारा प्रतिमाह मानव सेवा का कार्य किया जाता है। इस माह रविवार को शबील लगाकर लोगों को शरबत पिलाया गया। शाहबाद रोड पर कृष्णा मंदिर के सामने दल के सदस्यों ने टेंट लगाया और झुलसा देने वाली गरमी से राहत देने के लिए राहगीरों को रूह आफजा, चीनी व बर्फ के शरबत की सेवा की। सेवा के पश्चात सभी ने मिलकर सेवा स्थल पर साफ सफाई भी की।इस मौके पर संदीप कुमार भाटिया, राकेश विश्वकर्मा, संतोष प्रसाद, अमित श्रीवास्तव, रविन्द्रपाल सिंह, राहुल जैन, गजेंद्र पाल सिंह, प्रियंका भाटिया, इच्छित आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर



### गर्मी में शरबत पिलाकर कमाया पुण्य लाभ

**चन्दौसी।** भीषण गर्मी को देखते हुए बिसौली गेट स्थित चमेली गिरि मंदिर में युवाओं की ओर से ठंडे शरबत का वितरण का आयोजन किया गया। राहगीरों ने ठंडा शरबत पीकर गर्मी से राहत महसूस की। रविवार को चमेली गिरि मंदिर परिसर में युवाओं की ओर ठंडे शरबत की स्टाल लगाई गई। जिसमें उधर से गुजरने वाले राहगीरों व नागरिकों ने स्टाल रुककर ठंडा शरबत पिया। युवाओं ने बताया कि वर्तमान भीषण गर्मी के साथ तेज धूप निकल रही है। ऐसे समय में पुण्य व सेवा कार्यों का विशेष महत्व होता है। उन्होंने कहा कि जरुरतमंदों की सहायता करना और राहगीरों को गर्मी से राहत पहुंचाना पुण्य का कार्य है। समाज के सक्षम लोगों को भी इस प्रकार के सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है तथा समाज के प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर सेवा कार्यों में भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर बंटी, रवि, शौर्य, देव, हिमांशु, उदय आदि मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद बहजोई मंगलम शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न

## सेवा, संस्कार एवं संगठनात्मक मजबूती पर वक्ताओं ने किया मार्गदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



भारत विकास परिषद के कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**बहजोई।** भारत विकास परिषद रुहेलखंड (पश्चिम) प्रांत की शाखा बहजोई मंगलम द्वारा डीआर रिसोर्ट में दायित्व ग्रहण समारोह एवं दायित्व बोध कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन तथा वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय गतिविधि सदस्य (सेवा) अजय विश्नोई ने कहा कि भारत विकास परिषद राष्ट्र निर्माण का सशक्त जनआंदोलन है। उन्होंने परिषद के उद्देश्य, विचारधारा, सदस्यता अभियान एवं मोबाइल ऐप की जानकारी देते हुए अधिकाधिक लोगों को परिषद से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति उसके सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित होती है। प्रांतीय अध्यक्ष अजय कट्टा ने परिषद की कार्यप्रणाली, बैठकों के प्रोटोकॉल एवं अनुशासन पर प्रकाश डालते हुए समयबद्धता और सुव्यवस्थित कार्यसंस्कृति को संगठन की सफलता का आधार बताया। प्रांतीय उपाध्यक्ष सोमप्रकाश वार्ष्णेय ने सेवा, संपर्क एवं पर्यावरण गतिविधियों को परिषद की महत्वपूर्ण धुरी बताते हुए सभी सदस्यों से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रांतीय महासचिव नीरज मित्तल ने संस्कार एवं महिला सहभागिता पर विचार रखते हुए कहा कि मजबूत समाज का निर्माण संस्कारों और महिलाओं की सहभागिता से ही संभव है। उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी एवं दायित्वधारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। वहीं प्रांतीय कोषाध्यक्ष राहुल वार्ष्णेय (एडवोकेट) ने वित्तीय पारदर्शिता एवं जवाबदेही को संस्था की विश्वसनीयता का आधार बताया। शाखा अध्यक्ष दिवाकर गुप्ता ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि बहजोई मंगलम शाखा परिषद की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में जिज्ञासा समाधान एवं मुक्त चिंतन सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें सदस्यों ने संगठनात्मक विषयों पर अपने विचार रखे। अंत में शाखा सचिव लव कुमार आर्य ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ तथा सहभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाखा कोषाध्यक्ष विनीत कुमार, संपर्क गतिविधि संयोजक राजेश कुमार (डब्बू जी), संस्कार गतिविधि संयोजक अनेकपाल सिंह, महिला सहभागिता संयोजक श्रीमती राशि वार्ष्णेय, पर्यावरण गतिविधि संयोजक आयुष कुमार सहित नवीन रत्न, पंकज आर्य, राजीव सेंगर, सुधांशु वार्ष्णेय, संजय कुमार ट्रांसपोर्ट, हेमंत जैन सहित अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिवाकर गुप्ता एवं संचालन संभव जैन ने किया।

### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

**जागरण मोर्चा कार्यालय, संभल/बहजोई।** जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन बहजोई के वर्ष 2026-27 के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को संपन्न हुआ। समारोह में अध्यक्ष योगराज सिंह, सचिव अशोक राणा, उपाध्यक्ष अमरीख यादव, सचिव प्रशासन हरप्रशाद राणा, सह सचिव आयुष वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष नेतराम राणा, पुस्तकालय अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह तथा मीडिया प्रभारी कैलाश चंद्र को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

शपथ दिलाने की प्रक्रिया पूर्व सचिव चंदौसी बार एसोसिएशन एवं एल्डर कमेटी सदस्य सचिन गोयल एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष हितेश गुप्ता, प्रेम शंकर राणा, ओमवीर सिंह तथा चुनाव अधिकारी नरेश कुमार यादव द्वारा संपन्न कराई गई। शपथ ग्रहण के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान एवं उनके कल्याण के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। समारोह में नीरज यादव, अमर सिंह, रवि शंकर, राहुल सिंह, अभिषेक शर्मा, चरण सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।



# चिराग हत्याकांड की साजिश के खुलासे की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

- **राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद केसी त्यागी ने की प्रेसवार्ता**

**गजरौला :** राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद के.सी. त्यागी ने गजरौला के मुहल्ला विजयनगर में मनीष त्यागी के आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी चिराग त्यागी हत्याकांड को गंभीर मामला बताते हुए कहा कि यदि सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई और हत्या की साजिश का खुलासा नहीं किया गया तो बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा।

रविवार को मनीष त्यागी के आवास पर केसी त्यागी का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि अन्याय के खिलाफ देश में बड़े आंदोलन होते रहे हैं और जरूरत पड़ी तो वैसा ही संघर्ष फिर खड़ा किया जाएगा। उन्होंने सूर्या चौहान हत्याकांड पर भी दुख जताते हुए कहा कि एक निर्दोष युवक की जान चली गई। अपराध और संगठित गिरोहों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है ताकि कानून का राज कायम रह सके। उन्होंने प्रशासन से दोनों मामलों की निष्पक्ष व त्वरित जांच, सभी आरोपियों की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवारों को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की। इस मौके पर मनीष त्यागी, विवेक सिंह, किसान प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# किसान हित में एक मजबूत कदम उठाने का संकल्प

## संगठन की मजबूती के लिए जोड़े गए नए पदाधिकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



नए पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देते भाकियू (भानू) के राष्ट्रीय महासचिव।

**चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) की तहसील क्षेत्र के गांव मऊ अस्सू में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा के साथ उनके समाधान को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्या के लिया सदैव तत्पर रहने और किसान हित में एक मजबूत कदम उठाने का संकल्प लिया गया। इसके उपरांत संगठन से जुड़कर किसानों की सेवा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संकल्प भी लिया गया। इस दौरान संगठन के विस्तार के क्रम में नए कार्यकर्ताओं को जोड़ा गया व महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। जिसमें राष्ट्रीय महासचिव कुंवर वीरेंद्र प्रताप सिंह बिट्टू ठाकुर ने डा. दानिश रफी को जिला अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ सम्भल, व शिवा चौहान एडवोकेट को जिला अध्यक्ष विधिक प्रकोष्ठ सम्भल नियुक्त किया गया, इसी क्रम में राम खिलाड़ी को जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा व अजीत सिंह राघव को जिला मंत्री एवं अशोक कुमार को जिला मीडिया प्रभारी, ओमप्रकाश शर्मा को जिला उपाध्यक्ष, संजय प्रजापति को ग्राम अध्यक्ष ग्राम मऊ अस्सू, अफजल खान को ब्लाक अध्यक्ष बनियाखेड़ा नियुक्त किया। इस दौरान ठाकुर सचिन राघव, ठाकुर यश जादौन, अभिषेक जाटव, हर्ष पांचाल, ब्रजेश पाठक, हर्ष ठाकुर, डा. सबाबुल रहमान, जयेश पांचाल, शिव गुप्ता, नीरज यादव, श्लोक शर्मा, अनिकेत भारद्वाज, आदित्य शर्मा, अंश कश्यप, सुभाष सिंह चौहान, सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति ने किया शरबत वितरण



शरबत वितरण कार्यक्रम में शामिल वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति के पदाधिकारी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** समाज सेवा में अग्रणी वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति द्वारा रविवार को पुरुषोत्तम महा के पावन पर्व पर नगर के ब्रह्म बाजार स्थित कार्यालय पर शरबत वितरण का आयोजन किया गया। इस चिलचिलाती गर्मी में रहागीरों ने शरबत पीकर राहत महसूस की गई। सदस्यों ने कहा कि समिति का कार्य हमेशा ही जरूरतमंद की जरूरत को पूरा करना, सामाजिक कार्य करना है। इस दौरान उत्थान परिवार के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा।

# पाल समाज के युवाओं ने रैली निकालकर धूमधाम से मनाई देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय



**गजरौला।** देवी अहिल्याबाई होल्कर जयंती समारोह में मुख्य अतिथि श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य श्री प्रमोदकृष्णम् ने कहा कि, अहिल्याबाई होल्कर किसी जाति, वर्ग विशेष की नहीं बल्कि पूरी मानवता की प्रहरी थीं। युवाओं ने रैली भी निकाली।

रविवार को राम वेंकट हाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आचार्य श्री प्रमोदकृष्णम् ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री कृष्णम् ने कहा कि होल्कर ने जीवन में अनेकों बाधाओं का सामना करते हुए सनातन और मानवता का प्रतिनिधित्व किया। कहा कि हमें उनके दिखाए क़दमों पर चलकर देश के उत्थान के लिए काम करने का आह्वान किया।

विधायक राजीव तरारा ने कहा कि हमें अहिल्याबाई होल्कर की विचारधारा पर चलना चाहिए। इस दौरान विधायक ने केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और महापुरुषों के सम्मान के लिए चलाई जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर कुंवर रोबिन त्यागी, सभासद राजपाल सिंह, अंकुश पाल, सत्यपाल पाल, देवेंद्र पाल, लकी पाल, विपिन पाल, नवीन पाल, रवि पाल, सूरज पाल, परम सिंह, अंकुश पाल, भगवान सिंह, मदनपाल, अमरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# इन्साफ मोर्चा की प्रांतीय कार्यकारिणी घोषित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जिला संभल प्रदेश महामंत्री अजय कुमार राजवर ने प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि कन्नौज में 3 पदाधिकारियों की रणनीतिक बैठक को जमीन पर लाने व इंसाफ मोर्चा की निष्क्रिय कार्यकारिणी को सक्रिय करते हुए उसका विस्तार किया गया है। जिसमे पुराने अनुभव के साथ नई युवा शक्ति समाज सेवियों को भी शामिल किया गया है।

इन्साफ मोर्चा उप्र के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष मानिक लाल नागर ने वंचित, शोषित, पीड़ित, उपेक्षित कौमों के सर्वांगीण विकास के लिए इन्साफ मोर्चा का गठन किया है। मोर्चा मान-सम्मान, रोजी, रोटी, आर्थिक विकास, सामाजिक समानता व राजनैतिक भागीदारी के लिए संघर्ष करेगा।

नई कार्यकारणी में प्रांतीय उपाध्यक्ष के पद पर विजय लक्ष्मी, डा. सलीम राजा , कृष्ण मुरारी कठेरिया, वेद प्रकाश बाल्मीकि, रमेश पाराशर, राजेंद्र सहदेव, रमेश चंद वाल्मीकि, इसके साथ प्रांतीय महामंत्री के पद पर अजय कुमार राजवर, अशोक बाल्मीकि, सीताराम शंखधर, धीरज चिन्डारिया, अखिलेश आनंद, हरपाल सैनी, प्रांतीय संगठन मंत्री के पद पर राजकुमार समदर्शी, विजय वीर, प्रांतीय मंत्री के पद पर फिरोज खान, घनश्याम बाल्मीकि, शाहिद खान, राजेन्द्र गिहार, राजू भारतीय, कमल सिंह, हरिओम वर्मा, भगवान दास विद्यार्थी, मुकेश चौधरी पदाधिकारी चुने गए है।

# अहिल्याबाई होल्कर ने अपना पूरा जीवन समाज के दबे-कुचले वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया

## समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने मनाई लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती, सामाजिक न्याय और पीडीए की मजबूती का लिया संकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** विधानसभा 31 चन्दौसी के अंतर्गत असालतपुर जराई स्थित समाजवादी पार्टी व्यापार सभा संभल कार्यालय पर महान शासिका, न्यायप्रिय और कुशल प्रशासक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती आदर और श्रद्धा के साथ मनाई गई। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी व्यापार सभा जिला अध्यक्ष सुभाष पाल ने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर ने अपना पूरा जीवन जनसेवा, न्याय और समाज के दबे-कुचले वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया था। उनके द्वारा किए गए जनकल्याण के कार्य आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस दौरान वक्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के नारे को दोहराते हुए कहा कि शोषितों और वंचितों को उनका हक दिलाना ही लोकमाता अहिल्याबाई को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में बढ़ रही महंगाई, भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अब पीडीए समाज पूरी तरह एकजुट हो चुका है। सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि इस बार सामाजिक न्याय की इस लड़ाई को गांव-गांव तक पहुंचाकर वर्ष 2027 में अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है। इस दौरान प्रमोद राघव, श्रीकृष्ण शर्मा, गौरव यादव, विनोद यादव, जयचंद सागर, जगवीर, बब्लू सिंह, नैन बाबू, आरिफ, शिवा, वसीम, शानू, कालू, अमित, मुंशी अनीस, निजाम, पप्पू, धर्मेन्द्र यादव सहित समाजवादी पार्टी के समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।




अहिल्याबाई होल्कर की जयंती कार्यक्रम मे बोलते सपा पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर सपा कार्यकर्ताओं ने किया नमन

**संभल/बहजोई।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जिला संभल समाजवादी पार्टी द्वारा रविवार को राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित बैठक में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौंडी गांव में हुआ था। मात्र आठ वर्ष की आयु में उनका विवाह मालवा के सूबेदार खंडेराव होल्कर से हुआ। पति और ससुर की मृत्यु के बाद उन्होंने साहस के साथ राज्य की बागडोर संभाली और लगभग 30 वर्षों तक मालवा पर कुशल शासन किया। उन्होंने युद्ध कला, प्रशासन और नीति में अपनी विशेष दक्षता का परिचय दिया। पूर्व मंत्री प्रदीप यादव उर्फ गुड्डू ने कहा कि भारत सरकार ने वर्ष 1996 में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के सम्मान में डाक टिकट जारी किया था। उन्हें फिलोसोफर क्वीन भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई का शासन न्याय और लोककल्याण की मिसाल था। उनका दरबार हर प्रजा के लिए खुला रहता था और वह स्वयं लोगों की फरियाद सुनकर तत्काल न्याय करती थीं। उनके शासनकाल को इतिहासकारों ने रामराज्य की संज्ञा दी है। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई सच्ची सनातन धर्म की रक्षक थीं। बैठक में लड्डन मियां, ताहिर उल्ला खान, राजीव यादव, रामू, निसार अहमद, शोभित कुमार काका, सद्दाम कुरेशी, उमेश दिवाकर, सुमित केपी यादव, अशोक राणा, अशोक गुप्ता, मुर्शिद खान, रवि यादव, चेतन गुप्ता, रियासत भाई, महबूब अली, तस्लीम भाई, डॉ. हो राम सिंह, सदन शेख, गजेन्द्र, रामबाबू, धर्मेश यादव, सर्वेश दिवाकर, मोबीन भाई, नजाकत सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अहिल्याबाई होल्कर ने अपने राज्य की मराठा एवं मुस्लिम शासकों से रक्षा के साथ प्रजा को न्याय प्रदान किया

जागरण मोर्चा कार्यालय



अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में विश्व तंबाकू निषेध दिवस एवं लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती नगर के कृष्णानगर कालोनी गली नंबर दो में धूमधाम से मनाई गई। जिसमें सर्वप्रथम कार्यकर्ताओं ने अहिल्याबाई होल्कर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि विश्व में तंबाकू उत्पाद से प्रतिवर्ष 80 से 90लाख लोग मर जाते हैं। तंबाकू से निर्मित गुटखा, सिगरेट, बीड़ी, हुक्का, खैनी, आदि प्रचलन में हैं जिनसे मुख के कैंसर, फेफड़े का कैंसर, न्यूरोलॉजिकल बीमारी, लीवर से लेकर कई प्रकार का कैंसर होता ही 90 प्रतिशत कैंसर तंबाकू के उपयोग से होता है। इसलिए आप तंबाकू उत्पाद को दृढ़ संकल्प लेकर आज ही छोड़े जिससे प्रियजनों द्वारा की गई दीर्घायु की कामना फलीभूत हो सके। कवि माधव मिश्र ने आगे कहा कि विश्व के इतिहास में कई महारानी हुई लेकिन देवी अहिल्याबाई होल्कर का उन सब में अद्वितीय स्थान है। लोकमाता शिव की परम भक्त थीं। उन्होंने अपने शासन काल में अपने राज्य की मराठा एवं मुस्लिम शासकों से रक्षा करते हुए प्रजा को न्याय प्रदान किया। उन्होंने काशी विश्वनाथ एवं सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया। सौ से ज्यादा मंदिरों का निर्माण कराने के साथ तीर्थ स्थलों पर धर्मशालाएं, कुंआ, बावड़ी , घाट तथा विकास के लिए सड़के बनवाई। वह प्रजा के साथ हमेशा न्याय करती थी। 13अगस्त 1795 को स्वर्गवास हो गया। इस दौरान रामकिशोर अग्रवाल, पंडित सुरेश चन्द्र शर्मा, गेंदनलाल, अनिल कुमार शर्मा, दुष्यन्त कुमार सिंह, नत्थू सिंह, वेदराम मौर्य, आनन्द प्रकाश यादव, डा. जितेन्द्र वर्मा, दिव्यांशु वार्ष्णेय, गंगा देवी मिश्रा, भुवनेश्वरी पचौरी, अरविन्द कुमार, शिवशंकर मिश्रा, संजीव मिश्रा, अंशुल मिश्रा, भास्कर मिश्रा, कल्याण सिंह, धर्म पाल सिंह ने विचार व्यक्त किए।

### राजघाट गंगा तट पर पूर्णिमा स्नान में उमड़ा आस्था का सैलाब

**जागरण मोर्चा कार्यालय, बबराला/सम्भल।** जनपद के बबराला थाना क्षेत्र स्थित पवित्र राजघाट गंगा तट पर पूर्णिमा स्नान के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रविवार तड़के सुबह से ही श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए घाटों पर पहुंचने लगे और देर शाम तक आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। दूर-दराज क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना की तथा अपने परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्यता और खुशहाली की कामना की। पूर्णिमा स्नान को लेकर राजघाट गंगा तट पर मेले जैसा माहौल बना रहा। घाटों पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूरे उत्साह और श्रद्धा भाव के साथ गंगा स्नान करते नजर आए।

# अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर दो पुलिसकर्मी सम्मानित होकर सेवानिवृत्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



विदाई समारोह में शामिल पुलिस कर्मी व पुलिस अधिकारी। -जागरण मोर्चा

- **पुलिस लाइन बहजोई में आयोजित विदाई समारोह में प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर दी भावभीनी विदाई**

**संभल/बहजोई।** विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों को सम्मानपूर्वक भावभीनी विदाई दी गई। समारोह का माहौल भावुक होने के साथ-साथ गौरवपूर्ण भी रहा। जहां अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को याद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर उनके लंबे सेवाकाल, अनुशासन, निष्ठा एवं उत्कृष्ट कार्यशैली की सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पुलिस विभाग में सेवाकाल के दौरान दोनों कर्मियों ने पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया, जो अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। समारोह के अंत में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों में उपनिरीक्षक गजराम सिंह (डायल 112) एवं उपनिरीक्षक ताराचन्द्र (रिट सेल) शामिल रहे।

# नगर पालिका चेयरमैन के कैंप कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के झकडी चौराहे के निकट स्थित नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के कैंप कार्यालय पर रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात का 134 वां एपिसोड संयुक्त रूप से एक साथ जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी के नेतृत्व में सुना गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बढ़ती गर्मी, स्वास्थ्य संबंधी सावधानी, जल संरक्षण जैसे विभिन्न मुद्दों पर कार्यक्रम के माध्यम से अपने विचार साझा किये। भीषण गर्मी के चलते प्रधानमंत्री ने जनता से अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान रखने की अपील भी की। इसी के साथ उन्होंने पर्यावरण एवं पानी संरक्षण के बारे में अपील करते हुए कहा की जिम्मेदारी से दोनों का बचाव करें। चेयरमैन राजपाल सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम जागरूकता का प्रभावी माध्यम है, उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज से जुड़े महत्वपूर्ण विषय पर लोगों तक संदेश पहुंचता है और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा मिलता है। इसी के साथ उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री के द्वारा बताई हुई बातों पर अमल करने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, चेयरमैन राजपाल सैनी, बूथ अध्यक्ष राहुल प्रजापति, मुकेश गुप्ता,सचिन गुप्ता, संजय सहदेव, सभासद राजपाल सैनी,नितिन सैनी, संजीव सैनी, राकेश सैनी, धर्मेंद्र,अनुपम त्यागी,चंदन,लोकेश अग्रवाल, विक्रांत शर्मा, धर्मवीर सैनी, सौरभ सैनी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते हुए नगर पालिका अध्यक्ष एवं अन्य। -जागरण मोर्चा

# समाज को जागरूक करने मे पत्रकारों का योगदान : सुरेन्द्र सिंह

- डिजिटल मीडिया के युग में पत्रकारों को सतर्क रहने की आवश्यकता : सुरेन्द्र सिंह
- डिजिटल युग में सत्यता की परख बड़ी चुनौती : विशेष गुप्ता
- विश्व संवाद केंद्र ने मनाई नारद जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय




**मुरादाबाद।** विश्व संवाद केंद्र द्वारा बुद्धि विहार स्थित अमर वाटिका में देवऋषि नारद जयंती एवं हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "डिजिटल मीडिया के युग में आधुनिक पत्रकारिता" विषय पर पत्रकार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता के बदलते स्वरूप, उसकी चुनौतियों तथा समाज निर्माण में उसकी भूमिका पर विस्तृत चर्चा हुई।

कार्यक्रम में मेरठ से प्रकाशित राष्ट्रदेव मासिक के संपादक एवं प्रान्त प्रचार प्रमुख सुरेन्द्र सिंह मुख्य वक्ता, प्रख्यात लेखक एवं उत्तर प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विशेष गुप्ता मुख्य अतिथि तथा आईएफटीएम विश्वविद्यालय के जनसंचार विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश शुक्ला अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। गोष्ठी का प्रारंभ करते हुए विभाग प्रचार प्रमुख डॉ. पवन कुमार जैन द्वारा विषय प्रस्तुति की गई इस अवसर पर उन्होंने कहा सृष्टि के प्रथम संवादवाहक के रूप में देवऋषि नारद जी का योगदान भुलाया नहीं जा सकता। नारद जी ने पीड़ित-शोषित की आवाज को मुखर किया, जहां आवश्यकता होती थी वे वहां उपस्थित होते थे। हिंदी के प्रथम समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि वह केवल एक पत्र नहीं, बल्कि स्वतंत्रता चेतना और जनजागरण का सशक्त माध्यम था।

मुख्य वक्ता सुरेन्द्र सिंह ने अपनी सारगर्भित संबोधन में कहा पत्रकार दिवस के अवसर पर नारद जी का स्मरण करना एवं उनके जीवन से प्रेरणा लेने का अवसर है। उन्होंने कहा कि उदन्त मार्तण्ड बन्द भले ही हो गया लेकिन वह लोगों को एक दिशा दे गए। पत्रकारिता ही है जिसके माध्यम से समाज में नवसंचार, जागरण, सजीवता तथा नवस्फूर्ति का संचार होता है। समाज को प्रभावित करने की जो क्षमता पत्र-पत्रिकाओं में है, उसके मूल में भी पत्रकार ही है। पत्रकार को समाज के सजग प्रहरी के रूप में देखा जाता है। एक पत्रकार सामाजिक परिवर्तन के लिए जो त्याग करता है उसका वह त्याग ही समाज को गति प्रदान करता है। समाज के प्रत्येक वर्ग की आवाज पत्रकार होता है। एक पत्रकार सामाजिक परिवर्तन के लिए जो त्याग करता है उसका वह त्याग ही समाज को गति प्रदान करता है। पत्रकारों का समाज को जागरूक करने में महत्वपूर्ण योगदान है।

मुख्य अतिथि डॉ विशेष गुप्ता ने कहा कि पत्रकार के लिए पत्रकारिता एक धर्म की तरह है। और पत्रकारिता का एक धर्म है- निष्पक्षता। आपकी लेखनी तभी प्रभावी हो सकती है जब आप निष्पक्ष होकर पत्रकारिता करें। पत्रकारिता में आप पक्ष नहीं बन सकते। हां, पक्ष बन सकते हो लेकिन केवल सत्य का पक्ष। डिजिटल तकनीक ने पत्रकारिता को बिल्कुल एक नए फलक पर लाकर खड़ा कर दिया है। रफ्तार की प्रतिस्पर्धा से नए खतरों का अंदेशा भी बढ़ा है। दूसरे सिरे पर बैठा पाठक केवल पढ़कर चुपचाप बैठे रहना वाला नहीं रहा।

कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. राजेश शुक्ला ने कहा कि पत्रकार का कार्य हर परिस्थिति में साहस के साथ संवाद स्थापित करना है न कि विवाद करना। उन्होंने जनसंचार विभाग के छात्रों का आह्वान करते हुए कहा मीडिया का क्षेत्र असीम संभावनाओं से परिपूर्ण है। ग्राफिक्स, एनीमेशन, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, न्यू मीडिया और नागरिक पत्रकारिता जैसे क्षेत्रों ने युवाओं के लिए रोजगार और सृजनात्मक अभिव्यक्ति के अनेक नए अवसर उपलब्ध कराए हैं। कार्यक्रम के अंत में महानगर प्रचार प्रमुख संजीव चौधरी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन मेजर राजीव ढल द्वारा किया गया, कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रशांत मिश्रा, हरिमोहन गुप्ता, सचिन कुमार, राकेश मिश्रा, रतनलाल एडवोकेट, सुभाष शर्मा, डॉ मुदित सिंघल, कुलदीप कुमार, डॉ सत्यवीर सिंह आदि महानगर के वरिष्ठ पत्रकार गण साहित्यकार गण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल में समर कैंप में पूल एवं आइसक्रीम पार्टी का हुआ आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** शासन के निर्देश पर नगर के मोहल्ला राजपूत कॉलोनी स्थित रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल के प्रांगण में स्कूल प्रशासन द्वारा चार दिवसीय समर कैंप के आयोजन में नर्सरी से लेकर कक्षा एक तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभा किया। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान प्रतिवर्ष की भांति विद्यार्थियों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास हेतु इस वर्ष भी समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप के दौरान छात्र-छात्राओं के द्वारा डांस,आर्ट एवं कलर गेम्स शाहिद विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समर कैंप के अंत में एक आइसक्रीम पार्टी एवं पूल पार्टी का भी आयोजन किया गया जिसमें भीषण गर्मी के दौरान बच्चों द्वारा आइसक्रीम का लुफ्त उठाया गया। समर कैंप के दौरान प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना,अध्यक्ष रवि शंकर शर्मा, प्रधानाचार्य निशांत त्यागी,सोमवती कश्यप, भावना सक्सेना,मंजरी दीक्षित, लक्ष्मी रस्तोगी, नीलम सक्सेना,स्वाति, अतुल मथुर, सीमा वर्मा, रवि वर्मा, कोमल रानी, राजकुमार, नेपाल सिंह आदि स्टाफ मौजूद रहा।




समर कैंप के दौरान मस्ती करते बच्चे। -जागरण मोर्चा

# ओलावृष्टि के चलते नगर का मौसम हुआ सुहावना, गर्मी से मिली निजात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर में रविवार की दोपहर को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया, कई दिनों की भीषण गर्मी के बाद तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई और फिर ओलावृष्टि के चलते नगर वासियों को गर्मी से राहत दिलवाने का काम किया है। नगर वासी काफी दिनों से भीषण गर्मी से परेशान थे गर्मी के चलते विद्युत उपकरण भी शोपीस साबित हो रहे थे, वहीं रविवार की दोपहर लगभग 2.30 बजे आसमान में काली घटा छा गई और तेज हवा के साथ धूल उड़ने लगी, इसी के साथ बारिश शुरू हो गई और बीच में ओलावृष्टि होने के कारण नगर के तापमान में गिरावट आ गई और नगर का मौसम सुहावना हो गया, जिससे नगर वासियों के चेहरे पर खुशी झलक उठी और उन्हें भीषण गर्मी से राहत मिली। नगर में लगभग 10 मिनट तक आसमान से ओले गिरे, जहां ओले गिरने से वातावरण में काफी ठंडक बढ़ गई वहीं आसमान से ओले गिरते देख बच्चों के चेहरे पर भी खुशी साफ दिखाई दे रही थी।



# प्राइमरी स्कूल के पास जल भराव की समस्या से ग्रामीण परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के एक गांव में स्थित प्राइमरी स्कूल के पास काफी दिनों से जल भराव की समस्या होने से जहां ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है वही बच्चों को भी स्कूल आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। वही ग्रामीणों द्वारा चेतावनी दी गई है कि अगर जल्द जल भराव की समस्या का निस्तारण नहीं किया गया तो वह जनपद के उच्च अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे। हसनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम अलावलपुर के ढक्का शेखुपुरा झकड़ी मार्ग पर एक प्राइमरी स्कूल स्थित है, जिसके पास काफी समय से जल भराव की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। ग्राम वासियों एवं राहगीरों को इस गंदे पानी में से होकर गुजरना पड़ता है, यह मार्ग कई गांवों को जोड़ने का भी कार्य करता है। ग्रामीणों द्वारा कई बार इस समस्या की शिकायत संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से दर्ज कराई है,लेकिन हर बार ग्रामीणों को सिर्फ आश्वासन मिलता है, समस्या का समाधान नहीं हो पता। जिससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीण संजीव चौधरी, राजेंद्र सिंह, संतवीर सिंह, सोनू पाल, एवं चरन सिंह ने बताया कि जल्द ही जनपद के उच्च अधिकारियों से मिलकर अपनी समस्याओं को उनके समक्ष रखेंगे।



गांव के मुख्य मार्ग पर जल भराव एवं गंदगी। -जागरण मोर्चा

# बरसात व तेज हवा के चलते पेड़ से टकराई बाइक दो भाई घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक लिंक मार्ग पर तेज हवा व बरसात के चलते अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराने से दो भाई गंभीर रूप से घायल। सूचना पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को नगर के सीएचसी में कराया भर्ती,जहां एक की हालत को गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

सैद नगली थाना क्षेत्र के गांव देहरा मिलक में बागड़ी समुदाय के राजेश व नन्हे पुत्रगण बदलू दो भाई अपना डेरा डालकर रहते हैं। रविवार की दोपहर बाद बरसात के दौरान दोनों भाई बाइक पर सवार होकर कोतवाली क्षेत्र के गांव रजोहा से देहरा मिलक जा रहे थे जैसे ही उनकी बाइक शब्दलपुर सुमाली लिंक मार्ग पर पहुंची तो अचानक तेज हवा व बरसात के दौरान अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर लगते ही दोनों भाई घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां नन्हे की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हाथ सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल में जुट गई। पुलिस के द्वारा घायल के मोबाइल के द्वारा फोन से परिजनों को सूचना दी गई है।



घायल भाई।

# विश्व जागृति मिशन का पांच दिवसीय शरबत एवं भोजन वितरण सेवा अभियान का समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** विश्व जागृति मिशन के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय शरबत वितरण एवं भोजन वितरण सेवा कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सेवा कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा अभियान का उद्देश्य जरूरतमंदों एवं राहगीरों को राहत पहुंचाना तथा समाज में सेवा और परोपकार की भावना को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन श्रद्धालुओं एवं जरूरतमंद लोगों को शीतल शरबत और भोजन वितरित किया गया। सेवा कार्य में जुड़े सभी स्वयंसेवकों और भक्तों ने पूरी निष्ठा, समर्पण और उत्साह के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया, जिसके परिणामस्वरूप यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। कार्यक्रम को सफल बनाने में गीता अग्रवाल, विदुला गुप्ता, मीरा सत्य, सीमा, नीलम सिंह, शिल्पी गुप्ता, कुमकुम गर्ग, आशा मंडोला, सुनीता मंगल, नीता अग्रवाल, अश्विनी सेठ, राजीव मंडोला, हरिशंकर, गंगाराम, मदन गोपाल वर्मा, रामनिवास, तिवारी, गंगवार जी, रणवीर वकील, प्रवीण अग्रवाल एवं रचित अग्रवाल सहित अनेकों श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा। सभी के सामूहिक प्रयास और सेवा भावना ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का संयोजन राकेश अग्रवाल द्वारा किया गया, जबकि आयोजन की जिम्मेदारी शोभा अग्रवाल ने निभाई। समापन अवसर पर शोभा अग्रवाल ने सभी सहयोगियों, स्वयंसेवकों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा ही मानव जीवन का सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने सभी के सहयोग और समर्पण की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। अंत में सभी साथियों ने एक-दूसरे को सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं तथा सेवा कार्यों को भविष्य में भी निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। हार्दिक प्रसन्नता और उत्साह के वातावरण में कार्यक्रम का समापन हुआ।



# कोल्ड ड्रिंक भरी पिकअप में कार चालक ने मारी टक्कर, पिकअप क्षतिग्रस्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के बाईपास मार्ग पर कोल्ड ड्रिंक से भरी पिकअप गाड़ी में कार ने टक्कर मार दी, टक्कर लगने के बाद कार चालक कार छोड़कर फरार हो गया। सड़क हादसे की सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और कार को कोतवाली ले आई, वही पिकअप चालक द्वारा अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मल्ल वाली डगरौली निवासी हरवीर पुत्र जय राम सिंह पिकअप गाड़ी चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है, वह शनिवार की देर रात्रि पिकअप गाड़ी से अपने घर जा रहा था जैसे ही वह ठीक अप गाड़ी लेकर नगर के बाईपास मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के निकट पहुंचा तो संभल चौराहे की दिशा की ओर से जा रही तेज रफ्तार वरना कार ने सामने से टक्कर मार दी जिससे पिकअप गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई, हादसा होने के बाद चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। वहीं सड़क हादसे की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और कार को कोतवाली ले आई। वही पीड़ित हरवीर सिंह के द्वारा रविवार की प्रातः कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



सड़क हादसे के बाद मौके पर पुलिस।

जायजा — गर्मी के दृष्टिगत पशुओं की बेहतर देखभाल किये जाने के दिये निर्देश

# डीएम ने किया ग्राम फूलपुर बिजलपुर गौशाला का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** रविवार को जिलाधिकारी डॉक्टर नितिन गौड़ के द्वारा विकासखंड हसनपुर के ग्राम फूलपुर बिजलपुर स्थित गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में भूसे की मात्रा पर्याप्त पाई गई। जिलाधिकारी ने टीन शेड का एक पिलर क्षतिग्रस्त होने पर खंड विकास अधिकारी को उसे शीघ्रता से ठीक करने के निर्देश दिए।इसी के साथ उन्होंने गौशाला में पशुओं को सूखा भूसा न दिया जाए और समय से पानी और भूसे में हरा चारा और खल मिलाकर देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा की गर्मी के दृष्टिगत पशुओं का विशेष ध्यान दिया जाए समय-समय पर पानी चारा का ख्याल रखा जाए गर्मी में किसी भी पशु को दिक्कत ना हो यह सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने खली चोकर गोदाम में पहुंचकर उपलब्धता का परीक्षण किया उन्होंने कहा कि कोई भी पशु बीमार नहीं रहना चाहिए त्वरित इलाज पशुओं को दिया जाना चाहिए। बीमार पशुओं के त्वरित इलाज के निर्देश संबंधित को दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी हसनपुर, खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



गौशाला का निरीक्षण करते जिला अधिकारी। -जागरण मोर्चा

# ज्येष्ठ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने गंगा धाम तिगरी व ब्रजघाट में आस्था की डुबकी लगाई और श्रद्धा के साथ गंगा मैया की पूजा अर्चना करके मनोकामनाएं मांगी।

ज्येष्ठ पूर्णिमा पर स्नान के लिए शनिवार की शाम से ही ब्रजघाट में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ ही हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़ जनपद तक के श्रद्धालुओं ने ब्रजघाट में पहुंचना शुरू कर दिया था। रविवार की भोर से ही श्रद्धालुओं ने आस्था और श्रद्धा के साथ गंगा तट पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगानी प्रारंभ कर दी थी। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पुरोहितों के माध्यम से भगवान सत्यनारायण की कथा सुनकर पुण्य लाभ अर्जित किया और दान-दक्षिणा भेंट की। उधर ब्लॉक के गांव तिगरी में भी गंगा स्नान करने के लिए श्रद्धालु पहुंचे। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ज्येष्ठ पूर्णिमा का हिन्दू धर्म में विशेष महत्तव है। इस दिन गंगा में स्नान करने और जरूरतमंदो को दान देने से घर में सुख-स्मृद्धि आती है।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर ली गई नशा मुक्ति की शपथ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** उच्च अधिकारियों के निर्देश पर विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर कोतवाली प्रांगण में प्रभारी निरीक्षक द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को नगर स्थित कोतवाली प्रांगण पर तंबाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान पुलिस कर्मियों को प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी के द्वारा तंबाकू एवं अन्य मादक पदार्थों से दूर रहने तथा समाज को इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली। कार्यक्रम में अधिकारियों ने कहा कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। इससे न केवल व्यक्ति का स्वास्थ्य प्रभावित होता है, बल्कि उसकी कार्यक्षमता और पारिवारिक जीवन पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। एक स्वस्थ पुलिसकर्मी ही बेहतर ढंग से समाज की सुरक्षा और सेवा कर सकता है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि तंबाकू का नशा एक धीमा जहर है, जो समाज और विशेष रूप से युवा पीढ़ी को नुकसान पहुंचा रहा है। इस दौरान कोतवाली में समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



कोतवाली प्रांगण में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी शपथ दिलाते हुए।

# संपादकीय

## जरूरी सत्ता परिवर्तन

कभी भाजपा के गढ़ रहे कर्नाटक में कांग्रेस की सत्ता वापसी में डी.के. शिवकुमार की बड़ी भूमिका मानी जाती रही है। जिस ऊर्जा व तेवरों से, उन्होंने पिछला विधानसभा चुनाव कांग्रेस सगंठन व कार्यकर्ताओं को एकजुट करके लड़ाया, उससे उम्मीद थी सरकार बनने के बाद उनकी ही ताजपोशी होगी। वे न केवल संगठन के सूत्रधार ही थे, बल्कि उन्होंने केंद्रीय एजेंसियों का त्रास भी झेला था। बहरहाल, कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से सिद्धारमैया के इस्तीफे ने अब तक उप मुख्यमंत्री की भूमिका निभाते रहे डी.के. शिवकुमार की पदोन्नति का मार्ग प्रशस्त किया है। देर से ही सही कांग्रेस हाईकमान ने उस चूक को दुरुस्त किया है, जिसके चलते कई राज्यों में नेतृत्व चयन की गफलत की बड़ी राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ी थी। बहरहाल, 77 वर्षीय सिद्धारमैया की सरकार ने पिछले ही सप्ताह अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे किए थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हाईकमान के निर्देश पर उन्होंने मुख्यमंत्री पद छोड़ा है। हालांकि, राज्यभर में उनके समर्थकों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन संकेत देते हैं कि इस नेतृत्व परिवर्तन को एक सामान्य बदलाव के रूप में नहीं देखा जा सकता। कयास लगाए जा रहे हैं कि मौजूदा बदलाव मई 2023 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत के बाद सत्ता साझाकरण की बारी-बारी से व्यवस्था की अटकलों को बल देता प्रतीत होता है। हालांकि, कांग्रेस पार्टी इस बात से इनकार करती है लेकिन ऐसा लगता है कि सत्ता के बंटवारे के इस समझौते ने कर्नाटक में पार्टी की आंतरिक गतिविधियों को प्रभावित किया है। इस बदलाव के लिये लंबे समय तक प्रतीक्षारत रहे डी.के. शिवकुमार अब इस प्रतिष्ठित पद के लिये और इंतजार करते नहीं दिखायी दे रहे थे। जाहिरा तौर पर पहले की तरह वर्ष 2028 के चुनावी संग्राम के लिये पार्टी को तैयार करने की जिम्मेदारी भी उन्हीं की होगी। उन्हें अगले दो वर्षों में राज्य में सुशासन को प्राथमिकता देनी होगी। इस बात को कुछ देर से ही सही, पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने महसूस तो किया है। राजनीतिक पंडित मान रहे हैं कि कांग्रेस नेतृत्व को देर-सवेर अहसास होने लगा था कि जिस कर्नाटक को भाजपा दक्षिण का द्वार बताकर विगत में वर्चस्व बना चुकी है, वहां पार्टी को नेतृत्व-द्वंद्व का नुकसान हो सकता था। जिसकी पूर्ति तेज-तर्रार डी.के. शिवकुमार जैसे नेतृत्व से ही संभव हो सकती है। निर्विवाद रूप से वे अपेक्षाकृत कम उम्र के जुझारू राजनेता के रूप में पहचान रखते हैं। उन्हें कुशल चुनावी रणनीतिकार के रूप में जाना जाता रहा है। बहरहाल, अब कांग्रेस पार्टी के सामने सबसे बड़ी चुनौती राज्य में पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों और दलितों का समर्थन बरकरार रखना है। माना जाता है कि इन वर्गों में सिद्धारमैया की खासी मजबूत पकड़ रही है। वहीं दूसरी ओर निवर्तमान मुख्यमंत्री द्वारा केंद्र की राजनीति में भूमिका को स्वीकार करने के लिये दिए गए प्रस्ताव पर अनिच्छा जताने ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। बहरहाल, इसी तरह के अनिर्णय व असमंजस की स्थिति का नुकसान विगत में कांग्रेस कई राज्यों में उठा चुकी है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 2018-23 तक पद पर बनाये रखा, जबकि उनके सहयोगी और प्रतिद्वंद्वी टीएस सिंह देव लगातार उन पर दबाव डाल रहे थे। पंजाब में, पार्टी ने साल 2022 के विधानसभा चुनावों से ठीक पांच महीने पहले कैप्टन अमरिंदर को मुख्यमंत्री पद से हटा दिया था। सत्ता विरोधी लहर का मुकाबला करने के उद्देश्य से उठाया गया यह कठोर कदम कांग्रेस को बड़ा झटका दे गया था। कर्नाटक कांग्रेस के लिये दक्षिणी राज्यों में पकड़ बनाने की नीतियों की वजह से एक महत्वपूर्ण राज्य है। विगत में राज्य में भाजपा की पकड़ मजबूत रही है। यहां पार्टी का मजबूत संगठन मौजूद भी है। बहरहाल, कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका यह दांव शिवकुमार और सिद्धारमैया के नेतृत्व वाले गुटों के बीच मतभेद को बढ़ाने वाला साबित न हो। बल्कि मिल-जुलकर पार्टी संगठन को मजबूती देने के प्रयास हों।

# अमेरिका-ईरान युद्ध से महंगाई के कारण आमजन प्रभावित



भले ही 1970 के तेल संकट जैसे हालात होने की संभावना ना हो या 2008 जैसी वित्तीय मंदी के हालात ना हो फिर भी एक बात साफ है कि अमेरिका-ईरान के बीच करीब तीन माह से चल रहे युद्ध के नकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। चाहे एशिया के देश हो या फिर योरोपीय देश सभी केवल वैश्विक तनाव ही नहीं अपितु ईंधन आपूर्ति प्रभावित होने से बढ़ते दामों को रोकने में विफल ही हो रहे हैं। पिछले दस-पन्द्रह दिनों में ही हमारे देश में पेट्रोल- एलपीजी-सीएनजी-पीएनजी के दामों में एक बार नहीं अपितु तीन बार बढ़ोतरी हो चुकी है। हांलाकि वर्तमान हालातों में सरकार को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। विपक्ष चाहे लाख आरोप लगाये या आंदोलन-प्रदर्शन करें पर अंतरराष्ट्रीय हालातों से आंख नहीं मूंदनी चाहिए। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आमजन से आग्रह को भी इसी संदर्भ में सकारात्मकता से लिया जाना चाहिए। वैसे भी जब संकट का दौर हो और उस संकट के लिए हम या हमारी सरकार जिम्मेदार नहीं हो तो फिर देश में नकारात्मक माहौल बनाने के स्थान पर सकारात्मक माहौल बनाया जाना चाहिए। यह किसी एक व्यक्ति या किसी एक दल का नहीं अपितु सभी राजनीतिक दलों का दायित्व हो जाता है। अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल और एलपीजी की आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हुई है। ईधन संकट का बड़ा कारण अमेरिका-ईरान युद्ध ना होकर अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण हार्मुज संकट बन गया है। हार्मुज के रास्ते से ही कच्चे तेल की आपूर्ति होती है और तनाव के चलते हार्मुज जनडमरुमध्य रास्ते को अवरुद्ध कर दिया गया है इससे आपूर्ति प्रभावित हो रही है। यह तो वैकल्पिक उर्जा के रुप में देश में सोलर, विण्ड एनर्जी के क्षेत्र में पिछले सालों में योजनावद्ध तरीके से तेजी से और बेहतर काम हुआ है और इसी का परिणाम है कि आज प्रधानमंत्री इलेक्ट्रोनिक वाहनों के उपयोग या सोलर एनर्जी के उपयोग पर खुले तौर पर आग्रह करने की स्थिति में है। नवीकरणीय उर्जा के क्षेत्र में देश में तेजी से काम हुआ है और हो रहा है जो एक हद तक संकट को कम करने में सहायक बन रहा है।

आज की दुनिया आइसोलेट दुनिया नहीं है। एक देश की दूसरे देश पर निर्भरता बढ़ी है। कहीं से ईंधन के लिए तो कहीं से खाद्यान्न, कहीं दवा, कहीं अन्य किसी वस्तु के लिए निर्भरता बढ़ी है। युद्ध के चलते इंटरनेशनल लोजिस्टिक सेवाएं प्रभावित हुई है। जहां तक देश की ही बात की जाएं तो पेट्रोल, डीजल, एलपीजी आदि के कीमत में बढ़ोतरी का व्यापक प्रभाव पड़ने लगा है। सीधी सी बात है जब आवागमन महंगा होगा चाहे वह आम आदमी, सार्वजनिक क्षेत्र या लोजिस्टिक का हो तो उसका सीधा सीधा वस्तुओं और सेवाओं पर पड़ेगा ही। यही कारण है ईंधन यानी तेल के भावों में बढ़ोतरी के साथ ही वस्तुओं और सेवाओं के भाव प्रभावित होने लगे हैं। इसके साथ ही आयात पर निर्भर वस्तुओं के भाव प्रभावित होने लगे हैं। जहां तक तेल का प्रष्न है देश में खाद्य तेल और अखाद्य तेल दोनों ही प्रभावित हो रहे हैं। खाद्य तेलों में भी आयात पर निर्भरता अधिक है। लाख प्रयासों के बावजूद तिलहन मिशन से तिलहनों का उत्पादन तो बढ़ा है पर अभी विदेशी निर्भरता बनी हुई ही है। इसी तरह से अन्य वस्तुओं के भाव प्रभावित होने लगे हैं। जहां तक सेवा क्षेत्र का प्रष्न है स्वीगी-जोमेटो आदि सेवा प्रदाताओं ने पिछले दिनों में अपने दामों में 16 फीसदी से भी अधिक की बढ़ोतरी कर दी है। मोबाइल सेवा प्रदाताओं ने प्लानों को रिवाइज किया हैं तो उबेर-ओला जैसे सेवा प्रदाताओं ने किराया बढ़ा दिया है। हो तो यहां तक रहा हैं कि बैंकों द्वारा जमाओं पर ब्याज दर में कमी लाना शुरु कर दिया है।

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि लोजिस्टिक लागत बढ़ेगी तो उसका असर सभी वस्तुओं में देखने को मिलेगा। भारत सरकार वेनेजुएला से वैकल्पिक तरीके से कच्चे तेल लाने का प्रयास कर रही है तो अन्य विकल्प भी खोजे जा रहे हैं। पर यह साफ हो जाना चाहिए कि कच्चे तेल की आपूर्ति जब तक सामान्य नहीं हो जाती तब तक पूरी तरह से संकट समाप्त होने की कल्पना नहीं की जा सकती। इन वैश्विक हालातों के पीछे अमेरिका-ईरान की हठधर्मिता ही है। अमेरिका-इजरायल ने ईरान से लड़ाई शुरु करते समय रुस यूक्रेन युद्ध के हालातों से सबक नहीं लिया। रुस के सामने यूक्रेन पिद्दी सा देश होने के बावजूद आज तीन साल से भी अधिक समय होने के बावजूद निर्णायक स्तर पर नहीं पहुंचा है। पर अमेरिका ने यह सोचा था कि दो-तीन दिन में ही ईरान को घुटने टिकवा देंगे और यही अमेरिका की नासमझी रही। मानो या ना मानो पर वास्तविकता यह है कि आज अमेरिका के सामने अपनी प्रतिष्ठा बनाये रखने का संकट आ गया है और यही कारण है कि अंदरखाने अमेरिका और ट्रंप किसी भी तरह से सीज फायर के लिए प्रयासरत है। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि युद्ध में नुकसान अमेरिका को ही अधिक हो रहा है। ईरान तो अपने घर से लड़ रहा है और उसके निशाने पर आसपास के देश है। ऐसे में स्टेक तो अमेरिका-इजरायल का ही हो जाता है। इसके अलावा एक बात और समझनी होगी कि ट्रंप 2 में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने आये दिन तुगलकी फरमान जारी कर दुश्मन ही दुश्मन बनाएं है। गली के गुंडे जैसी पहचान बन गई है ट्रंप की तो दूसरी और अमेरिका के ही अधिकांश लोगों का भरोसा ट्रंप ने खो दिया है। ऐसे में सम्मानजनक सीजफायर ही अमेरिका के लिए अब इस संकट से निकलने का रास्ता रह गया है और इसके लिए ही अंदरखाने प्रयास जारी है।

# तीसरी आंख, न्यूरो केमिस्ट्री और मानसिक स्वास्थ्य



आज की युवा पीढ़ी अवसाद, अनिद्रा और मानसिक भटकाव के एक ऐसे मूक जाल में फंसी है, जिसका समाधान केवल आधुनिक दवाओं के पास नहीं है। इस वैश्विक संकट की गहराइयों और इसके अचूक समाधान को समझने के लिए प्रसिद्ध आयुर्वेदिक मनोचिकित्सक एवं पास्ट लाइफ रिग्रेशन हिप्नोथेरेपिस्ट डॉ. कुलदीप सिंह चौहान से विशेष बातचीत की। डॉ. चौहान मर्म चिकित्सा, ईएफटी इमोशनल फ्रीडम टेक्निक और एनएलपी न्यूरो-लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग के माध्यम से आयुर्जीवनम् सेवा समिति एवं आयुर्जीवनम् पैरामेडिकल कॉलेज के मानसिक स्वास्थ्य अभियान के तहत हजारों जटिल मरीजों को नया जीवन दे रहे हैं।तीसरी आंख और पीनियल ग्रंथि का आधुनिक संकट सनातन शास्त्रों में जिसे 'तीसरी आँख' या 'आज्ञा चक्र' कहा गया है, आधुनिक न्यूरोसाइंस में वही 'पीनियल ग्रंथि' है।असंतुलन का कारण देर रात तक मोबाइल-लैपटॉप की नीली रोशनी और प्रकृति विरोधी जीवनशैली इस ग्रंथि को पूरी तरह सुला देती है।न्यूरो केमिस्ट्री का बिगड़नाः इसके कारण मेलाटोनिन का स्राव घटता है, जिससे सेरोटोनिन और डोपामाइन जैसे 'हैप्पी हार्मोन' का संतुलन बिगड़ जाता है। आज के युवाओं में बढ़ता चिड़चिड़ापन, एंग्जायटी, पैनिक अटैक और डिप्रेशन इसी न्यूरोकेमिकल असंतुलन की देन है।प्राचीन आयुर्वेद और आधुनिक हीलिंग का अनूठा संगम आज की गंभीर मानसिक एवं शारीरिक समस्या का समाधान केवल सिंथेटिक गोलियों में नहीं है, जो दिमाग को सुन्न कर देती हैं। आयुर्वेद के साथ-साथ कई आधुनिक और आध्यात्मिक हीलिंग पद्धतियों का एक समन्वित उपयोग कर रोगों से न केवल मुक्ति बल्कि स्थाई समाधान पाया जा सकता है।

मर्म चिकित्सा ऊर्जा केंद्रों का तत्काल जागरण मस्तिष्क और माथे के आसपास कई महत्वपूर्ण मर्म बिंदु जैसे 'स्थपनी मर्म' होते हैं। इन मर्म बिंदुओं पर विशेष आयुर्वेदिक तेलों से सही दबाव देने से पीनियल ग्रंथि तुरंत सक्रिय होती है। यह ब्लॉक हुई मानसिक ऊर्जा को खोलकर न्यूरो केमिस्ट्री को संतुलित करता है। पास्ट लाइफ रिग्रेशन और हिप्नोथेरेपी कई बार मानसिक विकारों की जड़ें वर्तमान जीवन में नहीं, बल्कि अवचेतन मन की गहरी परतों या पिछले जन्मों के अनसुलझे आघातों में छिपी होती हैं। हिप्नोथेरेपी और हीलिंग के माध्यम से मरीज को गहरे अवचेतन में ले जाकर उन मानसिक ग्रंथियों को खोलते हैं, जिससे वर्षों पुराना डिप्रेशन कुछ ही सेशन्स में गायब हो जाता है। ईएफटी और एनएलपी इमोशनल फ्रीडम टेक्निकशरीर के विशिष्ट एक्यूप्रेशर बिंदुओं को थपथपाकर शरीर के भीतर जमा नकारात्मक भावनाओं, डर और फोबिया को तुरंत बाहर निकाला जाता है।यह मस्तिष्क की री-वायरिंग की तकनीक है। इसके माध्यम से युवाओं की नकारात्मक सोच के पैटर्न को बदलकर सकारात्मक मानसिक न्यूरो-पाथवे बनाए जाते हैं। आयुर्वेदिक मानस चिकित्सा और शिरोधारा मानसिक स्वास्थ्य के लिए ब्राह्मी, जटामांसी और अश्वगंधा जैसे मेध्य रसायनों के उपयोग बेहद कारगर एवं परिणामदायक हैं। साथ ही, माथे पर होने वाली शिरोधारा चिकित्सा सीधे आज्ञा चक्र तीसरी आंख को शांत और पुनर्जीवित करती है।

**जब विज्ञान हार गया, तब हीलिंग ने दिखाया चमत्कार :** डॉ. चौहान ने बातचीत के दौरान एक वास्तविक मामला साझा किया। उन्होंने अपने पास आए एक 24 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर जो कि पिछले 3 वर्षों से गंभीर अवसाद, आत्मघाती विचारों और अनिद्रा से पीड़ित था। मनोचिकित्सक की सलाह पर भारी मात्रा में एंटी-डिप्रेसेंट दवाएं लेने के बाद भी उसकी स्थिति बिगड़ती जा रही थी। जब वह हमारे पास आया, तो हमने उसकी केस हिस्ट्री समझी। हमने आयुर्वेद मानस चिकित्सा के साथ मर्म चिकित्सा और पास्ट लाइफ रिग्रेशन के 4 सेशन किए। रिग्रेशन के दौरान उसके अवचेतन मन में बचपन का एक छुपा हुआ डर बाहर निकला। ईएफटी टैपिंग के जरिए उस डर को रिलीज किया गया। मात्र 45 दिनों के भीतर उसकी सभी एलोपैथिक दवाएं बंद हो गईं, उसकी पीनियल ग्रंथि पुनर्जीवित हुई और आज वह पूरी तरह स्वस्थ होकर अपनी सामान्य जिंदगी जी रहा है। कई सफल मनोचिकित्सा के रोगियों की निदान और रोग पर आधारित कहानियों के रूप में प्रस्तुत 'जासूस चिकित्सक' कहानी संग्रह बेहद उपयोगी पुस्तक है। इसमें कई मनोरोगकी जानकारी और एक चिकित्सक द्वारामनोरोग की जड़ तक पहुंचने एवं निदान करने के बारे में किसी मिस्टी उपन्यास की कहानियों की तरह लिखा गया है जो मनोरंजन के साथ मनोरोग की जानकारी और बचाव के लिए जागरूक करती है। डॉ. कुलदीप सिंह चौहान के साथ हुई इस मंत्रणा से यह स्पष्ट है कि आज की पीढ़ी को केवल दवाओं की बैसाखी नहीं, बल्कि एक समग्र रूपांतरण की आवश्यकता है। जब आयुर्वेद की प्राचीन विधाएं, मर्म चिकित्सा, और आधुनिक न्यूरो-हीलिंग विधाएं एक साथ काम करती हैं, तो मस्तिष्क की न्यूरोकेमिस्ट्री का पुनर्संतुलन प्राकृतिक रूप से हो जाता है। अपनी तीसरी आँख को जागृत करना और प्रकृति के चक्र से जुड़ना ही इस सदी के सबसे बड़े मानसिक स्वास्थ्य संकट का एकमात्र समाधान है।

# चमचा पुराण : जहां मलाई, वहीं हम भाई!

चमचा एक अद्भुत जीव है। यह आदमी की उस नस्ल से आता है जो पैदा तो इंसान होती है, पर धीरे-धीरे 'जी सर', 'वाह सर', 'आप तो महान हो सर' करते-करते स्टील में बदल जाती है। चमचा किसी भी धातु का हो पर चमचे की चांदी जरूर होती है। चम्मच की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह हमेशा 'मुंह लगा' होता है। कभी दाल में डूबता है, कभी खीर में, कभी मंत्रीजी की प्लेट में, कभी अफसर की फाइल में। उसका कोई धर्म नहीं, कोई ईमान नहीं। उसका एक ही सिद्धांत है—जहां मलाई, वहीं हम भाई! इतिहास गवाह है कि चमचों की प्रजाति बहुत प्राचीन है। महाभारत काल से लेकर मुगलों के दरबार तक में चमचे इतने विकसित हो गए थे कि बादशाह छींक भी दे तो बोल पड़ते-जहांपनाह, क्या ऐतिहासिक छींक थी! अंग्रेजों के जमाने में चमचों ने नया रूप लिया। वे अंग्रेजी में 'यस सर' बोलने लगे। देश आजाद हुआ, सरकारें बदल गईं पर चमचे अमर हो गए। असल में चमचा कभी एक का हो ही नहीं सकता। जैसे असली चम्मच हर दिन नया मुंह देखती है, वैसे ही चमचे रोज नया 'पाला' पकड़ते हैं। सुबह एक नेता के चरणों में, शाम को दूसरे के ड्राइंग रूम में। आजकल चमचे डिजिटल भी हो गए हैं। सोशल मीडिया ने चमचों को पंख दे दिए। अब वे कमेंट सेक्शन में पाए जाते हैं। पोस्ट के नीचे ऐसे टूट पड़ते हैं जैसे बरसात में मेढक। पहले सामने बैठकर मक्खन लगाते थे, अब व्हाट्सएप स्टेटस और फेसबुक पोस्ट से लगाते हैं। कमेंट ऐसा करेंगे जैसे राष्ट्र निर्माण अकेले साहब जी ने ही किया हो। और मजे की बात देखिए कि चमचे खुद को कभी चम्मच नहीं मानते। हर चमचा खुद को विश्वासपात्र, करीबी, विशेष सहयोगी कहलवाना चाहता है। पर जनता सब जानती है। अंत में बस इतना ही कि थाली बदलने से चम्मच नहीं बदलता, औकात वही रहती है, बस दाल बदल जाती है! सच्चाई तो ये है चमचा कभी किसी का नहीं होता। वह बस कुर्सी का होता है। जहां कुर्सी घूमी, चमचा भी घूम गया। पते की बात यह है कि चमचे कभी वफादार नहीं होते और जो वफादार होते हैं, वे चमचे नहीं होते। एक बर की बात है अक ताऊ सुरजा अर ताऊ नत्थू बतलावैं थे। सुरजा बोल्या—चमचे अर गिरगिट म्हं बस फर्क इतणा सै अक गिरगिट रंग बदलै सै, चमचा ढंग बदलै सै! नत्थू बोल्या—रै मेरे यार! रंग-ढंग की तो किमें बात नीं, असली चमचा तो बाप तक बदलै सै।

# पोस्टमार्टमः टेट अनिवार्यता विवाद में आखिर दोषी कौन?



9 अगस्त 2017 को केंद्र सरकार ने अप्रशिक्षित शिक्षकों को 31 मार्च 2019 तक डी.एल.एड. प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर दिया। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ, राज्यों को निर्देश दिए गए और एनआईओएस के माध्यम से प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई। लाखों शिक्षकों ने सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए प्रशिक्षण पूरा किया। इसका पूरा प्रचार-प्रसार किया गया तथा शुभारंभ भी गाँधी जयंती के दिन 02 अक्टूबर 2017 को हुआ। आज लगभग 25 लाख शिक्षकों के सामने सेवा सुरक्षा का संकट खड़ा है। यदि वर्षों तक नियम की वास्तविक व्याख्या शिक्षकों से छिपी रही, तो इसकी जिम्मेदारी शिक्षकों पर नहीं डाली जा सकती। इस स्थिति के लिए जवाबदेही केंद्र सरकार की बनती है, जिसने समय रहते स्थिति स्पष्ट नहीं की और डी.एल.एड. की तरह टी.ई.टी. का प्रचार-प्रसार क्यों नहीं हुआ? इसे भूल कहा जाए या छल? भूल कहना तो कदापि उचित नहीं होगा क्योंकि सरकार भूलवश कुछ भी नहीं करती। शिक्षकों के साथ किया गया यह एक ऐसा छल प्रपंच है जिससे शिक्षकों को नौकरी से बड़ी आसानी से बिना किसी विरोध के सेवा से बाहर किया जा सके।

**असली विवाद की जड़ क्या है :** 17 अक्टूबर 2017 की अधिसूचना में "निर्धारित योग्यताएं" चार वर्षों में पूरी करने की बात कही गई। वर्ष 2025 में सुप्रीम कोर्ट में इसकी व्याख्या टीईटी अनिवार्यता के रूप में की गई। यदि टीईटी अनिवार्य था, तो इसे स्पष्ट शब्दों में क्यों नहीं बताया गया? राज्यों और शिक्षकों को इसकी सीधी जानकारी क्यों नहीं दी गई?

**सुप्रीम कोर्ट और राजनीति क्या कहती है :** सुप्रीम कोर्ट ने 31 अगस्त 2028 तक की समय-सीमा दी है, जबकि अगला लोकसभा चुनाव 2029 में है। इसलिए शिक्षकों के बीच यह धारणा बनना स्वाभाविक है कि उनकी समस्या राजनीतिक प्राथमिकता नहीं बन पायेगी।

**स्पष्टता और प्रचार के नाम पर धोखाः** यदि यह अधिसूचना स्पष्ट होती और उसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया होता, तो शिक्षक समय रहते टीईटी उत्तीर्ण कर लेते। यह मुद्दा 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में बड़ा राजनीतिक विषय बन सकता था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। लाखों शिक्षक यह मानकर सेवा करते रहे कि उन्होंने सभी आवश्यक शर्त पूरी कर ली हैं।

**आखिर समाधान का रास्ता क्या है? :** समाधान का रास्ता अभी भी खुला है। केंद्र सरकार चाहे तो संसद के माध्यम से आवश्यक संशोधन कर लाखों शिक्षकों को राहत दे सकती है। यही समय है जब सरकार अपने नैतिक दायित्व का निर्वहन करे। यदि समय रहते टीईटी अनिवार्यता की स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई, तो इस संकट के लिए शिक्षक नहीं, बल्कि केंद्र सरकार जिम्मेदार है। अब समाधान और प्रायश्चित- दोनों की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है। लाखों शिक्षकों की सेवा, सम्मान और भविष्य की रक्षा हेतु केंद्र सरकार से ही न्याय की अपेक्षा है।

**-आनंद प्रकाश गुप्ता**

# शिक्षा में महत्वपूर्ण बदलाव है महिला अध्यापिकाओं की बढ़ती संख्या



यूडीआईएसई+ 2023-24 रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय स्कूल शिक्षकों में अब 53.34 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो शिक्षा में उनकी बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। उच्च शिक्षा में केवल 43% संकाय महिलाएं हैं, नेतृत्व की भूमिकाओं में उनका प्रतिनिधित्व और भी कम है। शैक्षणिक जगत में लैंगिक समानता अभी भी जड़ जमाये पूर्वाग्रहों, व्यावसायिक बाधाओं और संस्थागत कठिनाइयों के कारण बाधित है। भारत के शिक्षण कार्यबल में महिलाओं के प्रतिशत में वृद्धि शिक्षा की गुणवत्ता, समावेशिता और सामाजिक समानता में आमूलचूल परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करती है। शिक्षणशास्त्र में लैंगिक पूर्वाग्रहों को चुनौती दी जाती है, समावेशी शिक्षा को बढ़ावा दिया जाता है, तथा महिला शिक्षकों द्वारा महिला विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि की जाती है। छात्रों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए, महिला शिक्षक कक्षा में अधिकाधिक भागीदारी और लिंग-संवेदनशील शिक्षण को प्रोत्साहित करती हैं। यूनेस्को की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं द्वारा संचालित कक्षाओं में समावेशी भागीदारी 20% अधिक होती है। सामाजिक बाधाओं और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करके, महिला शिक्षकों की उपस्थिति लड़कियों के शैक्षिक अवसरों को बढ़ाती है। महिला शिक्षकों की संख्या में वृद्धि के कारण बिहार की कन्या उत्थान योजना में महिलाओं के नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। लिंग भूमिकाओं, बाल विवाह और मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में बातचीत को सामान्य बनाकर, महिला शिक्षक समानता को बढ़ावा देती हैं। उड़ान योजना के अंतर्गत किशोरियों को महिला शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। महिला शिक्षकों द्वारा भावनात्मक समर्थन देने की संभावना अधिक होती है, जिससे विद्यार्थियों का कल्याण बेहतर होता है। उच्च शिक्षा संकाय पदों में महत्वपूर्ण लैंगिक असमानताएं महिला संकाय सदस्यों के कम प्रतिनिधित्व के कारण होती हैं। उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण के अनुसार, शिक्षण पदों पर पुरुषों की संख्या अधिक होने के बावजूद, उच्च शिक्षा संकाय में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 43% है। आईआईटी और एनआईटी में महिला संकाय का प्रतिनिधित्व अभी भी 20% से कम है, जो प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में लैंगिक असमानताओं को दर्शाता है। अकादमिक नेतृत्व में महिलाओं की भूमिका एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर स्तर तक सीमित है, जहां उनका प्रतिशत तेजी से गिरता है।

## एक नजर

### सिटी बसों की हड़ताल तीसरे दिन खत्म, अब नियमित चलेंगी 115 बसें

**लखनऊ।** सिटी बसों की हड़ताल तीसरे दिन खत्म हुई। कर्मचारियों व सिटी ट्रांसपोर्ट प्रशासन के बीच वार्ता सफल रही। रविवार दोपहर सिटी बसों का संचालन शुरू कर दिया गया। इससे दैनिक यात्रियों की मुसीबतें दूर हो गई। रविवार को सेकेंड शिफ्ट में दुबग्गा डिपो से कुछ बसें रूट पर दौड़ती नजर आई। सोमवार से सभी 115 इलेक्ट्रिक सिटी बसें 22 रूटों पर चलेंगी। जिन मार्गो पर सिटी बसों की सेवाएं नहीं मिल रही है, यात्री लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट के हेल्पलाइन नंबर 18001805014 पर फोन करके जानकारी ले सकते हैं। सिटी ट्रांसपोर्ट के प्रबंध निदेशक अमरनाथ सहाय ने बताया कि वर्ष 2021 में मैरिट के आधार पर संविदा पर परिचालकों की भर्ती की गई है। इन कर्मचारियों को समितियों के जरिए भर्ती करने के विरोध में बस चालक, परिचालक दुबग्गा डिपो में कार्य बहिष्कार कर रहे थे। इसे लेकर पिछले दो दिनों में बसों का चक्का जाम कर दिया गया था।

### यूपी में अब मदरसा छात्रों को मिलेगा सम्मान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार इस साल राज्य मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेगी। प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने रविवार को बताया कि मदरसा बोर्ड की मुंशी/मौलवी (हाईस्कूल के समकक्ष) और आलिम (इंटरमीडिएट के समकक्ष) परीक्षा की मेरिट सूची के शीर्ष 10 छात्र-छात्राओं को लखनऊ बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दोनों ही परीक्षाओं के परिणामों की मेरिट सूची में शामिल शीर्ष तीन छात्र-छात्राओं को टैबलेट दिया जाएगा और इसके लिए जून के पहले सप्ताह में लखनऊ में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अंसारी ने बताया कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य मदरसा शिक्षा को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी बनाना है, ताकि अल्पसंख्यक समाज के छात्र-छात्राएं मुख्यधारा से जुड़कर बेहतर भविष्य बना सकें।

# गांवों की जमीन अब 98 लाख प्रति हेक्टेयर तक, सर्किल दरों में संशोधन का प्रस्ताव जारी

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** राजधानी में गांवों की जमीन अब 98 लाख प्रति हेक्टेयर तक होगी। जिला प्रशासन की ओर से सर्किल दरों में संशोधन का प्रस्ताव जारी कर दिया गया है। वहीं, आपत्तियां मांगी गई हैं। जमीन खरीदना और बैनामा कराना महंगा हो सकता है।

राजधानी लखनऊ में जिला प्रशासन की ओर से प्रस्तावित नई मूल्यांकन दरों में कई प्रमुख गांवों की कृषि भूमि के सर्किल रेट 98 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर तक निर्धारित किए गए हैं। इससे इन क्षेत्रों में जमीन खरीदना और बैनामा कराना महंगा हो सकता है।

मोहनलालगंज तहसील के गौरा, बेदौवा, भसंडा, हुलासखेड़ा गांवों में जिला मार्ग और आबादी से सटी भूमि की प्रस्तावित दर 98 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर रखी गई है। वहीं, डांडा सिकंदरपुर, दहेरामऊ और भट्ठी बरकतनगर में यह दर 91 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर प्रस्तावित की गई है। सरोजनीनगर क्षेत्र में बरकताबाद जहांगीराबाद के लिए 97 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर, बंधरा सिकंदरपुर, जैतीखेड़ा, नीवां, परवर पूर्व-पश्चिम और रतौली जैसे गांवों के लिए 90 से 91 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर तक की दरें प्रस्तावित हैं। सदर तहसील के पपनामऊ में भी कृषि भूमि का प्रस्तावित सर्किल रेट 95 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर रखा गया है, जो जिले के सर्वाधिक दर वाले क्षेत्रों में शामिल है।

प्रस्तावित सर्किल रेट से मोहनलालगंज, सरोजनीनगर और बंधरा क्षेत्र के ये गांव सबसे अधिक प्रभावित होंगे, जहां हाल के वर्षों में आवासीय और औद्योगिक विकास तेजी से बढ़ा है। प्रशासन ने बाजार मूल्य के अनुरुप दरें बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है।

**सबसे महंगी प्रस्तावित कृषि भूमि (प्रति हेक्टेयर)**

| गांव | प्रस्तावित दर |
|---|---|
| गौरा (मोहनलालगंज) | 98 |
| भसंडा (मोहनलालगंज) | 98 |
| बेंदौवा (मोहनलालगंज) | 98 |
| सिठौली कला (मोहनलालगंज) | 98 |
| हुलासखेड़ा (मोहनलालगंज) | 98 |
| बरकताबाद जहांगीराबाद (सरोजनीनगर) | 97 |
| पपनामऊ (सदर) | 95 |
| जैतीखेड़ा (सरोजनीनगर) | 91 |
| नीवां (सरोजनीनगर) | 91 |
| दहेरामऊ (मोहनलालगंज) | 91 |

**किस तहसील के कितने गांवों में प्रस्तावित हुआ नया सर्किल रेट**

| | |
|---|---|
| मोहनलालगंज | 161 ग्राम |
| सरोजनीनगर | 52 ग्राम |
| बख्शी का तालाब | 95 ग्राम |
| मलिहाबाद | 13 ग्राम |
| सदर तहसील | 6 ग्राम |

## माध्यमिक शिक्षा विभाग में बड़े स्तर पर अफसरों के तबादले, लखनऊ सहित 27 जिलों के डीआईओएस बदले

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** यूपी में माध्यमिक शिक्षा विभाग में बड़े पैमाने पर अफसरों के तबादले किए गए हैं। प्रदेश में लखनऊ सहित 27 जिलों के डीआईओएस की तैनाती में फेरबदल किया गया है। देवेंद्र कुमार पांडेय लखनऊ के नए जिला विद्यालय निरीक्षक हैं।

यूपी में तबादला सत्र के आखिरी दिन माध्यमिक शिक्षा विभाग में तबादला एक्सप्रेस तेजी से दौड़ी। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने लखनऊ, बाराबंकी, अंबेडकरनगर समेत 26 जिलों में डीआईओएस व प्रभारी डीआईओएस की नई तैनाती की है। अपर शिक्षा निदेशक, संयुक्त शिक्षा निदेशक, उप शिक्षा निदेशक स्तर के अधिकारी भी इधर से उधर किए गए हैं।




माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव संदीप परमार की ओर से जारी आदेश के अनुसार डीआईओएस मुरादाबाद देवेंद्र कुमार पांडेय को डीआईओएस लखनऊ, अमिता सिंह डायट उप प्राचार्य उन्नाव को डीआईओएस बाराबंकी, कौस्तुभ कुमार सिंह मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक अयोध्या को डीआईओएस अंबेडकरनगर बनाया गया है।

डीआईओएस बाराबंकी रहे ओम प्रकाश त्रिपाठी को उप शिक्षा निदेशक संस्कृत शिक्षा परिषद, अपर शिक्षा निदेशक बेसिक कामता राम पाल को इसी पद पर माध्यमिक में और अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक रहे मनोज कुमार द्विवेदी को बेसिक शिक्षा विभाग के निवर्तन पर भेजा गया है। अभी एक सप्ताह पहले ही वे अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक बने थे।

उप निदेशक संस्कृत शिक्षा परिषद शिवलाल को प्रभारी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक मुरादाबाद, मनोज कुमार द्विवेदी प्रथम को प्रभारी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर नगर, उप शिक्षा निदेशक शिविर राजेश कुमार आर्या को प्रभारी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक आजमगढ़ और राकेश कुमार को प्रभारी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक आगरा बनाया गया है।

प्राचार्य डायट अयोध्या धर्मेंद्र कुमार श्रीमाली को इसी पद पर सीतापुर भेजा गया है। राज्य शिक्षण संस्थान प्रयागराज के प्राचार्य राजेंद्र प्रताप को सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विभाग ने समूह क के एक दर्जन अन्य अधिकारियों के भी तबादले किए हैं। इन सभी अधिकारियों को तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## अखिलेश यादव का आरोपः बेइमानी से चुनाव जीतती है भाजपा, थाने और तहसील बन गए है भ्रष्टाचार के अड्डे

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा बेइमानी से चुनाव जीतती है, जिसे स्वीकार करके भाजपा के विधायक ने भ्रष्ट भाजपाई राजनीति का एनकाउंटर कर दिया है। देखते हैं अब इन भाजपा विधायक को पार्टी से निकाला जाता है या भाजपा की ओर से उन्हें अगला मुख्यमंत्री घोषित किया जाता है। इस बार जनता भाजपा की सारी तिकड़म निकाल देगी। भाजपा हारेगी और फिर कभी नहीं आएगी।



अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि थाने और तहसील भ्रष्टाचार के अड्डे बन गए हैं। भाजपा जमीनों पर कब्जे करवा रही है। भूमाफिया, खनन माफियाओं को संरक्षण दे रही है। भाजपा के भूमाफिया ने अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज जैसे धार्मिक स्थलों को भी नहीं छोड़ा। अयोध्या, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, मथुरा आदि जिलों में बड़े पैमाने पर जमीनों पर कब्जा कर लिया है।

प्रदेश सपा मुख्यालय पर रविवार को वीरांगना लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301 वीं जयंती सादगी से मनाई गई। लोकमाता के चित्र पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर राजेंद्र चौधरी ने कहा कि लोकमाता का कुशल शासन, धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार और महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए काम भारतीय इतिहास में अमर रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व सांसद अरविंद कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

## सिपाही भर्ती परीक्षा में नहीं रहेगी कलावा, मंगलसूत्र पर पाबंदी

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश पुलिस में 32,679 सिपाही और समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती के लिए आगामी 8 से 10 जून तक होने वाली लिखित परीक्षा में धार्मिक चिह्नों जैसे कलावा, मंगलसूत्र आदि पर पाबंदी नहीं रहेगी। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने निर्देश दिया है कि इनको काटने या हटाने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि स्मार्ट गैजेट्स जैसे स्मार्ट फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, स्मार्ट वॉच आदि ले जाने पर सख्ती होगी। बोर्ड द्वारा परीक्षा की तैयारियों को लेकर रविवार को सभी 75 जिलों के नोडल अधिकारियों, जिलों के आब्जर्वर और कंट्रोल रूम के प्रभारियों को निर्देश दिए गए।




डीजी भर्ती बोर्ड एसबी शिरडकर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बताया गया कि परीक्षा सभी 75 जिलों के 1183 केंद्रों पर कड़ी निगरानी में होगी। सिपाही के 32,679 पदों के लिए 28 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। डीजी ने परीक्षा में लगे प्रत्येक कर्मी व अधिकारी को दिशा-निर्देशों का धरातल पर शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने कहा कि परीक्षा की विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए बोर्ड द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाई गई है, जिसका अनुपालन कराया जाए।

सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी को मजबूत रखने के साथ लगातार मॉनिटरिंग की जाए। प्रत्येक अभ्यर्थी के आधार सत्यापन एवं ई-केवाईसी के लिए आइरिश आधारित बायोमेट्रिक जांच के विभिन्न आधुनिक उपकरण केंद्रों पर लगाए जाएंगे, जिनसे गुजरने के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश मिल सकेगा। प्रत्येक महिला अभ्यर्थी की जांच एनक्लोजर में महिला पुलिसकर्मियों द्वारा ही की जाएगी। सभी अभ्यर्थी प्रवेश पत्र, आधार कार्ड एवं नीले या काले पेन के अतिरिक्त किसी अन्य सामग्री के साथ नहीं आएं। यथासंभव जूते-मोजे के स्थान पर चप्पल पहन कर आएं। अधिकारियों को ऐसे आधुनिक उपकरणों के बारे में भी आगाह किया गया जिनमें स्मार्ट कनेक्टिविटी की सुविधा होती है। निर्देश दिया कि ऐसे मेटा चश्मे या पेन आदि किसी भी दशा में अंदर न ले जाने दें, जिनमें ऐसी कनेक्टिविटी मौजूद हो। अनुचित साधनों के प्रयोग के लिए ऐसे उपकरणों के साथ पकड़े जाने वाले तत्वों पर कठोर कानूनी कार्रवाई करें। मोबाइल फोन या ब्लूटूथ डिवाइस परीक्षा कक्षों तक न पहुंचे, उसके लिए चेकिंग में सजगता बरती जाए। केंद्र में तैनात कर्मी भी अपना मोबाइल अंदर नहीं ले जा सकेंगे। हर केंद्र को परीक्षा से पहले तथा प्रत्येक पाली की समाप्ति के बाद सैनिटाइज किया जाएगा।

## गरीबी नहीं बनी बाधा, मनिहारगोठ के तीन बेटों ने अग्निवीर बन रचा इतिहास

### ऑटो चालक, सब्जी विक्रेता और प्राइवेट नौकरी करने वाले परिवारों के बेटों ने भारतीय सेना में पाई जगह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टनकपुर/चंपावत।** कहते हैं कि सफलता संसाधनों की मोहताज नहीं होती, बल्कि मेहनत, लगन और हौसले की पहचान होती है। इसे सच साबित कर दिखाया है ग्राम पंचायत मनिहारगोठ के तीन होनहार युवाओं ने, जिन्होंने आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती में चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है।

गांव के फरदीन, मोहम्मद अरीब और मोहम्मद कैफ का अग्निवीर योजना के अंतर्गत चयन हुआ है। इन तीनों युवाओं की सफलता इसलिए भी खास है क्योंकि वे साधारण परिवारों से आते हैं और उनके माता-पिता ने कठिन परिस्थितियों में मेहनत-मजदूरी कर उनका पालन-पोषण किया। फरदीन पुत्र इंतजार अली का चयन अग्निवीर टेक्निकल पद पर हुआ है। उनके पिता ऑटो चालक हैं, जिन्होंने दिन-रात मेहनत कर बेटे की शिक्षा और सपनों को पंख दिए। फरदीन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मदरसा हुसैनिया प्राइमरी स्कूल मनिहारगोठ से प्राप्त की तथा आगे की पढ़ाई महात्मा गांधी राजकीय मॉडर्न उच्च प्राथमिक विद्यालय और जीआईसी सैलानीगोठ से पूरी की। वहीं मोहम्मद अरीब पुत्र शम्सुद्दीन का चयन भी अग्निवीर टेक्निकल पद पर हुआ है। अरीब के पिता परिवार के भरण-पोषण के लिए दूसरे प्रदेश में प्राइवेट नौकरी करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद अरीब ने मेहनत और समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने अपनी शिक्षा जीआईसी सैलानीगोठ से प्राप्त की। इसके अलावा मोहम्मद कैफ पुत्र मुनव्वर अली का भी अग्निवीर में चयन हुआ है। कैफ के पिता सब्जी बेचकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। आर्थिक कठिनाइयों के बीच कैफ ने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया और आज अपनी मेहनत के दम पर सेना में जगह बनाकर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। तीनों युवाओं की सफलता से पूरे मनिहारगोठ क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इन युवाओं ने साबित कर दिया है कि यदि इरादे मजबूत हों तो गरीबी और अभाव भी सफलता की राह नहीं रोक सकते। गांव के लोगों ने चयनित युवाओं और उनके परिवारों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## योगी सरकार में युवाओं को मिलीं रिकार्ड नियुक्तियां सपा राज में होता था संरक्षित बंदरबांट

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में सरकारी भर्तियां हमेशा बड़ा मुद्दा रही हैं, लेकिन वर्ष 2017 से पहले का दौर ऐसा था जब सरकारी नौकरी का नाम आते ही युवाओं के मन में उम्मीद से ज्यादा अविश्वास पैदा होता था। भर्ती परीक्षाएं प्रतिभा का मंच कम और राजनीतिक संरक्षण, जातीय समीकरण, सिफारिश और भ्रष्टाचार का अखाड़ा ज्यादा दिखाई देती थीं।

समाजवादी पार्टी के पांच वर्षों (2012-17) के शासनकाल में जहां करीब सवा लाख सरकारी नौकरियां ही सृजित हुईं, वहीं योगी आदित्यनाथ सरकार ने 2017 के बाद 9 वर्षों में 9 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां देकर रिकॉर्ड कायम किया। यह अंतर केवल संख्या का नहीं, बल्कि व्यवस्था और नीयत का भी है। योगी सरकार लगातार यह संदेश देती रही है कि सरकारी नौकरी अब बंद कमरे की सिफारिश या लेन-देन आधारित व्यवस्था से निकलकर तकनीक आधारित पारदर्शी सिस्टम में बदल चुकी है।

समाजवादी पार्टी के शासनकाल में भर्ती प्रक्रियाओं पर लगातार पेपर लीक, चयन सूची में गड़बड़ी, इंटरव्यू में पक्षपात और भाई-भतीजावाद के आरोप लगते रहे। ऐसी त्रुटिपूर्ण प्रक्रिया अपनाई जाती कि कोर्ट से नियुक्तियों पर रोक लग जाती। गांव-कस्बों का मेहनती युवा, जो दिन-रात पढ़ाई कर सरकारी नौकरी का सपना देखता था, वह खुद को उस व्यवस्था के सामने असहाय महसूस करता था जहां योग्यता से ज्यादा “पहचान” मायने रखती थी।

## कफ सिरप तस्करी : शुभम और साथियों को भारत लाने की प्रक्रिया तेज, यूएई सरकार को भेजी गई अरेस्ट अर्जी

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** कफ सिरप तस्करी गिरोह के फरार आरोपी शुभम जायसवाल और उसके दो साथियों को भारत लाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। यूपी एसटीएफ ने विदेश मंत्रालय के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात सरकार को उनकी संशोधित प्रोविजनल अरेस्ट (अस्थायी गिरफ्तारी) की अर्जी भेजी है। अर्जी स्वीकार होने पर यूएई की एजेंसियां आरोपियों को हिरासत में ले सकेंगी।

इससे उनके प्रत्यर्पण या निर्वासन की प्रक्रिया आसान हो जाएगी। सूत्रों के अनुसार, एसटीएफ ने करीब एक माह पहले इंटरपोल की नोडल एजेंसी सीबीआई को प्रारंभिक अर्जी भेजी थी। उसमें कुछ तकनीकी कमियां थीं, जिन्हें दूर कर अब संशोधित प्रस्ताव भेजा गया है।




शुभम जायसवाल, गौरव जायसवाल और वरुण सिंह के खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस पहले ही जारी हो चुका है। तीनों के पासपोर्ट भी निरस्त कराए जा चुके हैं। ये तीनों वर्तमान में दुबई में छिपकर रह रहे हैं। यूएई सरकार द्वारा अर्जी स्वीकार होने के बाद उनकी गिरफ्तारी का रास्ता साफ होगा। अधिकारियों का मानना है कि शुभम की गिरफ्तारी से इस गिरोह के संचालन के कई अहम राज खुलेंगे।

एसटीएफ और एफएसडीए ने 2025 में कोडीनयुक्त कफ सिरप की तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया था। इस मामले में 30 से अधिक आरोपियों को जेल भेजा गया था। एसटीएफ ने नौ आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र भी दाखिल किया है। शुभम और उसके दो अन्य साथी इस मामले के मुख्य आरोपी हैं, जो दुबई में हैं। इनकी गिरफ्तारी के प्रयास लगातार जारी हैं।

## कमरे में बंद मिला युवक, अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टनकपुर/चम्पावत।** टनकपुर की निकटवर्ती ग्राम सभा बिचई में शनिवार देर शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां 26 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक ने आत्मघाती कदम उठाया, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक बिचई निवासी विवेक चंद (26 वर्ष) पुत्र सुरेश चंद शनिवार शाम अपने कमरे में था। काफी समय तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने और आवाज देने पर कोई प्रतिक्रिया न मिलने से परिजनों की चिंता बढ़ गई। जब परिजनों ने किसी तरह दरवाजा खोला तो भीतर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। विवेक अचेत अवस्था में पड़ा मिला। घटना के बाद परिजन युवक को तत्काल उप जिला चिकित्सालय टनकपुर लेकर पहुंचे, लेकिन वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. उमर ने युवक की मृत्यु की पुष्टि की। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। कोतवाल चेतन रावत ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। युवक ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मृतक की परिस्थितियों, पारिवारिक एवं अन्य पहलुओं की गहन जांच कर रही है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

**मौसम** मौसम विभाग ने जारी किया सोमवार को कई जिलों में आंधी चलने का अलर्ट

## बारिश-तूफान के प्रकोप में पूरा प्रदेश, कई जिलों में हुई बरसात से गिरा पारा

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रविवार को भी प्रदेश के ज्यादातर जिलों में तेज हवाओं और आंधी- बारिश का दौर चला। मौसम विभाग का कहना है कि सोमवार को भी बादलों की सक्रियता तो रहेगी लेकिन अब पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने के संकेत मिल रहे हैं। सोमवार के लिए प्रदेश के 63 जिलों में गरज चमक और आंधी का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

रविवार को राजधानी लखनऊ समेत कई जिलों में दोपहर बाद बादलों की सक्रियता बढ़ी और घने बादलों के साथ तेज आंधी शुरू हो गई, जिससे दिन में ही अंधेरा छा गया। हवाओं की रफ्तार 50 से 70 किमी प्रति घंटे तक दर्ज की गई और इससे जनजीवन भी प्रभावित हुआ।

तराई क्षेत्र और एनसीआर से सटे जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। संभल, मुरादाबाद, हाथरस,



गोंडा और बलरामपुर में जोरदार बारिश दर्ज की गई। वहीं शाहजहांपुर, फिरोजाबाद, फर्रुखाबाद, अलीगढ़ और बुलंदशहर में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम वर्षा हुई। रविवार को बलिया में 34.4 मिमी, मुरादाबाद में 21.8 मिमी, हरदोई में 19.4 मिमी, हमीरपुर में 3 मिमी, आगरा में 2.4 मिमी, लखनऊ में 2.4 मिमी और लखीमपुर खीरी में 2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई।इस बदलाव से बुंदेलखंड समेत सभी जिलों के अधिकतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई। जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। 40 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बस्ती प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा।

मौसम विभाग ने सोमवार के लिए प्रदेश के 63 जिलों के लिए गरज-चमक, आंधी और तेज हवाओं का येलो अलर्ट जारी किया है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को भी प्रदेश के लगभग 63 जिलों में 40 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। मंगलवार से पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कमजोर पड़ने लगेगा।

**इन जिलों में है गरज चमक के साथ आंधी की संभावनाः** प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, झांसी, ललितपुर एवं आस पास के क्षेत्र।

## सहायक आचार्य परीक्षा में नीट पैटर्न पर पूछे गए सवाल, 52 फीसदी अभ्यार्थियों ने छोड़ा एग्जाम

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा आयोजित राजकीय महाविद्यालयों में सहायक आचार्य (असिस्टेंट प्रोफेसर) प्रारंभिक परीक्षा-2025 रविवार को राजधानी के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न हुई। इस परीक्षा में कुल 13,291 अभ्यर्थियों में पंजीकरण कराया था। जिसमें से 6,378 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 6,913 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कुल 52 फीसदी अभ्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा एक ही सत्र में सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित की गई।

परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को मॉडरेट स्तर का बताया। अभ्यर्थियों के अनुसार बाटनी और जूलाजी विषय के अधिकांश प्रश्न नीट परीक्षा के पैटर्न पर आधारित थे, जिससे तैयारी कर चुके छात्रों को सवाल हल करने में अधिक कठिनाई नहीं हुई। सामान्य ज्ञान खंड के प्रश्न भी अपेक्षाकृत आसान रहे। अभ्यर्थियों ने बताया कि विषय आधारित प्रश्नों में अवधारणात्मक समझ पर जोर दिया गया था।

वहीं सामान्य अध्ययन के प्रश्न समसामयिक घटनाओं और बुनियादी तथ्यों पर आधारित रहे। परीक्षा में कुल 120 सवाल पूछे गए थे, जिसमें 30 सवाल सामान्य ज्ञान से और 90 सवाल विषय आधारित थे। सामान्य ज्ञान में विकसित भारत गारंटी फार रोज़गार एंड आजीविका मिशन-ग्रामीण, भगत सिंह किस विश्वविद्यालय के छात्र संघ के सचिव थे, भारत से पहली महिला जिन्होंने मिस यूनिवर्स का ताज हासिल किया था जैसे सवाल पूछे गए थे। वहीं विषय आधारित सवाल पूरी तरह से नीट परीक्षा के पैटर्न पर आया था। जिन अभ्यर्थियों ने बीते दो या तीन साल से नीट विषय की परीक्षा दिया होगा।

# ट्रेन से कटकर 20 वर्षीय जीएनएम छात्रा की मौत, जांच में जुटी पुलिस

### पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी सदर नताशा गोयल मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का जायजा लिया

जागरण मोर्चा कार्यालय



युवती के ट्रेन से कटने के बाद पहुंचे अधिकारी व छात्रा का फ़ाइल फ़ोटो। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** थाना जहानाबाद क्षेत्र की रहने वाली 20 वर्षीय जीएनएम छात्रा दीप्ति उर्फ रानी की संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, दीप्ति उर्फ रानी पुत्री ओमपाल गंगवार ग्राम शाही की निवासी थी और बरेली में जीएनएम की पढ़ाई कर रही थी। पारिवारिक विवाद के चलते वह अपनी मां के साथ गांव हड़ा में रह रही थी। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह वह दवा लेने के लिए बरेली जाने के लिए घर से निकली थी।

इसी दौरान उसका शव रेलवे ट्रैक पर कटे हुए हालत में बरामद हुआ। घटना की सूचना पर सहायक पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी सदर नताशा गोयल मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। सीओ सदर नताशा गोयल ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर आशंका है कि युवती रेलवे पटरी पार कर रही थी और संभवतः उसका पैर फंस जाने के कारण यह हादसा हुआ। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए छानबीन में जुटी हुई है।

## पारस मोबाइल शोरूम पर छापे के बाद टैक्स अनियमितता की जांच तेज



पारस मोबाइल पर जांच करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** पारस मोबाइल शोरूम पर राज्य कर विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) ने छापेमारी कर टैक्स अनियमितताओं की जांच शुरू की है। लखनऊ से जारी सर्च वारंट के आधार पर बरेली एसआईबी की टीम ने यह कार्रवाई की।

विभागीय जांच में सामने आया कि व्यापारी ने जीएसटी पोर्टल पर करीब 80 करोड़ रुपये का कारोबार दिखाया है, जबकि देय टैक्स की तुलना में बहुत कम राशि जमा की गई। जांच के दौरान शोरूम और गोदाम का स्टॉक दस्तावेजों से मेल नहीं खाया तथा बड़ी संख्या में कच्चे बिल भी बरामद हुए। अधिकारियों के अनुसार आइटीसी के कथित दुरुपयोग और खरीद-बिक्री के आंकड़ों में गड़बड़ी की भी जांच की जा रही है। टीम ने स्टॉक का पूरा ब्योरा मांगा है और बिना वैध बिल वाले सामान पर कार्रवाई की तैयारी है।

छापेमारी के बाद पूरनपुर के मोबाइल कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग मामले की गहन जांच कर रहा है।

## सार संक्षेप

### हजारा कालेज की प्रबंध समिति हटाने की उठाई मांग

**पूरनपुर।** हजारा के नेहरू नगर इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति पर ग्रामीणों ने अनियमितताओं के आरोप लगाए है। प्रबंध समिति की प्रबंध समिति पर ग्रामीणों ने विभिन्न अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय के प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्यों में पारदर्शिता का अभाव है तथा कई निर्णय नियमों के अनुरूप नहीं लिए जा रहे हैं। कई सालों से कमेटी बनी हुई है और बदलाव नहीं किया गया है। विद्यालय का भवन जर्जर हालत में है। जिसके चलते बच्चों को हादसे की आशंका बनी रहती है। कई सालों से लोग तैनात हैं। लेखा-जोखा की भी मांग की गई है। कालेज में अन्य कई कमियां है। जिनको दूर नही किया जा रहा है। कईबार प्रबंध समिति को बदलवा कराकर नई समिति वनाने की मांग की लेकिन कोई ध्यान नही दिया जा रहा है, ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। उनका आरोप है कि विद्यालय के विकास कार्यों और संसाधनों के उपयोग से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते जांच नहीं कराई गई तो वे आंदोलन करने पर भी विचार करेंगे। वहीं, प्रबंध समिति की ओर से इन आरोपों पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

### शारदा नदी का जलस्तर बढ़ा

**पूरनपुर।** उत्तराखंड स्थित बनबसा बैराज से रविवार को 8,500 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद शारदा नदी के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई। नदी में अचानक बढ़े जल प्रवाह को देखते हुए प्रशासन और सिंचाई विभाग ने तटीय क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है। हालांकि फिलहाल नदी खतरे के निशान से नीचे बह रही है, लेकिन जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से नदी किनारे बसे गांवों के लोगों में चिंता का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष मानसून के दौरान बैराज से पानी छोड़े जाने पर नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ता है, जिससे कटान और निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। किसानों ने भी खेतों में खड़ी फसलों को संभावित नुकसान की आशंका जताई है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार बैराज से छोड़ा गया पानी नियंत्रित मात्रा में है, लेकिन पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा होने की स्थिति में जल प्रवाह और बढ़ सकता है। विभाग द्वारा नदी के जलस्तर की लगातार निगरानी की जा रही है तथा आवश्यकतानुसार प्रशासन को सूचनाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रशासन ने नदी किनारे रहने वाले लोगों, मछुआरों तथा पशुपालकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। लोगों को नदी में स्नान करने, नाव लेकर जाने अथवा बच्चों को नदी के आसपास खेलने से रोकने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा ग्राम प्रधानों और राजस्व कर्मचारियों को भी अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी रखने के लिए कहा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में शारदा नदी का रुख कई स्थानों पर बदला है, जिससे तटवर्ती क्षेत्रों में कटान की समस्या बढ़ी है। ऐसे में जलस्तर बढ़ने की सूचना मिलते ही ग्रामीण सतर्क हो जाते हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल बाढ़ जैसी कोई स्थिति नहीं है, लेकिन एहतियात के तौर पर सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचना देने की अपील की गई है।

### मारपीट के अलग अलग मामलों में महिला सहित तीन को पीटा

**पूरनपुर।** अलग अलग गांवो में हुई मारपीट में महिला सहित तीन लोग चोटिल हो गए। पुलिस ने दोनों मामलो में मुकदमा दर्ज किया है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव जितौरिया टांडा निवासी अमर सिंह ने वताया कि 22 मई की रात करीव साढे आठ बजे अपने घर से सामान लेने के लिए दुकान पर जा रहा था। इसी दौरान गांव निवासी हरिओम, विकास, अरुन, माखन लाल, आए और गाली गलौज करने लगे,विरोध करने पर सभी ने मिलकर उसको लाठी डंडे से मारा पीटा।जिससे वह घायल हो गया, शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले, मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। मामले की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एक अन्य मामले में घुंघचाई थाना क्षेत्र के कबीरपुर कसगंजा निवासी बृजेश कुमार ने बताया कि 29 मई को शाम करीब आठ बजे गांव का रहने वाला राजेश उसके घर के सामने आकर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारा पीटा। शोर मचाने पर पत्नी अनीता बचाने आई तो पत्नी को भी मारा पीटा। शोर मचाने पर आस पड़ोस के लोग मौके पर आ गए। जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने वताया कि दोनो मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिसकी विवेचना शुरु कर दी गई है।

### खेल रहे किशोर का अंडरवियर निकाल भर दिया गोबर

**पूरनपुर।** किशोर के अंडरवियर में गोवर भर दिया। इसके बाद पिटाई लगाई। घर जाकर किशोर की मां को पीटा।शिकायत की गई है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने बताया कि उसका पुत्र शनिवार को शाम करीब छह बजे पड़ोस में स्थित घूमसेन बाबा स्थल के पास खेल रहा था। गांव निवासी एक व्यक्ति का पुत्र भी खेल रहा था। आरोप है कि खेल रहे व्यक्ति के पुत्र ने महिला के पुत्र के अंडर बियर में गोवर भर दिया। किशोर रोते हुए घर आया और पूरी जानकारी परिवार को बताई। जिस पर महिला शिकायत करने व्यक्ति के घर पहुंची। कुछ ही देर बाद व्यक्ति अपने पुत्रों के साथ उसके घर पर पहुंचे और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। महिला के विरोध करने पर उसको व पुत्र को मारा पीटा, इसके बाद महिला को पकड कर खींच कर कपड़े फाड़ दिए। शोर मचाने पर कई लोग मौके पर एकत्र हो गए। वमुश्किल महिला व उसके पुत्र को बचाया और विवाद शांत कराया। रात्रि को ही तहरीर बलरामपुर चौकी पर दी गई। रविवार को महिला ने घुंघचाई थाने जाकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने वताया कि मामले की तहरीर मिली है,जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## कार बाइक की भिड़ंत में दो घायल, वाहन छतिग्रस्त

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर/घुंघचाई।** घुंघचाई कस्बे में मेडिकल स्टोर के पास कार और बाइक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो घायल हो गए।

रविवार दोपहर मेडिकल स्टोर के पास से गुजर रही बाइक की सामने से आ रही कार से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि उस पर सवार दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े और घायलों को सड़क से हटाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। कार का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया।मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क किनारे कराकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस ने कार चालक और प्रत्यक्षदर्शियों से घटना के संबंध में जानकारी ली। बताया जा रहा है कि दुर्घटना तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण हुई, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर भेजी गई थी। घायलों का उपचार कराया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है तथा तहरीर मिलने पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक दोनों घायलों की पहचान और दुर्घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही थी।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर कांग्रेस और सपा ने किया नमन

जागरण मोर्चा कार्यालय




अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर श्रद्धाजलि पेश करते कांग्रेस और सपा के कार्यकर्ता।

**पीलीभीत।** लोकमाता राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती जिले में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया तथा उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

शहर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड अध्यक्ष मुन्नी देवी ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर त्याग, सेवा, धर्म, सुशासन और नारी सशक्तिकरण की अनुपम मिसाल थीं। उनका जीवन आज भी समाज को प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में लेखराज राज राठौर,

हरीशंकर कश्यप, पं. राकेश मिश्रा, मो. कामरान, गोकुल प्रजापति, पुष्पेंद्र शुक्ला और आकाश कश्यप सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

वहीं समाजवादी पार्टी के नकटादाना स्थित कैंप कार्यालय में भी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। प्रदेश सचिव सतेन्द्र मौर्य ने उन्हें न्याय, सेवा और जनकल्याण की प्रतीक बताया। वरिष्ठ समाजवादी नेता एडवोकेट अशोक शम्शा ने कहा कि समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे के लिए संघर्ष को और मजबूत करेगी। उन्होंने PDA समाज की एकता और अधिकारों की लड़ाई को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष गुरविंदर सिंह गिल, कमलेश पाल, दीपक कश्यप, अशोक सैनी, सुखलाल पाल, देवकुमार मौर्य, अंकित मौर्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दोनों दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों, सामाजिक समरसता, महिला सम्मान, शिक्षा और जनसेवा के संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## सिद्धबाबा माला रेंज में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

- श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया

जागरण मोर्चा कार्यालय



माला रेंज के सिद्ध बाबा पर मौजूद पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** सिद्धबाबा माला रेंज में रविवार को आस्था का विशाल संगम देखने को मिला। यहां प्रदीप मिश्रा के परिवार द्वारा आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे संजीव प्रताप सिंह ने भंडारे में सहभागिता की और श्रद्धालुओं के साथ समय बिताया। उन्होंने बाबा का आशीर्वाद लेकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और देश के कल्याण की कामना की।

सिद्धबाबा परिसर में इस अवसर पर अनेक भंडारों का आयोजन किया गया था। पूरा क्षेत्र श्रद्धालुओं की भीड़ और जयकारों से गूंजता रहा। संजीव प्रताप सिंह ने विभिन्न भंडारों में पहुंचकर आयोजकों और श्रद्धालुओं से मुलाकात भी की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन सनातन संस्कृति, सेवा भावना और सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी आयोजकों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं के व्यापक इंतजाम किए गए थे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत

- परिवार में मचा कोहराम, पुलिस जिला अस्पताल पहुंची

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** पैदल जा रहे वृद्ध को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल वृद्ध जिला अस्पताल भेजा गया,जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव गुलडिया भूपसिंह निवासी राम भरोसे 60 बर्ष रविवार को सड़क किनारे पैदल जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक वहां से गुजरी और अनियंत्रित होकर वृद्ध को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीण और राहगीर दौड़कर मौके पर पहुंचे और घायल वृद्ध को संभाला।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों की मदद से घायल वृद्ध को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उनकी जान नहीं बच सकी। उपचार के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ दिया। वृद्ध की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घर पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। गांव के लोगों ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के कारण सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। कई बार प्रशासन से गति नियंत्रण के उपाय करने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

## दुकान से घर आ रहे युवक को घेर कर पीटा, केस दर्ज

**पूरनपुर।** दुकान से वापस घर आ रहे युवक को घेर कर पिटाई लगा दी। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर निवासी राकेश कुमार भारती ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 21 मई को उनका पुत्र विशाल रात्रि करीब साढे आठ बजे गांव की एक दुकान से सामान लेकर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान गांव के रहने वाले जागेश्वर,एवम कुमार,राजेंद्र कुमार व विपिन ने एक राय होकर लाठी डंडे से लेस होकर विशाल को घेर लिया। इसके बाद गाली गलौज करना शुरु कर दिया। बिशाल के विरोध करने पर उसको लाठी डंडे से मारा पीटा। जिससे वह घायल हो गया। शोर मचाने पर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए। वमुश्किल विशाल को बचाया। आरोप है कि जाति सूचक शब्दों से अपमानित करके गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।




## घुंघचाई ने महदिया को 77 रन से हराया

**पूरनपुर।** कस्बे में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत रविवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में घुंघचाई की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महदिया की टीम को 77 रन से पराजित कर जीत दर्ज की। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मैदान पर मौजूद रहे। जीत के बाद घुंघचाई टीम के खिलाड़ियों और समर्थकों में उत्साह का माहौल रहा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी घुंघचाई की टीम ने निर्धारित ओवरों में शानदार बल्लेबाजी करते हुए मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम के बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और विपक्षी गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने भी महत्वपूर्ण योगदान देते हुए टीम के स्कोर को सम्मानजनक स्थिति तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महदिया की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई। घुंघचाई के गेंदबाजों ने सटीक लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाजी करते हुए महदिया के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से महदिया की टीम मैच में वापसी नहीं कर सकी और निर्धारित ओवरों में लक्ष्य से 77 रन पीछे रह गई।

**तबादला** बदलावों को लेकर प्रशासनिक और विभागीय हलकों में होती रहीं दिनभर चर्चाएं

## जिले में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, स्वास्थ्य-शिक्षा समेत कई विभागों में तबादले









जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** शासन स्तर पर हुए बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत जनपद के कई अहम अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। स्वास्थ्य, शिक्षा और परिवहन विभाग में हुए इन बदलावों को लेकर प्रशासनिक और विभागीय हलकों में दिनभर चर्चाएं होती रहीं।

स्वास्थ्य विभाग में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. आलोक कुमार को पदोन्नति के बाद लखनऊ भेजा गया है। वहीं जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. रमाकांत सागर का तबादला कर उन्हें अमरोहा का मुख्य चिकित्सा अधिकारी नियुक्त किया गया है।

शिक्षा विभाग में भी महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) राजीव कुमार यादव का तबादला बागपत कर दिया गया है। उनके स्थान पर विजय कुमार को पीलीभीत का प्रभारी डीआईओएस बनाया गया है। राजीव कुमार यादव का कार्यकाल विभिन्न कारणों से चर्चा में रहा और उनके तबादले को लेकर लंबे समय से अटकलें लगाई जा रही थीं।

इसी क्रम में परिवहन विभाग में तैनात सहायक परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) वीरेंद्र सिंह का भी गैर जनपद तबादला कर दिया गया है। उनकी नई तैनाती का विस्तृत विवरण फिलहाल सामने नहीं आया है। एक साथ कई वरिष्ठ अधिकारियों के तबादलों से जिले के प्रशासनिक ढांचे में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। नए अधिकारियों के कार्यभार संभालने के बाद संबंधित विभागों की कार्यशैली और प्राथमिकताओं में भी बदलाव की संभावना जताई जा रही है। प्रशासनिक दृष्टि से इन तबादलों को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है और जिलेभर में इन पर चर्चा जारी है।

# वजीरगंज के अमरोली में निकली भव्य कलश यात्रा

- आज से शुरू होगा आठवां रुद्र महायज्ञ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**वजीरगंज।** विकासखंड क्षेत्र के गांव अमरोली स्थित शिव मंदिर शांतिकुंज आश्रम में आयोजित होने वाले आठवें रुद्र महायज्ञ के शुभारंभ से पूर्व रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और धार्मिक उत्साह का परिचय दिया।

कलश यात्रा भोलानाथ मंदिर वजीरगंज से प्रारंभ हुई, जहां श्रद्धालुओं ने पवित्र जल भरकर नदवारी होते हुए अमरोली के लिए प्रस्थान किया। यात्रा पूरे गांव में भ्रमण करते हुए शांतिकुंज आश्रम पहुंची। श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित यह आठवां रुद्र महायज्ञ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। यज्ञाचार्य आचार्य नीलेश मिश्रा के निर्देशन में आचार्य ऋतिक मिश्रा, सुधांशु मिश्रा, आदेश अग्निहोत्री एवं सूर्य शर्मा द्वारा 1 जून से रुद्र महायज्ञ प्रारंभ कराया जाएगा। महायज्ञ का समापन 7 जून को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ होगा।

आयोजन में मंदिर के महंत श्री श्री 108 महंत दिनेश भारती, श्री श्री 108 महंत अंबिकानंद जी तथा स्वर्गीय श्री श्री 1008 महंत सोम भारती महाराज की प्रेरणा एवं योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया।

इस अवसर पर कमेटी सदस्य मनोज ठेकेदार, संदीप प्रताप सिंह, रामवीर सिंह, अरुण कुमार सिंह, राकेश राणा, विवेक सिंह, ललित सिंह, आदित्य सिंह, पिंटू सिंह, रमन सिंह, प्रवेंद्र सिंह, उमेश सिंह, बोबी सिंह, अपूर्व सिंह, अर्पित सिंह, विनय सिंह, सुमित सिंह, दीपक सिंह, सचिन सिंह, अभय प्रताप सिंह, सनी सूर्यवंशी, प्रधान जजमान, अमित फौजी, राजीव सिंह, कमल कुमार, प्रमोद सिंह, भानु सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।



अमरोली में निकली भव्य कलश यात्रा निकालते भक्त। -जागरण मोर्चा

## सार संक्षेप



निरीक्षण करते डीएम और एसएसपी। -जागरण मोर्चा

### कोतवाली पुलिस ने नगर में की पैदल गश्त

**बिसौली।** कोतवाली पुलिस ने नगर में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। इस दौरान राह चलते अकारण खड़े लोगों से पूछताछ की गई और सड़क पर अतिक्रमण कर रहे लोगों को अल्टीमेटम दिया। चौकी इंचार्ज एसआई अमित चौहान चौकी इंचार्ज एसआई सुभाष सिंह व महिला उप निरीक्षक पूजा तोमर भारी पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य बाजार, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया। उन्होंने दुकानदारों और आम नागरिकों से बातचीत की और उन्हें सुरक्षा का आश्वासन दिया। उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। चौकी इंचार्ज अमित चौहान ने बताया कि किस पैदल गश्त से क्षेत्र में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। उन्होंने साथी पुलिसकर्मियों से सतर्कता के साथ गश्त करने और असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने के लिए कहा। इधर स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है।



गंगा घाट का किया निरीक्षण करते डीएम एसएसपी -जागरण मोर्चा

### डीएम एसएसपी ने गंगा घाट का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जाएगा

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय व एसएसपी अंकिता शर्मा ने रविवार को ज्येष्ठ पूर्णिमा पर्व के अवसर पर गंगा स्नान के दृष्टिगत कछला गंगा घाट का भ्रमण/निरीक्षण किया। वहां श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया गया कि गंगा घाट पर महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा/कानून व्यवस्था के दृष्टिगत सतर्क दृष्टि रखी जाये व श्रद्धालुओं को स्नान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन, पार्किंग/यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह, एसडीएम सदर मोहित कुमार, क्षेत्राधिकारी उझानी सुनील कुमार सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक उझानी प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे

# दुखद: घरेलू कलह से परेशान युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान

## जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव नवाबपुरा निवासी एक युवक ने कथित रूप से घरेलू कलह से परेशान होकर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव नवाबपुरा निवासी जितेंद्र (30) पुत्र नारायण सिंह अपनी पत्नी निर्मला और 10 वर्षीय पुत्र अभय के साथ आसफपुर में अपने नाना पीतम पाल के घर पर पिछले कई वर्षों से रह रहा था। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से परिवार में विवाद चल रहा था, जिसके चलते वह मानसिक तनाव में था।



मृतक का फ़ाइल फ़ोटो।

शनिवार देर रात करीब 12 बजे सद्भावना एक्सप्रेस के गुजरने के दौरान जितेंद्र रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची बरेली जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली जिला अस्पताल भेज दिया। सूत्रों के अनुसार घटना वाली रात भी घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद जितेंद्र घर से निकल गया। कुछ देर बाद उसके ट्रेन से कटने की सूचना मिली। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जानकारी जुटा रही है।घटना से मृतक के परिवार में चीख-पुकार मची हुई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी घटना को लेकर शोक का माहौल बना हुआ है।

चौकी इंचार्ज जुगमेंद्र बालियान ने बताया कि घटना रेलवे क्षेत्र में हुई है। जीआरपी द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी तक किसी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# डा. क्रान्ति कुमार को डी लिट की मानद उपाधि से किया सम्मानित




जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। डा. क्रान्ति कुमार को आईजीयू ने डी लिट की मानद उपाधि से सम्मानित किया है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से कहा कि इस उपलब्धि के आप सभी समान भागी हैं अतः आप सब को बधाई।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बहुउद्देशीय सशक्तिकरण के लिए लंबे समय से कार्य कर रहे बुद्ध रिसर्च सेंटर के कन्वीनर, बीबीसी मैगजीन के पूर्व मुख्य संपादक एवं बहुजन समाज पार्टी जनपद बदायूं के पूर्व जिला अध्यक्ष बिसौली तहसील क्षेत्र के गांव सिसइया निवासी स्वर्गीय बृजलाल गौतम के सुपुत्र डा. क्रान्ति कुमार को पी.एच.डी. के बाद (आई.जी.यू) दिल्ली के द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस की पूर्व संध्या पर डी,लिट, मानद उपाधि एवं ग्लोबल आईकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस खबर से उनके शुभचिंतकों एवं अनुयाइयो में खुशी की लहर है। उन्हें सामाजिक धार्मिक राजनीतिक गणमान्य लोग इस उपलब्धि के लिए ढेर सारी बधाइयां दे रहे हैं।

# दातागंज में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से महिला की मौत

- चालक फरार, दातागंज बस स्टैंड के पास हुआ हादसा, सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर के बाद तोड़ा दम



**बदायूं।** दातागंज बस स्टैंड के पास तेज रफ्तार बाइक ने राहगीर महिला को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

जानकारी के मुताबिक, मोहल्ला अरेला निवासी शहनाज पत्नी मोहम्मद इलियास 35 साल अपने पति के साथ निजी वाहन से दातागंज से उसहैत थाना क्षेत्र के भद्रा गांव रिश्तेदारी में जा रही थीं। दातागंज बस स्टैंड के पास पहुंचते ही तेज गति से आ रही बाइक ने शहनाज को टक्कर मार दी। हादसे में शहनाज सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।

स्थानीय लोगों की मदद से घायल शहनाज को तुरंत दातागंज सीएचसी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद शहनाज को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली दातागंज पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर फरार बाइक सवार की तलाश कर रही है। 35 साल की शहनाज की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। मोहल्ले में मातम का माहौल है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वजीरगंज के अमरोली में निकली भव्य कलश यात्रा

- 1 जून से शुरू होगा आठवां बिशाल रुद्र महायज्ञ

**सैदपुर।** वजीरगंज विकासखंड क्षेत्र के गांव अमरोली स्थित शिव मंदिर शांतिकुंज आश्रम में आयोजित होने वाले आठवें रुद्र महायज्ञ के शुभारंभ से पूर्व रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और धार्मिक उत्साह का परिचय दिया। कलश यात्रा भोलानाथ मंदिर वजीरगंज से प्रारंभ हुई, जहां श्रद्धालुओं ने पवित्र जल भरकर नदवारी होते हुए अमरोली के लिए प्रस्थान किया। यात्रा पूरे गांव में भ्रमण करते हुए शांतिकुंज आश्रम पहुंची। श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित यह आठवां रुद्र महायज्ञ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। यज्ञाचार्य आचार्य नीलेश मिश्रा के निर्देशन में आचार्य ऋतिक मिश्रा, सुधांशु मिश्रा, आदेश अग्निहोत्री एवं सूर्य शर्मा द्वारा 1 जून से रुद्र महायज्ञ प्रारंभ कराया जाएगा। महायज्ञ का समापन 7 जून को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ होगा। आयोजन में मंदिर के महंत श्री श्री 108 महंत दिनेश भारती, श्री श्री 108 महंत अंबिकानंद जी तथा स्वर्गीय श्री श्री 1008 महंत सोम भारती महाराज की प्रेरणा एवं योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया।

इस अवसर पर कमेटी सदस्य मनोज ठेकेदार, संदीप प्रताप सिंह, रामवीर सिंह, अरुण कुमार सिंह, राकेश राणा, विवेक सिंह, ललित सिंह, आदित्य सिंह, पिंटू सिंह, रमन सिंह, प्रवेंद्र सिंह, उमेश सिंह, बोबी सिंह, अपूर्व सिंह, अर्पित सिंह, विनय सिंह, सुमित सिंह, दीपक सिंह, सचिन सिंह, अभय प्रताप सिंह, सनी सूर्यवंशी, प्रधान जजमान, अमित फौजी, राजीव सिंह, कमल कुमार, प्रमोद सिंह, भानु सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

# घरेलू विवाद में पति ने पत्नी पर धारदार हथियार से किया हमला, हालत गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव संग्रामपुर में शुक्रवार को घरेलू विवाद हिंसक हो गया। आरोप है कि पति ने पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

गांव संग्रामपुर निवासी जीनत पत्नी आजम खां ने बताया कि उसकी शादी करीब 15 वर्ष पूर्व आजम पुत्र अब्दुल नवी के साथ हुई थी। उनके पांच बच्चे हैं। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति अक्सर उसके साथ मारपीट करता रहता है।



जीनत के मुताबिक शुक्रवार को पति ने मकान निर्माण के लिए मायके से रुपये लाने का दबाव बनाया। जब उसने रुपये लाने से इंकार कर दिया तो इसी बात को लेकर सास शमीदा और उसके बीच कहासुनी होने लगी। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर पति आजम ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में उसके सिर में गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी।

महिला की चीख-पुकार सुनकर बच्चे और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग भी गांव पहुंच गए और घायल महिला को पुलिस के पास लेकर पहुंचे। पुलिस ने मजरूबी चिट्ठी देकर उसे सरकारी अस्पताल भेजा। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल बदायूं रेफर कर दिया। बाद में परिजन बेहतर इलाज के लिए महिला को चंदौसी के निजी अस्पताल ले गए।

ग्रामीणों के अनुसार आरोपी पति दिल्ली में रहकर काम करता है और नशे का आदी बताया जा रहा है। वहीं महिला दूध बेचने और सिलाई का कार्य कर किसी तरह अपने बच्चों का पालन-पोषण कर रही है।

कोतवाली प्रभारी बिसौली कमलेश मिश्रा ने बताया कि मामले में तहरीर मिल गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती धूमधाम से मनाई

**इस्लामनगर** । कस्बे में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई ,मोहल्ला काजीटोला में आयोजित कार्यक्रम में आगंतुकों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके बाद पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बिजेंद्र लीडर एवं दीपेंद्र कुमार नन्हे बाबू द्वारा मां अहिल्याबाई के चित्र की आरती उतार कर शोभायात्रा का प्रारंभ किया गया।

भाजपा नेता दीपेंद्र कुमार नन्हे बाबू ने कहा कि मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर में अपना शासन बड़ी कुशलता से किया। उन्होंने जनहित में पीने के पानी के लिए पियाऊ लगवाए अस्पताल व धर्मशाला का निर्माण कराया।

काशी में बाबा विश्वनाथ के मंदिर का पुनर्निर्माण का श्रेय भी उन्हीं को जाता है। इसके बाद शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। काजी टोला मोहल्ले से मैन बस स्टैंड चौराहा एवं मुख्य बाजार में शोभायात्रा निकाली गयी। इस मौके पर मुख्य अतिथि वीरेंद्र लीडर ,दीपक पाल, अरविंद पाल ,अर्जुन महेंद्र पाल ,सत्य प्रकाश , सत्येंद्र पाल, रवि पाल कमल, मोहित पाल ,सत्य प्रकाश , वेद प्रकाश पाल, राधे पाल ,सुरेंद्र पाल ,डॉ आशीष पाल, कमल , राजेश , रमेश आदि मौजूद रहे

# बकायेदारों की भूमि की कुर्क

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसवान।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा के ऋण का भुगतान न करने पर राजस्व विभाग की टीम द्वारा बकायेदारों की भूमि कुर्क कर ली गई। बैंक और तहसील प्रशासन की इस कार्रवाई से अन्य बड़े बकायेदारों में खलबली मची हुई है।

शाखा प्रबंधक गौरव सिंह बघेल ने बताया कि इन बकाएदारों को कई बार नोटिस भेजे गए थे। साथ ही बैंक कर्मियों द्वारा ऋण वसूली के लिए अन्य प्रयास भी किए गए थे, परंतु क़र्ज़दारों की ओर से ऋण जमा करने का कोई प्रयास नहीं किया गया। विभागीय प्रक्रिया पूरी करने के बाद शनिवार को तहसील प्रशासन की टीम बैंक कर्मियों के साथ ग्राम इब्राहिमपुर गढ़ी पहुंची। टीम ने बड़े बकायेदारों सुरेंद्र और मृतक रवेंद्र की भूमि पर कुर्की की कार्रवाई की। बकायेदारों के खेतों में लाल झंडी लगाने के साथ ही कुर्की का बोर्ड भी लगा दिया गया। इस मौके पर वरिष्ठ शाखा प्रबंधक गौरव सिंह बघेल, सहायक प्रबंधक कृष्ण मुरारी, रिकवरी एजेंट मिही लाल, बैंक मित्र राजेश कश्यप, गिरजेश, दरियाय सिंह, विक्रम सिंह, अमीन रवि कुमार मौजूद रहे।




कुर्की सूचना का बैनर दिखाते ग्रामीण बैंक के कर्मी। -जागरण मोर्चा

**गुस्सा** ठेकेदार महादेव बिल्डर से मानक के विपरीत कार्य करने का लगाया आरोप

# आज बनी सड़क, कल होगा उदघाटन, परसों उस पर लिखा जायेगा सावधान सड़क खस्ताहाल है





जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिल्सी।** क्षेत्र के ग्राम पिण्डोल में ईंट भट्ठा से बड़नौमी के लिए तीन दिन पहले बने लगभग एक किलोमीटर मार्ग उदघाटन से पहले ही उखाड़ने लगा।

भारतीय किसान यूनियन के युवा जिलाध्यक्ष अरशद खान व जिला उपाध्यक्ष इरशाद खाँ कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर जाकर सम्बंधित ठेकेदार महादेव बिल्डर से मानक के विपरीत कार्य करने का आरोप लगाया। ठेकेदार ने कम बजट का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ने का प्रयास किया। दोनों भाकियू नेताओं ने सड़क की गुडवत्ता को लेकर हुई झड़प को वीडियो में कैद कर लिया। ठेकेदार खुद को सत्ता पक्ष का नेता बता कर दोनों नेताओं पर दबाब बनाने का प्रयास करने लगा। जिससे भाकियू नेताओं ने आन्दोलन की चेतावनी दी है।

युवा जिलाध्यक्ष अरशद खान ने बताया तीन दिन पहले सड़क बनी है जो अभी से उखड़ रही है। ठेकेदार द्वारा सरकारी धन का पलीता लगाया गया है। हम ज़िला प्रशासन से माँग करते हैं 3 दिन के अंदर इस सड़क की गुडवत्ता की जाँच कराई जाए अन्यथा भाकियू चढ़ूनी ज़िला मुख्यालय पर आंदोलन करेगी।

इस मामले को लेकर ज़िला प्रभारी कृष्ण अवतार शाक्य ने कहा है कि ये सड़क लम्बे समय से ख़राब पड़ी थी। लम्बे समय से माँग करने पर सड़क निर्माण मंज़ूर हुआ लेकिन ठेकेदार की मनमानी से आम जन को कुछ दिनों में ही वही टूटी सड़क पर चलना होगा। प्रशासन तत्काल ठेकेदार के भुगतान पर रोक लगाए व ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करे। प्रशासन हमारी माँग को यदि नहीं मानता है तो संगठन के बैनर तले धरना शुरू किया जाएगा।

# 63 पर आरसीबी को दूसरा झटका, पडिक्कल आउट



**अहमदाबाद।** आज आईपीएल 2026 का कारवां अपने मुकाम पर पहुंचने जा रहा है। फाइनल मुकाबला गुजरात टाइटंस और गत विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच खेला जा रहा है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में जहां आरसीबी की नजरें खिताब का सफल बचाव करने पर हैं, वहीं गुजरात साल 2022 के बाद दूसरी बार आईपीएल ट्रॉफी जीतने के इरादे से उतरी है। आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है।

62 पर आरसीबी को पहला झटका मोहम्मद सिराज ने दिया। उन्होंने रबाडा के हाथों वेंकटेश अय्यर को कैच कराया। वह 16 गेंदों में चार चौके और दो छक्के की मदद से 32 रन बनाकर आउट हुए। अब विराट कोहली का साथ देने देवदत्त पडिक्कल आए हैं।

विराट कोहली और वेंकटेश अय्यर ने आरसीबी को गुजरात के खिलाफ तेज शुरुआत दिलाई है। दोनों क्रमशः 28 और 26 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। चार ओवर के बाद स्कोर 55/0 है।

आरसीबी की पारी शुरू हो चुकी है। विराट कोहली और वेंकटेश अय्यर क्रीज पर मौजूद हैं। दोनों टीम को अच्छी शुरुआत दिलाना चाहेंगे। आईपीएल का समापन समारोह अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जारी है। मशहूर संगीतकार और गायक कैलाश खेर परफॉर्म कर रहे हैं। गुजरात ने आरसीबी को 156 रनों का लक्ष्य दिया है। रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जा रहे फाइनल मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 155 रन बनाए। उनके लिए वाशिंगटन सुंदर ने 37 गेंदों में 50 रनों की नाबाद पारी खेली। वहीं, आरसीबी के लिए रसिख सलाम ने तीन विकेट लिए जबकि भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड ने दो-दो विकेट झटके। इसके अलावा एक विकेट क्रुणाल पांड्या के नाम रहा। गुजरात को आठवां झटका रसिख सलाम ने दिया। उन्होंने शेफर्ड के हाथों राशिद खान को कैच कराया। वह सिर्फ सात रन बना सके। अब सुंदर का साथ देने कगिसो रबाडा आए हैं। गुजरात को सातवां झटका भुवनेश्वर कुमार ने दिया। उन्होंने जेसन होल्डर को हेजलवुड के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ सात रन बना पाए। अब सुंदर का साथ देने राशिद खान आए हैं। गुजरात टाइटंस को 17वें ओवर में 115 के स्कोर पर छठा झटका लगा। रसिख सलाम ने राहुल तेवतिया को रजत पाटीदार के हाथों कैच कराया। तेवतिया सात रन बना सके। फिलहाल जेसन होल्डर और वॉशिंगटन सुंदर क्रीज पर हैं। 15 ओवर का खेल पूरा हो चुका है और आरसीबी ने पांच विकेट पर 105 रन बनाए हैं। फिलहाल वाशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया क्रीज पर मौजूद हैं। आरसीबी के गेंदबाज शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। गुजरात को पांचवां झटका जोश हेजलवुड ने दिया। उन्होंने रसिख सलाम के हाथों अरशद खान को कैच कराया। वह छह गेंदों में दो छक्के की मदद से 15 रन बनाकर आउट हुए। अब वाशिंगटन सुंदर का साथ देने राहुल तेवतिया आए हैं। गुजरात को पांचवां झटका जोश हेजलवुड ने दिया।

## फाइनल में लगा ग्लैमर का तड़का, अनुष्का-मृणाल और पूजा हेगड़े ने बढ़ाया अहमदाबाद का पारा



**अहमदाबाद।** आईपीएल 2026 के फाइनल मुकाबले में क्रिकेट के रोमांच के साथ-साथ ग्लैमर का भी जबरदस्त तड़का देखने को मिला। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले के दौरान बॉलीवुड और मनोरंजन जगत की कई चर्चित हस्तियां मौजूद रहीं।

अभिनेत्री अनुष्का शर्मा, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े की मौजूदगी ने स्टेडियम का माहौल और भी खास बना दिया। स्टेडियम में मौजूद दर्शकों की निगाहें एक ओर मैदान पर चल रहे रोमांचक मुकाबले पर थीं, तो दूसरी ओर सेलिब्रिटीज की झलक पाने के लिए भी उत्साह देखने को मिला। कैमरों ने जैसे ही इन सितारों को स्क्रीन पर दिखाया, दर्शकों ने जोरदार प्रतिक्रिया दी। फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जो टीम के लिए सही साबित हुआ। नरेंद्र मोदी स्टेडियम की बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाने वाली पिच पर गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आए। गुजरात की ओर से केवल वाशिंगटन सुंदर ही प्रभाव छोड़ सके। उन्होंने मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए टीम के लिए महत्वपूर्ण पारी खेली। हालांकि अन्य बल्लेबाज बड़ी साझेदारी करने में नाकाम रहे, जिसके चलते टीम बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी। आरसीबी के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए गुजरात टाइटंस को 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 155 रन के स्कोर पर रोक दिया। गुजरात की टीम पूरे मैच के दौरान दबाव में दिखाई दी और आरसीबी के गेंदबाजों ने लगातार विकेट निकालकर विपक्षी बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। अब सभी की निगाहें आरसीबी की बल्लेबाजी पर टिकी थीं कि क्या टीम इस लक्ष्य को हासिल कर आईपीएल 2026 का खिताब अपने नाम कर पाएगी।

## आरसीबी और गुजरात के बीच खिताबी मुकाबला देखने पहुंचे जय शाह, गांगुली-सैकिया भी मैदान पर मौजूद




**अहमदाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस के बीच आईपीएल 2026 का खिताबी मुकाबला खेला जा रहा है। ये मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हो रहा है। इस मैच को देखने के लिए स्टेडियम में दिग्गजों का तांता लगा और आईसीसी अध्यक्ष जय शाह के अलावा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के शीर्ष अधिकारी भी अहमदाबाद में मौजूद हैं।

फाइनल मुकाबले में गत विजेता आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। कप्तान रजत पाटीदार ने बताया कि उन्होंने प्लेइंग 11 में कोई बदलाव नहीं किया है। वहीं, गुजरात के खेमे में अरशद खान की वापसी हुई है। उन्हें साई किशोर की जगह प्लेइंग-11 में मौका मिला है।

आईपीएल 2026 के फाइनल मुकाबले के लिए जय शाह, बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया, बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सौरव गांगुली स्टेडियम में मौजूद हैं। वहीं, आरसीबी टीम की मालकिन अन्नया बिरला भी टीम का समर्थन करने पहुंची हैं। इसके अलावा गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, अनुराग ठाकुर और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पत्नी भी स्टेडियम में मौजूद हैं। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आरसीबी को चियर करने बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री और विराट कोहली की पत्नी अनुष्का शर्मा भी पहुंचीं।

# पहली बार किसी सीजन में तीन बल्लेबाजों ने बनाए 700+ रन




**नई दिल्ली।** आईपीएल के मौजूदा सीजन में भी बल्लेबाजों का दम दिखा और पहली बार किसी सीजन में तीन बल्लेबाजों ने 700 से अधिक रन बनाए। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज साई सुदर्शन के अलावा राजस्थान रॉयल्स के विस्टफोटक सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का बल्ला जमकर चला। ये तीनों ऑरेंज कैप की दौड़ में शामिल थे, लेकिन वैभव ने गिल और सुदर्शन को पीछे छोडकर ऑरेंज कैप अपने नाम की।

कप्तान शुभमन गिल की कप्तानी पारी और साई सुदर्शन के साथ पहले विकेट के लिए की गई साझेदारी के दम पर ही गुजरात टाइटंस ने क्वालिफायर-2 मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए गिल और सुदर्शन ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी कर गुजरात के जीत की नींव रखी थी। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 167 रनों की साझेदारी की थी जो आईपीएल के प्लेऑफ में किसी भी विकेट के लिए की गई सबसे बड़ी साझेदारी है। गिल और सुदर्शन ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के माइकल हसी और मुरली विजय के 15 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। हसी और विजय ने 2011 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ फाइनल में 159 रनों की साझेदारी की थी। वैभव की टीम राजस्थान रॉयल्स का सफर आईपीएल 2026 में क्वालिफायर-2 में हार के साथ ही खत्म हो गया था। ऑरेंज कैप की दौड़ में वैभव सभी से आगे निकल गए। फाइनल मैच तक शुभमन गिल और साई सुदर्शन भी रेस में बने हुए थे, लेकिन ये दोनों बल्लेबाज सस्ते में आउट हुए और रेस में पिछड़ गए।

गिल-सुदर्शन और वैभव के बीच अच्छा फासला रहा जिससे 15 साल के वैभव ऑरेंज कैप की रेस में सभी से आगे निकल गए।

ऐसा पहली बार हुआ है जब आईपीएल के किसी सीजन में एक ही टीम के दो बल्लेबाजों ने 700 से अधिक रन बनाए हैं। गुजरात टाइटंस के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज गिल और सुदर्शन ने इस सीजन यह कीर्तिमान बनाया है। गिल और सुदर्शन दोनों ने इस सीजन एक-एक शतक लगाए और ये मौजूदा सीजन में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, गिल पहले कप्तान हैं जिन्होंने आईपीएल के प्लेऑफ में शतक लगाया है। गिल ने राजस्थान के खिलाफ क्वालिफायर-2 में सैकड़ा जड़ा था जो उनके आईपीए करियर का पांचवां शतक था।

वैभव ने इस सीजन 16 मैचों में 237.30 के स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए जिसमें एक शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं। दूसरे नंबर पर गिल रहे जिन्होंने 16 मैचों में 163.02 के स्ट्राइक रेट से 732 रन बनाए। गिल के बल्ले से इस सीजन एक शतक और छह अर्धशतक निकले हैं। वहीं, साई सुदर्शन ने 17 मैचों में 157.98 के स्ट्राइक रेट से 722 रन बनाए। वैभव के निकटतम प्रतिद्वंद्वी गिल थे। गिल और वैभव में 54 रन का फासला था। अगर गिल फाइनल में 55 रन बना लेते तो वह वैभव को पीछे छोड़ देते और ऑरेंज कैप की दौड़ में आगे हो जाते, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

## 'पश्चिम एशिया संकट नहीं, निजी निवेश की कमी'; भारतीय अर्थव्यवस्था पर और क्या बोले सुरजीत भल्ला?

**कोलकाता।** अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला ने कहा है कि भारत की आर्थिक सुस्ती की असली वजह पश्चिम एशिया संकट नहीं, बल्कि निजी निवेश की कमी है। उनके मुताबिक सरकार के खर्च से अर्थव्यवस्था को सहारा मिला, लेकिन निजी निवेश कमजोर बना रहा। भल्ला ने विदेशी निवेशकों के लिए आसान नीतियां बनाने, टैक्स कम करने और निर्यात आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की जरूरत बताई है। भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर मशहूर अर्थशास्त्री और लेखक सुरजीत भल्ला ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक रफ्तार धीमी होने की असली वजह पश्चिम एशिया का संकट नहीं, बल्कि देश में निजी निवेश की कमजोरी है। भल्ला के मुताबिक कुछ महीने पहले भारत की मजबूत जीडीपी ग्रोथ ने यह तस्वीर बनाई कि अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है, लेकिन असल समस्या निजी क्षेत्र के निवेश में गिरावट थी। सुरजीत भल्ला ने कहा कि छह से आठ महीने पहले भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर काफी सकारात्मक माहौल था।

# वैभव सूर्यवंशी के नाम रही ऑरेंज कैप: गिल और सुदर्शन रह गए पीछे




**अहमदाबाद।** आईपीएल 2026 का सीजन अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। इस सीजन खूब रन बरसे और कई बल्लेबाजों ने सुर्खियां बटोरी। सबसे ज्यादा अगर किसी चेहरे पर ध्यान केंद्रित रहा तो वह राजस्थान रॉयल्स के युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी रहे। 15 साल की उम्र में वैभव ने अपने खेल से दुनियाभर के दिग्गज खिलाड़ियों को प्रभावित किया है और यह बहस भी छेड़ दी है कि क्या इस बल्लेबाज को राष्ट्रीय टीम में डेब्यू का मौका मिलना चाहिए? वैभव ने इस सीजन दमदार प्रदर्शन किया और वह टूर्नामेंट के इस सीजन में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे हैं।

वैभव की टीम राजस्थान रॉयल्स का सफर आईपीएल 2026 में क्वालिफायर-2 में हार के साथ ही खत्म हो गया था। ऑरेंज कैप की दौड़ में वैभव सबसे आगे रहे। फाइनल से पहले गुजरात के कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन दौड़ में बने गुए थे, लेकिन खिताबी मुकाबले में दोनों ही बल्लेबाज सस्ते में आउट हुए और वैभव को इस दौड़ में पीछे नहीं छोड़ सके। 15 साल के वैभव ने इस सीजन दमदार बल्लेबाजी की और उनके आंकड़े तक कोई बल्लेबाज नहीं पहुंच सका।

आईपीएल में हर सीजन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज को ऑरेंज कैप दी जाती है। यह सिर्फ एक पुरस्कार नहीं बल्कि पूरे सीजन में बल्लेबाज की निरंतरता और दबदबे का प्रतीक है। 2008 से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में अब तक कई दिग्गज बल्लेबाजों ने इस कैप को अपने नाम किया है। खास बात यह है कि 19 सीजन में 15 अलग-अलग खिलाड़ी ऑरेंज कैप जीत चुके हैं, जो इस प्रतियोगिता की प्रतिस्पर्धा को दिखाता है। इस लिस्ट में वैभव का नाम भी जुड़ गया है।

अगर सबसे ज्यादा बार ऑरेंज कैप जीतने की बात करें तो डेविड वॉर्नर सबसे आगे हैं। उन्होंने तीन बार यह खिताब अपने नाम किया है (2015, 2017, 2019)। वहीं क्रिस गेल ने दो बार और विराट कोहली ने भी दो बार ऑरेंज कैप जीती है। कोहली का 2016 सीजन (973 रन) आज भी आईपीएल इतिहास का सबसे बेहतरीन बल्लेबाजी प्रदर्शन माना जाता है। मौजूदा सीजन में तीन बल्लेबाजों ने 700 से अधिक रन बनाए। वैभव के अलावा गिल और सुदर्शन भी 700 से ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल रहे। मुख्य रूप से यही तीन बल्लेबाज ऑरेंज कैप की दौड़ में शामिल थे। वैभव ने इस सीजन 16 मैचों में 237.30 के स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए जिसमें एक शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं। दूसरे नंबर पर गिल हैं जिन्होंने 16 मैचों में 163.02 के स्ट्राइक रेट से 732 रन बनाए हैं। गिल के बल्ले से इस सीजन एक शतक और छह अर्धशतक निकले हैं। वहीं, साई सुदर्शन ने 17 मैचों में 157.98 के स्ट्राइक रेट से 722 रन बनाए।

## एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप: महिलाओं की 4x400 मीटर रिले टीम ने जीता गोल्ड



**हांगकांग।** भारत ने 22वीं एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के आखिरी दिन तीन गोल्ड मेडल जीते। इसमें महिलाओं की 4x400 मीटर रिले में एक मीट रिकॉर्ड भी शामिल रहा। चीन 25 मेडल के साथ सबसे आगे रहा, जिसमें 14 गोल्ड शामिल थे। भारतीय टीम ने चैंपियनशिप में कुल 19 मेडल जीते। इनमें 10 गोल्ड, पांच सिल्वर और चार ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। जापान कुल 18 मेडल के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

आखिरी दिन का सबसे खास पल महिलाओं की 4x400 मीटर रिले में आया, जहां नीरू पाठक, भूमिका संजय नेहते, तहूरा खातून और सेहनूर बावा ने 3:38.07 सेकेंड का नया चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। भारत ने पुरुषों की 4x400 मीटर रिले में भी शानदार प्रदर्शन किया, जहां पीयूष राज, सैयद सबीर, रंजीत कुमार एस और मोहम्मद अशफाक ने 3:05.54 सेकेंड का समय निकालकर ब्रॉन्ज मेडल जीता।




## महंगाई और वैश्विक संकट का असर? आरबीआई ने जून में रेपो रेट यथावत रखने के दिए संकेत



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति कमेटी (आरबीआई-एमपीसी) 3-5 जून के बीच होने वाली अपनी तीन दिवसीय बैठक में रेपो रेट को यथावत रख सकती है। इसकी वजह वैश्विक स्तर पर अस्थिरता और इसका महंगाई और आर्थिक वृद्धि पर असर होना है।

बाजार के जानकारों और अर्थशास्त्रियों का मानना है कि जून एमपीसी में केंद्रीय बैंक अपना सतर्क रुख बनाए रखेगा और पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रमों और कमोडिटी की कीमतों, आपूर्ति श्रृंखलाओं और वित्तीय बाजारों पर उनके प्रभावों पर बारीकी से नजर रखेगा, उसके बाद ही कोई नीतिगत कदम उठाएगा।

तीन दिवसीय एमपीसी बैठक के फैसले का ऐलान आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा 5 जून को करेंगे। समिति ने अप्रैल में हुई अपनी पिछली बैठक में भी दरों में कोई बदलाव नहीं किया था, जिसका कारण भू-राजनीतिक तनावों से उत्पन्न अनिश्चितताएं और मुद्रास्फीति एवं विकास संभावनाओं पर उनके संभावित प्रभाव थे। हालांकि, ब्याज दरों में यथास्थिति बने रहने की संभावना सबसे अधिक है, लेकिन कुछ अर्थशास्त्रियों का मानना है कि केंद्रीय बैंक अपने व्यापक आर्थिक अनुमानों में संशोधन कर सकता है।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।